आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.57
सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी 05:01 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 8 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 349, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये





■ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता - 12





■ इलेक्ट्रॉनिक्स आई पी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : अश्विनी वैष्णव - 12





■ ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका - 13





■ डेविस कप क्वालीफायर में सुमित नागल पहले एकल मुकाबले में हारे - 14


# अमेरिका से व्यापार समझौता पूरा, भारत के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुला

## ट्रंप ने रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी हटाया, अब सिर्फ 18 फीसदी शुल्क

- भारत अगले 5 साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद विमान और कलपुर्जे आदि खरीदेगा

नई दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता शनिवार को पूरी हो गई। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाएंगे। वहीं, रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी अमेरिका ने हटा दिया है। अब भारतीय वस्तुओं पर मौजूदा शुल्क 50% से घटकर 18 प्रतिशत रह जाएगा।

समझौते के तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रूसी तेल की खरीद पर पिछले वर्ष अगस्त में भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को हटा दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। इसका कारण भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क पहले के 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। यह पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क के अलावा था। इस वजह से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था। इससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ था, क्योंकि अमेरिका उनका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। शुल्क में कमी से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जेनेरिक दवाइयों, रत्नों और हीरों, तथा विमान के कल-पुर्जों सहित कई प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा।




नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल।

### मेक इन इंडिया को मिलगी मजबूती : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करेगा तथा महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। मोदी ने कहा, भारत-अमेरिका के लिए बहुत अच्छी खबर। यह रूपरेखा भारत-अमेरिका साझेदारी की बढ़ती गहराई, भरोसे और गतिशीलता को दिखाता है।

### इन चीजों पर नहीं लगेगा कोई टैरिफ

चाय, मसाले, कॉफी, नारियल तेल, कोपरा, और वनस्पति मोम जैसे उत्पादों पर अमेरिका में कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा, केले, आम, अमरूद, एवोकाडो, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम, जड़ वाली सब्जियां, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल, खसखस और खट्टे फलों के रस जैसे कई फल, सब्जियां और कृषि उत्पाद भी बिना किसी शुल्क के अमेरिकी बाजार में पहुंचेंगे। भारत से करीब 13 अरब डॉलर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में शून्य-शुल्क लगेगा। रत्न और आभूषण निर्यात को भी शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, साथ ही कई अन्य उच्च-मूल्य वाले उत्पाद भी इसमें शामिल हैं।

### भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

अमेरिका 2021-25 के दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। 2024-25 में, द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) तक पहुंच गया। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 2024-25 में 41 अरब डॉलर था।

# अमेरिका ने नक्शा जारी कर पीओके और अक्साई चिन को बताया भारत का हिस्सा

वाशिंगटन, एजेंसी

- व्यापार समझौते के बाद भारतीय मानचित्र को किया शेयर

भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इसके साथ ही अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने भारतीय मानचित्र शेयर किया। जिसमें पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या ''डॉटेड लाइन्स'' से दिखाया जाता है। इस बार ट्रंप प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है।

इसे पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर ट्रंप की खुशामद में लगे हुए हैं। यहां तक कि शहबाज सरकार ने ट्रंप के गाजा पीस बोर्ड में भी शामिल होने का फैसला कर लिया, जिसका पाकिस्तान में ही विरोध हो रहा है।

### भारत लंबे समय से बता रहा अपना अंग

भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख (जिसमें अक्साई चिन शामिल है) और अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग हैं। पाकिस्तान ने 2020 में अपना नया राजनीतिक नक्शा जारी किया था, जिसमें पीओके, लद्दाख के कुछ हिस्से, जूनागढ़, मनावदार और सर क्रीक को अपना बताया था। भारत ने इसे 'राजनीतिक मूर्खता' करार देते हुए खारिज कर दिया था। अब यूएसटीआर का नक्शा पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह नकारता है। वहीं, चीन की तरफ से भी यही स्थिति है। अगस्त 2023 में चीन ने अपना 'स्टैंडर्ड मैप' जारी किया था, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को 'दक्षिण तिब्बत' और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया गया था।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, प्यार का उत्सव वेलेंटाइन डे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


## ब्रीफ न्यूज

### ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत 2500 से अधिक ठगों पर की गई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत खुफिया जानकारी के आधार पर कई राज्यों में साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है, जिसमें 2,563 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 627 करोड़ रुपये से अधिक के धोखाधड़ी मामलों को आपस में जोड़ा गया है। दिल्ली तथा असम, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा और केरल समेत 10 से अधिक राज्यों में समन्वित ढंग से अभियान चलाया गया जिसमें 5,000 से अधिक पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

# चम्पावत को आधुनिक शहरी सुविधाओं के मानचित्र पर मिलेगी नई पहचान : धामी

संवाददाता, टनकपुर (चम्पावत)

- टनकपुर में विकास की नई धारा मुख्यमंत्री ने रखी 300 करोड़ रुपये की योजनाओं की आधारशिला
- बोले- शारदा रिवर फ्रंट से बदलेगी चम्पावत की तस्वीर टनकपुर को मिलेगी नई पहचान

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को चम्पावत जिले के समग्र विकास के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। यह विकास योजनाएं 300 करोड़ रुपये से भी अधिक की हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शारदा रिवर फ्रंट (शारदा कॉरिडोर) परियोजना चम्पावत को पर्यटन, आस्था तथा आधुनिक शहरी सुविधाओं के मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से शिक्षा, सड़क, पर्यटन, आपदा प्रबंधन, शहरी विकास तथा आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इससे सीमांत क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा युवाओं, किसानों, विद्यार्थियों और पर्यटकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विकास और सांस्कृतिक विरासत के संतुलन से ही उत्तराखण्ड की पहचान मजबूत होगी और चम्पावत आने वाले समय में एक आदर्श, सशक्त एवं आत्मनिर्भर जनपद के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से जनभागीदारी, सांस्कृतिक संरक्षण और विकास के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया।



उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### इन विकास योजनाओं को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यासित प्रमुख कार्यों में जिला चम्पावत के अंतर्गत शारदा घाट पुनर्विकास (प्रथम चरण) कार्य 10,735 लाख रु., सिटी ड्रेनेज प्लान (प्रथम चरण) 6,649 लाख रु., नायर-खेरा क्षेत्र में डिजास्टर रेजिलिएन्स के लिए इकोलॉजिकल कॉरिडोर विकास 8,523 लाख रु., टनकपुर स्थित ग्राम पंचायत बस्तिया में टनकपुर-अस्कोट सीसी मार्ग पुनर्निर्माण 115 लाख रु., चम्पावत-खेतीखान मोटर मार्ग (एसएच-64) के अंतर्गत सुयालखर्क-पुनावे मिलान मार्ग का सुधारीकरण 320 लाख रु., मां पूर्णागिरि घाटी (चूका क्षेत्र) में हेलीपैड निर्माण 187 लाख रु., विकासखंड पाटी में धूनाघाट-बसौट मोटर मार्ग नवनिर्माण 83 लाख रु., लोहाघाट में कामज्यूला-भनार-रैघाड़ी मोटर मार्ग सुधारीकरण 666.84 लाख रु., पाटी विकासखंड अंतर्गत सांगो-घिंघारूकोट-बांस बसवाड़ी मोटर मार्ग पुनर्निर्माण 89.36 लाख रु., टनकपुर के ग्राम बेलखेत में कवेराला नदी से बाढ़ सुरक्षा कार्य 125.96 लाख रु., तहसील पूर्णागिरि के ग्राम बमनपुरी में हुड्डी नदी से हो रहे भू-कटाव की रोकथाम के लिए सुरक्षा कार्य 154.63 लाख रु., स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट में परीक्षा हॉल निर्माण 672.11 लाख रु., सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर में केंद्रीय पुस्तकालय, चहारदीवारी एवं मिनी स्टेडियम निर्माण 2,045.78 लाख रु., कस्तूरबा गांधी छात्रावास टनकपुर का विस्तारीकरण 384.50 लाख रु. और जिला कमांडेंट होमगाड्र्स कार्यालय के अनावासीय भवन का निर्माण 224.71 लाख रु. शामिल हैं।

## मलेशिया पहुंचे पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मलेशिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे, यहां उनकी अगवानी समकक्ष अनवर इब्राहिम ने की। मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारतीय मूल के 30 लाख लोग रहते हैं, जो विश्व में भारतीय मूल के लोगों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है। (खबर देश विदेश पेज पर)

### मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने 6 यात्रियों को रौंदा

- बस से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे यात्री सभी के चेहरे कुचले, स्वेटर से पहचान

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कंटेनर ट्रक के बस से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो बजकर 45 मिनट पर हुई। नोएडा से कानपुर जा रही एक बस को बीच में एक यात्री के शौचालय जाने के कारण रोका गया था। तभी एक कंटेनर ने बस को बगल से टक्कर मार दी, जिससे बस से उतरकर सड़क पर खड़े छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे में यात्रियों के चेहरे कुचल जाने से उनकी पहचान स्वेटर से की गई।

### केरल में प्याज के ट्रक से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

- 245 बक्से बरामद, जिलेटिन की 10,500 छड़ें और डेटोनेटर मिले

**मलप्पुरम।** केरल में मलप्पुरम के समीप चेम्माड में शनिवार को प्याज लदे एक ट्रक से जिलेटिन की 10,500 से अधिक छड़ें व डेटोनेटर जब्त किए गए। इस सिलसिले में पुलिस ने ट्रक की मालकिन को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार, ईंट के भट्ठे के पास खड़े इस ट्रक से लगभग 245 बक्से बरामद किए गए जिनमें जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और तार रखे थे। तिरुरंगडी थाने के अधिकारियों ने बताया कि प्याज से लदा यह ट्रक शुक्रवार देर रात ईंट के भट्ठे पर पहुंचा था।

एक गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद ट्रक से सामान उतार रहे लोग भाग गए। हिरासत में ली गई महिला पत्थर की एक खदान भी चलाती है।

# बच्चे से योगी बोले- हम भी तेरे दादा ही लगते हैं

संवाददाता, यमकेश्वर

- उत्तराखंड के पैतृक गांव पंचूर में बच्चों के बीच उमड़ा 'महाराज' का बालप्रेम
- सीएम ने सुबह गांव में बड़े-बुजुर्गों से हालचाल पूछा, बच्चों को किया दुलार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान योगी का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। एक बच्चे से बातचीत में बोले कि 'हम भी तेरे दादा ही लगते हैं'।

योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की। इस दौरान, गांव के लोगों ने योगी के साथ सेल्फी भी ली। वे शनिवार को अपने परिजनों से भी मिले। योगी की विनम्रता, सरलता व सहजता देखकर स्थानीय लोग भी भाव-विभोर हो गए।



उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिलांतर्गत यमकेश्वर तहसील स्थित अपने गांव पंचुर में बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

**बदलाव** | पर्यटक पूरे साल बर्ड वाचिंग के लिए पहुंच रहे नैनीताल, पंगोट और विनायक क्षेत्र को नयना देवी हिमालयन बर्ड कंजरवेशन किया घोषित

# बर्ड वाचिंग में भी वर्ड मैप पर पहचान बना रहा नैनीताल

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार:** पर्यटन के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बना चुका नैनीताल अब 'बर्ड वाचिंग' के क्षेत्र में भी 'वर्ड मैप' विश्व में अपनी पहचान बना रहा हैं। ऐसे में वन विभाग ने नैनीताल के पंगोट, विनायक क्षेत्र को नयना देवी हिमालयन बर्ड कंजरवेशन घोषित कर रखा है। इसके बाद से देश विदेश से पक्षी प्रेमी यहां आ कर पक्षियों का दीदार कर रहे हैं।

दिलचस्प इतिहास यह है कि आजादी से पूर्व प्रसिद्ध अंग्रेज शिकारी व पर्यावरणविद् जिम कार्बेट ने नैनीताल के किलबरी-पंगोट-विनायक क्षेत्र में पक्षियों की विविध आकर्षक प्रजातियां देखीं थीं। इसके बाद जिम कार्बेट ने ही इस क्षेत्र को पक्षी संरक्षित क्षेत्र घोषित करके इसे विकसित करने की मांग सबसे पहले उठाई। वक्त गुजरने के साथ नैनीताल वन प्रभाग ने पंगोट किलबारी क्षेत्र को नयना देवी हिमालयन बर्ड वाचिग संेचुरी घोषित कर दिया। इसी के बाद से लगातार क्षेत्र में देश-दुनिया के बर्ड-लवर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। नैनीताल में स्थापित नयना देवी हिमालयन बर्ड वाचिग संेचुरी उत्तराखंड की चौथी और सबसे बडी बर्ड वाचिग सेन्चुरी है। यहां पक्षियों को देखने के साथ ही उन पर शोध व अनुसंधान भी हो रहे हैं।

क्षेत्रीय बर्ड वाचर अमित का मानना हैं कि नैनीताल में बढ़ रही बर्ड वाचिंग की संभावना से स्थानीय युवाओं को आर्थिक व रोजगार का फायदा होने के साथ साथ वन संरक्षण व पर्यटन गतिविधियों से अपनी आर्थिकी और मजबूत कर सकेंगे। साथ ही बर्ड वाचिंग, ट्रेकिंग, नेचर ट्रेल की संख्या भी बढ़ेगी।





1876 में अंतिम बार विलुप्त हो चुके पक्षी प्रजाति हिमालयी काला तीतर (हिमालयन क्वेल) को भी यहां देखा गया था।
-पद्मश्री अनूप शाह, मशहूर फोटोग्राफर

### यहां 700 से अधिक पक्षियों की प्रजाति है मौजूद

नैनीताल के किलबरी व पंगोट क्षेत्र की अपनी शीतोष्ण जलवायु है। कोसी घाटी से लेकर नैना रेंज के ऊंचे पहाड़ों तक विस्तृत ऊंचाई के फैलाव के कारण इस जलवायु में पाई जाने वाली चिड़ियों, वन्य जीवों व जैव विविधता की उपलब्धता के लिहाज से उत्तर भारत में अलग पहचान हैं। नैनीताल के निकटवर्ती होने की वजह से भी दुनिया की जानी-मानी बर्ड वाचिंग साइट्स में इसका नाम है।

### आकर्षक और दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियों में रेड हैडेड वल्चर

आकर्षक और दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियों में रेड हैडेड वल्चर, ग्रेड स्पॉटेड ईगल, ईस्टर्न इम्प्रिल ईगल, ग्रे क्राउन प्रिरीनिया, ब्लेक क्रिस्टेड टिट, ग्रीन क्राउन वाबलर व विस्टलर वार्बलर, ब्लेक लोर्ड टिट, एशियन पैराडाइज फ्लाई कैचर, अल्ट्रामैरीन फ्लाई कैचर, वर्डिटर फ्लाई कैचर, लॉन्ग टेल्ड मिनीविट, व्हाइट कैप्ड रेडस्टार्ट, ओरिएंटल व्हाइट आई, हिमालयन वुडपीकर व रसेट स्पैरो आदि पक्षी हैं। ये अन्य जगह देखने को कम मिलते हैं।

स्टेट ब्रीफ

### उत्तराखंड में फिल्म 'गोदान' टैक्स फ्री हुई

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसान परंपरा, ग्रामीण जीवन और गोवंश के महत्व पर आधारित फिल्म ''गोदान'' को शनिवार को प्रदेश में कर मुक्त करने की घोषणा की है। यह फिल्म छह फरवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय केवल धर्म और आस्था का विषय नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, समाज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। प्रदेश सरकार गोवंश संरक्षण को लेकर निरंतर कार्य कर रही है जिसके तहत बेसहारा और निराश्रित गोवंश की बेहतर देखभाल के लिए गोसदनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसका शासनादेश भी जारी हुआ।

### ट्रक ने महिला को कुचला, मौत

**देहरादून:** राजधानी के शिमला बाईपास चौक पर शनिवार को सड़क पार करते एक महिला को ट्रक ने कुचल दिया। आरोपी चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। आईएसबीटी चौकी पुलिस के अनुसार, शव की पहचान मुर्शिदुल निशा (55) पत्नी मोहम्मद कमर निवासी बंसल होम शिमला बाईपास पटेलनगर देहरादून के रूप में हुई। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### 10 हजार का इनामी सागर गिरफ्तार

**देहरादून:** कार का पीछा कर जान से मारने की नीयत से फायर करने के मामले में फरार चल रहे 10 हजार के इनामी सागर निवासी लक्सर हरिद्वार को सिटी कोतवाली और एसओजी की संयुक्त टीम ने हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना 14 सितंबर 2025 की थी। पुलिस ने इस घटना में शामिल तीन आरोपियों, यश ठाकुर, देवराज तथा प्रिंस ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया था जबकि सागर फरार चल रहा था।

### नैनीताल के आंतरिक मार्गों पर नशेड़ियों का कब्जा, सुरक्षा की मांग

**नैनीताल:** नैनीताल के आंतरिक मार्गों में नशेड़ियों की अराजकता लगातार बढ़ रही है, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं। आयारपाटा क्षेत्र के सभासद मनोज साह जगाती ने बताया कि मल्लीताल कॉलेज रोड, आयारपाटा रोड, मेट्रोपोल क्षेत्र और अंडा मार्केट क्षेत्र में रोजाना नशेड़ी दिखाई देते हैं, जो राहगीरों को भी परेशान करते हैं। उन्होंने कहा कि नशेड़ियों के कारण महिलाओं और बच्चियों के लिए शाम के समय बाजार आना-जाना मुश्किल हो गया है। एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि क्षेत्र में रोजाना गश्त कराई जा रही है।

## मानसिक आदत का बनना रातों-रात नहीं होता और न ही उसका समाधान जल्दबाजी में संभव, संयम बरतना आवश्यक

# लाइक बन रही लत, फोन छीन लेना, डांटना या धमकाना उपाय नहीं

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया आज युवाओं और बच्चों की दुनिया का अहम हिस्सा बन चुका है। लेकिन यह दुनिया जितनी रंगीन दिखती है, उतनी ही खतरनाक भी साबित हो रही है। मोबाइल की स्क्रीन पर मिलने वाले लाइक, कमेंट और व्यू धीरे-धीरे मानसिक संतुष्टि का साधन बन जाते हैं- और यही संतुष्टि कब आदत, फिर लत में बदल जाती है, इसका अहसास अक्सर परिवार को तब होता है जब स्थिति हाथ से निकल चुकी होती है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर डॉ. ममता बगड़वाल बताती हैं कि किसी भी मानसिक आदत का बनना रातों-रात नहीं होता, और न ही उसका समाधान जल्दबाजी में संभव है। जैसे ब्लड प्रेशर या शुगर शरीर की बीमारियां हैं, वैसे ही मानसिक अस्थिरता भी एक स्थिति है। इसके अलग-अलग स्तर होते हैं, जो हमारे सामाजिक और शारीरिक तालमेल को बिगाड़ देते हैं। वह कहती हैं कि समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब अभिभावक लंबे समय से पनप रही इस आदत को अचानक बलपूर्वक रोकने की कोशिश करते हैं- फोन छीन लेना, डांटना या धमकाना। यह मस्तिष्क और शरीर के बीच एक हिंसक संघर्ष पैदा करता है, जो कई बार आत्मघाती विचारों तक ले जा सकता है।

दरअसल, ऐसे मामलों में अक्सर परिवार की पहली प्रतिक्रिया डांट-फटकार या मोबाइल छीनने की होती है, लेकिन इस केस में मनोवैज्ञानिक सहयोग ने उसकी जान बचाई। उसे डराने के बजाय यह भरोसा दिलाया गया कि वह सुरक्षित है। गोपनीयता और सुरक्षा के संतुलन के साथ परिवार को भी शामिल किया गया, ताकि घर पर एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम बन सके।

संदेश साफ है कि सोशल मीडिया या ऑनलाइन गेमिंग की लत से निकलना असंभव नहीं, बशर्ते प्रक्रिया क्रमबद्ध हो और उसमें धैर्य, संवाद व सहानुभूति शामिल हो। जल्दबाजी समाधान नहीं, बल्कि विनाश का कारण बन सकती है। युवाओं को समझने वाला हाथ और सही दिशा देने वाला मार्गदर्शन मिले, तो भटकाव से स्थिर और सफल जीवन की वापसी संभव है।

### केस स्टडी- एक

19 वर्षीय एक किशोरी के लिए इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लाइक और कमेंट पाना आत्मसंतुष्टि का जरिया बन चुका था। खुद को आकर्षक साबित करने की भूख ने धीरे-धीरे उसे सही-गलत के फर्क से दूर कर दिया। जर्नल ऑफ एडोलसेंस के शोध भी बताते हैं कि सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रभाव किशोरों की निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर करता है। स्थिति तब चरम पर पहुंची, जब वह किशोरी ब्लैकमेलिंग का शिकार हो गई। अंततः क्रमबद्ध तरीके उसे पढ़ाई और रोजगार जैसी सार्थक गतिविधियों से बदला गया। आज वह किशोरी पढ़ भी रही है और कमा भी रही है।



अमृत मंथन

### केस स्टडी- दो

एक युवक ऑनलाइन गेमिंग और त्वरित धन कमाने की लत में फंस गया। शॉर्टकट से मिलने वाली संतुष्टि ने उसके विवेक को शून्य कर दिया और परिवार पर भावनात्मक व आर्थिक दबाव बढ़ता चला गया। घर अवसाद और तंगी की कगार पर पहुंच गया। यह मस्तिष्क के रिवॉर्ड सिस्टम में आए असंतुलन का नतीजा था। बदलाव की प्रक्रिया आसान नहीं रही- कई बार असफलताएं भी मिलीं, लेकिन परिवार के धैर्य और विशेषज्ञों के क्रमबद्ध परामर्श ने उसे टूटने से बचा लिया। नकारात्मक व्यवहार को दबाने के बजाय, उसे सार्थक कार्यों और आत्मनिर्भरता की ओर मोड़ा गया।

- गोपनीयता और सुरक्षा के संतुलन के साथ परिवार घर पर ही एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम बनाए

### मोबाइल बना मनीष की हत्या का कारण

हरिद्वार, अमृत विचार: दिव्यांग ई-रिक्शा चालक मनीष के हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि, यह ब्लाइंड मर्डर केस था, जिसे 48 घंटे में वर्कआउट किया गया है। मोबाइल छीनने का विरोध करना मनीष को इतना भारी पड़ा कि दो आरोपियों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। मामले के अनुसार, विष्णुलोक कॉलोनी, रानीपुर निवासी दिव्यांग मनीष (38) पुत्र रामआसरे ई-रिक्शा चालक था, जो 1 फरवरी से लापता था। 4 फरवरी को मनीष के पिता ने रानीपुर कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी थी। जांच में सामने आया कि, मनीष का मोबाइल फोन ज्वालापुर निवासी अयान उर्फ सुन्नत ने कॉल करने के बहाने छीन लिया था। मनीष ने अयान के घर पहुंचकर पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी थी। इसी डर से अयान ने अपने साथी बिलाल के साथ मिलकर मनीष की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने अयान को गिरफ्तार कर लिया है जबकि बिलाल की तलाश जारी है।

# केंद्रीय बजट में महिला सशक्तिकरण पर सबसे अधिक जोरः हरदीप पुरी

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बजट पर रखे अपने विचार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विकसित भारत बजट 2026-27 पर आधारित "महिला संवाद" कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि, साल 2014 से पहले उत्तराखंड को बजट में औसतन केवल 190 करोड़ रुपये दिये जाते थे लेकिन इसको लगातार बढ़ते हुए केंद्र सरकार ने 26 गुना बढ़ाकर इस बार के बजट में 4760 करोड़ रुपये से भी ऊपर कर दिया है। बजट में महिला सशक्तिकरण, नारीशक्ति को बढ़ाने और जेंडर बजटिंग पर ज्यादा जोर है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा पूर्व में जब वे 7 साल केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री रहे, उसी दौरान सरकार ने स्वच्छता अभियान शुरू किया जिसमें महिलाओं के सम्मान के लिए देश भर में शौचालय बनाए गए, प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की 70 प्रतिशत मकानों की मालिक महिलाएं ही बनीं। 14 करोड़ गैस कनेक्शन बढ़कर अब 33 करोड़ हो चुके है। ये सभी इसलिए किया गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास का विजन महिलाओं पर केंद्रित है। उनका मानना है कि जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं तभी जमीनी बदलाव आता है। साथ ही उन्होंने उत्तराखंड की ढांचागत व्यवस्था के बेहतरीन सुधार की भी तारीफ करते हुए कहा कि, कैसे 8 घंटे का लंबा सफ़र अब मात्र 3 घंटे में पूरा हो जाता है। ये सब पूरे देश में इसीलिए हो सकेगा क्योंकि मोदी सरकार का विश्वास है कि जब पूंजीगत संसाधनों पर खर्च किया जाता है, तभी देश सही मायनों में दीर्घकालिक प्रगति करता है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि यह बजट महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, स्वरोज़गार के अवसरों के विस्तार, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अभूतपूर्व है। पूरे प्रदेश में महिला मोर्चा आज तक बजट संवाद और चौपाल के 33 सफल कार्यक्रम कर चुका है। संचालन मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. हिमानी वैष्णव ने किया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, राज्यमंत्री विनोद उनियाल एवं मधु भट्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, प्रदेश मीडिया संयोजक डॉ. दिव्या नेगी मौजूद रहीं।



पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हरदीप पुरी। ● अमृत विचार

### भारत का आत्मविश्वास दर्शाता है बजट

**देहरादून:** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रेस वार्ता में कहा कि, केंद्रीय बजट 2026-27 एक ऐसी अर्थव्यवस्था के आत्मविश्वास और परिपक्वता को दर्शाता है जिसमें वर्ष 2014 से मौलिक बदलाव आया है। कहा कि यह बजट विकास को बढ़ावा देने और राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के बीच एक सावधानीपूर्वक संतुलन बनाता है, जो भारत की ''कमजोर पांच'' देशों में गिने जाने से लेकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे भरोसेमंद वैश्विक विकास कहानियों में से एक बनने तक की यात्रा को रेखांकित करता है। उन्होंने बजट को दूरदर्शी और समेकन-उन्मुख बताते हुए कहा कि यह पिछले दशक में रखी गई नींव पर आधारित है। साथ ही, भारत को वैश्विक नेतृत्व के अगले चरण के लिए तैयार करता है।

## साइड न देने पर हुआ था विवाद दो लोग हिरासत में

**देहरादून, अमृत विचारः** टीवी पत्रकार हेम भट्ट के साथ बीते शुक्रवार स्कूटी सवार तीन युवकों द्वारा मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दर्ज मुकदमे में डालनवाला कोतवाली पुलिस ने शनिवार को दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, इस मामले में जांच पड़ताल के बाद मोहम्मद कैफ और मोहम्मद ताबिश निवासी गांधी रोड, सिटी कोतवाली ने पूछताछ में बताया कि, शुक्रवार शाम को उन दोनों ने समीर निवासी मेहूंवाला से इनामुला बिल्डिंग के पास से रेसकोर्स जाने के लिये स्कूटी से लिफ्ट ली थी।

इस दौरान रास्ते में कई बार हॉर्न देने के बावजूद भी बाइक चालक ने साइड उन्हें नहीं दी थी। जिसके बाद उन्होंने एमकेपी चौक से आगे रेसकोर्स रोड पर स्कूटी को बाइक के आगे अड़ाकर बाइक चालक को रुकवा लिया था। इस बात को लेकर हुए विवाद में उनके बीच मारपीट हो गयी। मामले के तीसरे आरोपी समीर की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सरस कॉर्बेट महोत्सव में पर्यटकों को होगा रोमांच का अनुभव

संवाददाता, देहरादून/चम्पावत।

**अमृत विचारः** शनिवार को एनएचपीसी सभागार बनबसा में सरस कॉर्बेट महोत्सव के आधिकारिक टीजर लॉन्च किया। यह भव्य 7 दिवसीय आयोजन 18 से 24 फरवरी तक जनपद चम्पावत में आयोजित होगा। महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की दूरदर्शी परिकल्पना को साकार रूप देते हुए किया जा रहा है।

पर्यटन और रोमांच के शौकीनों के लिए कॉर्बेट महोत्सव विशेष रहेगा। पंचेश्वर क्षेत्र में एंगलिंग, शारदा नदी में राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग और हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियां पर्यटकों को रोमांच का अनूठा अनुभव देंगी। रात्रि में लेजर शो आयोजन को और भव्य बनाएगा।

यह महोत्सव चम्पावत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और साहसिक पर्यटन गतिविधियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का माध्यम बनेगा। साथ ही देवभूमि के सांस्कृतिक रंग, लोक परंपराएं और प्रकृति की अद्भुत छटा इस आयोजन के माध्यम से देश-विदेश तक पहुंचेगी।

सरस कॉर्बेट महोत्सव में कुमाऊं की लोकसंस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। बांसुरी, मस्कबीन और हुड़का की धुनों के बीच झोड़ा, छपेली और चांचरी जैसे पारंपरिक लोकनृत्य सांस्कृतिक संध्याओं को विशेष बनाएंगे।

जनपद के प्रमुख आस्था केंद्र- बालेश्वर मंदिर, पूर्णागिरि मंदिर और गोल्ज्यू देवता मंदिर- की आध्यात्मिक गरिमा भी महोत्सव की पहचान बनेगी। सरस मेला महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा, जहां स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय शिल्पकारों और ग्रामीण उद्यमियों के उत्पाद प्रदर्शित होंगे। फूड फेस्टिवल में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों के साथ देशभर के स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया जा सकेगा।

- 18 से 24 फरवरी तक चम्पावत में आयोजित होगा महोत्सव
- पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग और हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियां होंगी

# विदेश भेजने के नाम पर की 1.20 करोड़ की ठगी, कैप्टन गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

- विदेश भेजने के नाम पर 1.20 करोड़ की ठगी, कैप्टन गिरफ्तारसूबेदार और साथियों को लगाया चूना, फर्जी निकले दस्तावेज

**अमृत विचारः** फिनलैंड में नौकरी लगवाने के नाम पर सेना के सूबेदार और उनके साथियों के साथ लाखों रुपये की ठगी में दून पुलिस ने हल्द्वानी निवासी कथित मर्चेंट नेवी के कैप्टन को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, सूबेदार नरजंग कुमार निवासी हिमाचल प्रदेश ने विगत वर्ष 29 जुलाई को थाना नेहरू कॉलोनी में अभियोग दर्ज कराया था कि उनके साथ सूबेदार संदीप थापा निवासी नेहरू कॉलोनी ने उन्हें बताया था कि उनका रिश्तेदार उपेन्द्र थापा, जो मर्चेन्ट नेवी में कैप्टन है, फिनलैंड में नौकरी लगवा सकता है जिस पर संदीप ने उनकी व उनके अन्य साथियों असीम थापा, अश्वनी कुमार, विकास थापा की मुलाकात उपेन्द्र सिह थापा निवासी मोहकमपुर आईआईपी, नेहरू कॉलोनी देहरादून हाल पता कमलवागांजा हाईडिल कालोनी, हल्द्वानी से करायी। आरोपी ने सभी से फिनलैंड में नौकरी लगवाने के नाम पर एडवांस में 5-5 लाख रुपये मांगे, जिससे वो वीजा उपलब्ध करवा देगा।

पुलिस के अनुसार, सभी से लाखों रुपये एडवांस लेकर आरोपी ने उन्हें देहरादून में फिनलैंड का कॉन्ट्रैक्ट लेटर बनाकर दिया और कथित तौर पर एंबेसी से मेल किया गया जिसके बाद पता चला कि सभी के फर्जी दस्तावेज बनाकर दिए गए। एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर इस मामले में गठित चौकी प्रभारी जोगीवाला विजय प्रताप राही की टीम ने आरोपी उपेंद्र सिंह थापा को टीपी नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ मे आरोपी उपेन्द्र ने अलग-अलग लोगों से 1.20 करोड़ रुपये की ठगी करने की बात कही।

# बिजली इंजीनियरों ने दी 12 को हड़ताल पर जाने की चेतावनी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** बिजली इंजीनियरों ने 12 फरवरी को हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। उत्तराखंड में बिजली क्षेत्र के निजीकरण और बिजली संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ विद्युत इंजीनियरों ने देशव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया है। बिजली अभियंताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने शनिवार को देहरादून में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बताया कि 12 फरवरी को बिजली संशोधन विधेयक के विरोध में होने वाली देशव्यापी हड़ताल का औपचारिक नोटिस केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को सौंप दिया है।

हड़ताल की घोषणा करते हुए फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने कहा कि यह आंदोलन देश के लाखों बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं में व्याप्त गहरे आक्रोश की अभिव्यक्ति है, जो सार्वजनिक बिजली क्षेत्र को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने उत्तराखंड में पावर सेक्टर की जमीनों के बेचने के सरकार के आदेश पर कहा कि इस आदेश से बिजली कर्मियों, समेत व्यापारियों, किसानों, छात्रों शिक्षको और आम जनता में भारी गुस्सा है।

उन्होंने अपील की है कि जमीन बेचने का आदेश व्याप्त जनहित में वापस लिया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इसके विरोध में व्यापक जन आंदोलन चलाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री धामी ने खायी और श्रद्धालुओं को खिलायी खिचड़ी

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचारः** टनकपुर स्थित शारदा घाट में आयोजित पारंपरिक माघ खिचड़ी भोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभाग कर प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति से जुड़ाव का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद वितरित किया तथा स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकर माघ खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय महिलाओं के साथ कुमाऊं की प्राचीन लोक परंपरा खड़ी होली में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में घेरा बनाकर खड़े होकर कुमाऊंनी लोकगीत गाए, जिनमें मुख्यमंत्री ने भी स्वर मिलाया। ढोल-दमाऊं और लोकधुनों की मधुर लय पर पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक गौरव से ओतप्रोत हो उठा। टनकपुर की गलियों में गूंजती खड़ी होली ने कुमाऊं की जीवंत लोक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ मास श्रद्धा, सादगी, संयम और समरसता का प्रतीक है। खिचड़ी भोज जैसी परंपराएं समाज को एक सूत्र में बांधती हैं, वहीं खड़ी होली जैसी लोक विधाएं हमें अपनी जड़ों, संस्कृति और विरासत से जोड़ती हैं।


टनकपुर में श्रद्धालुओं को खिचड़ी परोसते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।




संवाद | एनएचपीसी बनबसा सभागार में बजट-पूर्व संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

# उत्तराखण्ड का कैपिटल आउटले 14,765 करोड़ रु . तक पहुंचा

प्रमुख संवाददाता, देहरादून/चम्पावत

**अमृत विचारः** एनएचपीसी बनबसा सभागार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित बजट-पूर्व संवाद कार्यक्रम में राज्य के समग्र विकास, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था तथा जनभागीदारी को केंद्र में रखते हुए व्यापक विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन अपर सचिव मुख्यमंत्री मनमोहन मैनाली द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने राज्य की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले पांच वर्षों में उत्तराखण्ड के कैपिटल आउटले में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह राशि 7,534 करोड़ रु. से बढ़कर 14,765 करोड़ रु. तक पहुंच गई है। इसी अवधि में राज्य की जीडीपी वर्ष 2021-22 के 2,54,000 करोड़ रु. से बढ़कर वर्तमान में 4,74,000 करोड़ रु. हो गई है, जो लगभग 60 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। इसे राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



- जनभागीदारी, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था और संतुलित विकास पर मंथन

संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, विशेषज्ञों तथा हितधारकों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। ग्रामीण विकास को गति देने के लिए अनुदान में वृद्धि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सीवर लाइन एवं शौचालय निर्माण, पंचायतों को सशक्त बनाने हेतु रिक्त भूमि के उपयोग तथा जिला पंचायत सदस्यों के लिए मानदेय एवं अध्ययन भ्रमण की व्यवस्था जैसे सुझाव दिए गए। पर्यटन क्षेत्र में हैली सेवा का विस्तार, वैकल्पिक मार्गों का निर्माण, सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा, छोटे पर्यटन स्थलों का विकास, नेचर टूरिज्म एवं ट्रैकिंग को प्रोत्साहन तथा एग्री-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय समुदाय को पर्यटन से जोड़ने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त राज्य में सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण, ऊर्जा संकट के समाधान हेतु ऊर्जा नेटवर्क सुदृढ़ीकरण, कृषि आधारित उद्योगों पर जीएसटी में कमी, मंडी शुल्क में कमी, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण, नगर निकायों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराने तथा जिला पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट देने जैसे सुझाव भी प्राप्त हुए।

### राज्य की दिशा तय करता है बजट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2047 तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि छोटा राज्य होने के बावजूद उत्तराखण्ड ने वित्तीय प्रबंधन में देशभर में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है, जो गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट राज्य की दिशा तय करता है और यह नागरिकों की सहभागिता से ही प्रभावी बनता है। प्रत्येक वर्ग की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार निर्णय ले रही है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जिनके सुझाव अभी प्राप्त नहीं हुए हैं, वे भी अपने विचार भेजे, ताकि सभी की आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जा सके।

## सिटी ब्रीफ

### दमुवाढूंगा अंबेडकर पार्क में बहुउद्देशीय शिविर कल

हल्द्वानी : जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के तहत 9 फरवरी को दमुवाढूंगा स्थित अंबेडकर पार्क में अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय की अध्यक्षता में बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित किया जाएगा।

### कैबिनेट मंत्री महाराज कल जनपद के भ्रमण पर

हल्द्वानी : कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज कल एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। सीडीओ अरविन्द पांडे ने बताया कि कैबिनेट मंत्री सोमवार सुबह 10 :50 बजे नौकुचियाताल स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। वह सुबह 11 बजे विकास भवन में लोक निर्माण विभाग की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे तथा 11 :30 बजे समीक्षा बैठक करेंगे।

### भारतीय अंडर-19 टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर हल्द्वानी के खेल मैदानों में पैदा किया उत्सव का माहौल

# टीम यंग इंडिया की जीत ने भरा हल्द्वानी के क्रिकेटरों में जोश

**पवन सिंह कुंवर, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** भारतीय अंडर-19 टीम ने छठी बार वर्ल्ड कप जीतकर हल्द्वानी के खेल मैदानों में उत्सव का माहौल पैदा कर दिया है। गौलापार, जीएनजी और एमबी इंटर कॉलेज के मैदानों तक, हर जगह ''यंग इंडिया'' की जांबाजी और जीत के चर्चे हैं।

इस ऐतिहासिक सफलता ने हल्द्वानी के युवा क्रिकेटरों के सपनों को नई उड़ान दी है, जो दिन-रात मेहनत करके एक दिन टीम इंडिया की नीली जर्सी पहनने का ख्वाब देखते हैं। हमने शहर के चार होनहार खिलाड़ियों से बात की, जो इस खेल में अपना भविष्य देख रहे हैं। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै का कहना है कि हल्द्वानी की मिट्टी में क्रिकेट का जुनून है। बताया कि यंग इंडिया की छठी जीत ने युवाओं को यह यकीन दिलाया है कि प्रतिभा और मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। वर्ल्ड कप जीत के बाद बच्चों में अभ्यास के प्रति गंभीरता बढ़ी है और अब अकादमी में आने वाले खिलाड़ी और अनुशासित होकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। एसोसिएशन के सदस्य भी मानते हैं कि ऐसी जीतें जमीनी स्तर पर क्रिकेट को और मजबूत बनाती हैं।



टीम इंडिया को छठी बार चैंपियन बनते देखकर रोंगटे खड़े हो गए। गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ प्रेरणादायक है। छोटे शहर से भी दुनिया जीतने का मौका है। **-राहुल नौलिया**, गेंदबाज



वर्ल्ड कप ने मानसिक मजबूती सिखाई। फाइनल जैसे बड़े मैच में दबाव कैसे झेलना है, यह हमने जूनियर टीम से सीखा। अब हम भी उसी आक्रामकता और संयम के साथ खेलते हैं। **-वैभव मेहरा**, बल्लेबाज



भारत की जीत में हर खिलाड़ी का योगदान प्रेरक है। आज के दौर में खेल के हर विभाग में अच्छा होना जरूरी है। फील्डिंग भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी बैटिंग। **-कनिष्क बिष्ट**, आलराउंडर



टीम की ट्रॉफी जीतते देखकर लगा कि यही पल हमारे लिए भी संभव है। हल्द्वानी से भी कई खिलाड़ी आगे बढ़ेंगे और हमारा समय भी आएगा। **-यश अनेरिया**, बल्लेबाज

- उभरते खिलाड़ियों ने कहा- अब हमारा है दौर
- नीली जर्सी पहनने को मैदान में बहा रहे पसीना

### युवाओं के लिए मिसाल बने वैभव सूर्यवंशी

वर्ल्ड कप जीत के जश्न के बीच, हल्द्वानी के खेल मैदानों में बिहार के वैभव सूर्यवंशी की सफलता भी चर्चा का केंद्र बनी हुई है। इतनी कम उम्र में आईपीएल खेलने वाले वैभव अब स्थानीय उभरते खिलाड़ियों के लिए रोल मॉडल बन गए हैं। युवा खिलाड़ियों के अनुसार, वैभव की सफलता केवल किस्मत नहीं बल्कि अटूट मेहनत का परिणाम है। उनका फुटवर्क, बड़े शॉट्स और आत्मविश्वास हर युवा बल्लेबाज को प्रेरित करता है। यह साबित करता है कि छोटे राज्यों की प्रतिभा अब किसी से पीछे नहीं है।

# जिसकी मौत बताकर रोया ढाका वो कभी था ही नहीं

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



आरोपी विकास ढाका। (फाइल फोटो)

- पहले मैच से ठीक पहले फाइनेंसर की मौत के नाम पर रद्द किया था मैच
- मौत को सही साबित करने के लिए बंग्लुरू से सिडनी तक गढ़ी फर्जी कहानी

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिसकी मौत पर ईवीसीएल टी-20 क्रिकेट लीग फ्रॉड का षड्यंत्र रचा गया, वो कभी था ही नहीं हुआ। पूरी लीग को रद्द करने से पहले इसी प्रमोद सिंह की मौत की बात कहकर आयोजक विकास ढाका स्टेडियम में फूट-फूटकर रोया था। सिर्फ ढाका ही नहीं बल्कि उसके करीबियों ने भी मौत पर खूब मातम मनाया था। फिलहाल, अब मैच के नाम पर लाखों रुपए की ठगी को अंजाम देने वाला आयोजक अब सलाखों के पीछे है और जांच जारी है।

3 फरवरी से स्टेडियम में क्रिकेट लीग होनी थी और इसके प्रचार-प्रसार के लिए इरफान पठान और प्रवीण कुमार सरीखे अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर्स का इस्तेमाल किया गया। कुल 6 टीमें बनाईं और बेची गईं। उत्तराखंड सोल्जर्स की टीम पूर्व विधायक नारायण पाल और यूपी वॉरियर्स की टीम को हरियाणा के शहीद पार्क झज्जर निवासी हेमंत शर्मा पुत्र रमेश चंद्र शर्मा ने 23 लाख में खरीदी। मैच से ठीक एक दिन पहले 2 फरवरी को विकास ढाका स्टेडियम में फूटकर रोया और बताया कि उसके सबसे बड़े फाइनेंसर बंग्लुरू निवासी प्रमोद सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई। ढाका को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया, जब वह होटल से चेकआउट कर भागने की फिराक में था। ढाका से जब प्रमोद के बारे में पूछताछ शुरू हुई तो वह कहानियां गढ़ने लगा। पहले दिन उसने लोगों को बताया कि हल्द्वानी आते वक्त फाइनेंस प्रमोद की दिल्ली में हार्ट अटैक से मौत हो गई।

पुलिस ने पूछा तो बताया कि उसकी मौत बंग्लुरू में हुई। पुलिस ने बंग्लुरू पुलिस से तस्दीक करने की बात कही तो ढाका बोला कि प्रमोद की मौत सिडनी में हुई थी। कुल मिलाकर यह सामने आया कि ढाका ने जिस प्रमोद की मौत की कहानी गढ़ी, दरअसल वह कभी था ही नहीं हुआ।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि ढाका अपनी ही गढ़ी कहानी में उलझ गया। मामले की जांच जारी है।

### प्रशासन से नहीं ली अनुमति, पुलिस ने नहीं दी सुरक्षा

हल्द्वानी : एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि इतने बड़े आयोजन से पहले प्रशासन की स्वीकृति जरूरी है, लेकिन ढाका ने प्रशासन से अनुमति ही नहीं ली। उसने सुरक्षा के लिए पुलिस को आवेदन किया था, लेकिन मुख्यमंत्री के दौरे के कारण पुलिस ने सुरक्षा नहीं दी। साथ ही उसे हिदायत थी कि वह निजी सुरक्षा का इंतजाम करे और मैदान के अंदर और बाहर 120 सुरक्षा कर्मी तैनात करे। इसके अलावा पार्किंग के लिए 30 कर्मी, 10 डीएफएमडी और 20 एचएचएमडी की व्यवस्था करने को कहा था।

# आरटीओ दफ्तर में धमके डीएम, भाग खड़े हुए एजेंट्स

### डीएम ने किया दफ्तर में औचक निरीक्षण, एजेंट्स की मौजूदगी पर बोले- काम करते पकड़े गए तो होगी सख्त कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**







आरटीओ दफ्तर में ऑनलाइन रिकॉर्ड चेक करते डीएम ललित मोहन रयाल। दफ्तर में सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करते और दफ्तर में संदिग्ध से पूछताछ करते जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल।

**अमृत विचार :** नैनीताल डीएम ललित मोहन रयाल ने संभागीय परिवहन दफ्तर (आरटीओ) में छापेमारी की। दफ्तर में एजेंट्स की मौजूदगी पर नाराजगी जताई। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि एजेंट्स काम करते पकड़े गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीएम रयाल शनिवार को अचानक आरटीओ दफ्तर पहुंचें। उनके पहुंचते ही दफ्तर के बाहर और अंदर जमावड़ा लगाए एजेंट्स में हड़कंप मचा गया। वे डीएम को देखते ही मौके से फरार हो गए। इस पर डीएम भड़क गए और उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने आरटीओ प्रशासन गुरुदेव सिंह व आरटीओ प्रवर्तन अरविंद पांडे को कहा कि आरटीओ दफ्तर में जनहित के काम ड्राइविंग लाइसेंस पंजीयन, नवीनीकरण, वाहनों की फिटनेस वगैरह जनहित के काम किए जाते हैं। इन कामों के लिए एजेंट्स या किसी बाहरी की संलिप्तता होना गलत है। आरटीओ दफ्तर के लिए कोई भी एजेंट अधिकृत नहीं है, इन एजेंटों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाए। ऐसे लोग भी चिन्हित किए जाएं जो शुल्क लेकर समय से पूर्व सुविधा देने का दावा करते हैं। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

इसके बाद उन्होंने रिकॉर्ड रूम में जाकर रिकॉर्ड खंगाला। इसके साथ ही दैनिक तौर पर ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य कामों के लिए आने वाले लोगों का डाटा भी देखा। इस दौरान उन्हें एक भी कर्मी ड्रेस कोड में नहीं दिखाई दिया। वहीं, विभिन्न पटलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान किसी भी पटल पर कर्मी का नाम, पद, विभाग वगैरह अंकित नहीं था। डीएम ने बेहद नाराजगी जताई उन्होंने कहा कि अब से सभी कर्मी ड्रेसकोड में आएंगे। उनकी नेम प्लेट, पहचान पत्र होना अनिवार्य है। नेम प्लेट में उनके पटल भी लिखा होना चाहिए ताकि आमजन को कोई परेशानी नहीं हो। इसके बाद उन्होंने दफ्तर में लगे सीसीसटीवी कैमरे चेक किए तो पता चला कि कोई कैमरा चालू हो तो कोई नहीं। इस पर डीएम भड़क गए उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तरों के सीसीटीवी कैमरे चालू होने चाहिए। इसके अलावा जन शिकायत पेटिका होनी चाहिए ताकि लोग शिकायत बता सके। उन्होंने आरटीओ प्रवर्तन को नियमित मॉनीटरिंग व चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### डीएम ने यूआईएन पंजीयन नहीं होने 35 शस्त्र लाइसेंस किए निरस्त

हल्द्वानी : जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय शस्र लाइसेंस पोर्टल नियमों का उल्लंघन व यूनिक आईडेंटिफिकेशन नंबर (यूआईएन) पंजीयन नहीं होने पर 35 शस्र लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। नैनीताल डीएम ललित मोहन ने जिले में शस्र लाइसेंसों की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि यूनिक आईडेंटिफिकेशन नंबर पर पंजीयन नहीं हुआ है। जबकि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शस्त्र लाइसेंस पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्कय है। इसी के साथ ही इस प्रक्रिया को निश्चित समयांतराल पर अपडेट भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी लाइसेंसधारकों को समय-समय पर सूचना एवं अवसर दिए जाने के बाद भी शस्त्र लाइसेंस धारकों ने भी राष्ट्रीय शस्र लाइसेंस पोर्टल पर डिजिटल रिकार्ड अपडेट नहीं किया। जोकि पूरी तरह शस्त्र अधिनियम एवं शासन की ओर से जारी निर्देशों का उल्लंघन माना गया है। इसी के तहत 35 धारकों के शस्रलाइसेंस निरस्त किए गए हैं। डीएम ने स्पष्ट किया कि शस्त्र लाइसेंस केवल अधिकार नहीं बल्कि एक गंभीर कानूनी दायित्व है। सार्वजनिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था तथा अवैध शस्त्रों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। शस्त्र लाइसेंस धारकों से अपील है कि वे शस्त्र लाइसेंस का समय से यूआईएन पंजीयन, नवीनीकरण एवं समस्त विवरणों का अनिवार्य तौर से अपडेट करते रहें अन्यथा राष्ट्रीय शस्त्र लाइसेंस पोर्टल पर पंजीयन नहीं होने पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

### आरटीओ दफ्तर पर फ्लेक्सी लगाएं, कोई भी एजेंट अधिकृत नहीं : डीएम

हल्द्वानी : डीएम रयाल ने सख्त लहजे में कहा कि आरटीओ दफ्तर के मेन गेट पर एक विशाल फ्लेक्सी लगाई जाए जिसमें लिखा जाए कि इस दफ्तर में सरकार की ओर से कोई भी एजेन्ट अधिकृत नहीं है। साथ ही जो भी सेवाएं जैसे डीएल, फिटनेस वगैरह के शुल्क व समय भी लिखा जाए ताकि नागरिकों को सटीक जानकारी मिल सके। उन्होंने परिवहन अधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

# यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट्स समय से पूरा करें विभाग

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** नैनीताल डीएम ललित मोहन रयाल ने शनिवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में एशियन विकास बैंक (एडीबी) वित्त पोषित उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट्स को गुणवत्तापूर्ण ढंग से मानसून से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए।

यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट्स से संबंधित कार्यों के लिए विभिन्न विभागों से आवश्यक अनुमतियां लेने की प्रक्रिया जारी है। इस पर डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग, कार्यदायी संस्था एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स आपसी समन्वय बनाएं ताकि काम समय से पूरा किया जा सके। डीएम ने कहा कि शहर के जिन-जिन क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण करने के लिए अतिक्रमण हटाए जाने हैं लोनिवि एवं कार्यदायी संस्थाएं शीघ्र ही अतिक्रमण हटाना शुरू करें। नगर आयुक्त, हल्द्वानी एसडीएम को निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह सभी कार्यदायी संस्थाओं के साथ कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें ताकि समय पर कार्य पूर्ण हों।

इस दौरान हल्द्वानी शहर की शनि बाजार नाले को सिंचाई नहर में मिलाने से क्षेत्र के किसानों को हो रही समस्या के समाधान के लिए तत्काल ग्रामीणों से बैठक कर समस्या का समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान रामनगर डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, हल्द्वानी एसडीएम राहुल शाह, जमरानी बांध परियोजना के उप महाप्रबंधक ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म में अभियुक्त को उम्रकैद

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने अजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पीड़िता के साथ हुई दरिंदगी का खुलासा दुष्कर्म के बाद तब हुआ जब छह माह की गर्भवती हो गई। कोर्ट ने दुष्कर्मी को आजीवन कारावास के साथ 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन अधिकारी दीपा रानी के मुताबिक, रामनगर के नई बस्ती निवासी अर्जुन कुमार पर क्षेत्र की एक 16 साल की नाबालिग से बहला फुसलाकर दुष्कर्म का आरोप लगा था। घटना का पता तब लगा जब नाबालिग छह माह की गर्भवती हो गई।

अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ नौ गवाह पेश किए। सभी दलीलों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनमोहन सिंह की अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोषी पर 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया। इसके अलावा पीड़िता को पांच लाख रुपये प्रतिकर देने के आदेश अदालत ने दिए हैं।

# 'रोज डे' पर लाल गुलाब से महका शहर

**संवाददाता, हल्द्वानी**



हल्द्वानी दुर्गासिटी सेंटर के पास गुलाब व अन्य फूलों से सजी दुकान। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शनिवार को 'रोज डे' के साथ वैलेंटाइन वीक का आगाज होते ही शहर के बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिला।

प्रेम के प्रतीक लाल गुलाब की मांग इतनी अधिक रही कि सुबह से ही फूल विक्रेताओं की दुकानों पर युवाओं का तांता लगा रहा। शहर के नैनीताल रोड, रामपुर रोड और मुख्य बाजार में फूलों की दुकानें विशेष रूप से सजी नजर आईं। बाजार में एक लाल गुलाब 30 से 50 रुपये तक बिका, जबकि गुलदस्तों (बुके) की कीमत 300 से लेकर 1000 तक रही। स्थानीय दुकानदार अशफतअली ने बताया कि इस वर्ष न केवल दुकानों पर भीड़ रही, बल्कि ऑनलाइन डिलीवरी एप्स के माध्यम से भी फूलों के ऑर्डर में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## आबकारी विभाग ने कई क्षेत्रों में मारे छापे

**हल्द्वानी :** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर आबकारी टीम ने शनिवार को फतेहपुर, लामाचौड़, गौलापार और दौलतपुर क्षेत्र में भी दबिश दी। कार्यवाही के दौरान गोपाल सिंह पुत्र पूरन सिंह के आवास से कुल 65 टेट्रा पैक देसी शराब, 42 पव्वे अंग्रेजी शराब, 156 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के मुकदमा दर्ज किया गया है। दबिश टीम में आबकारी निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह, उप आबकारी निरीक्षक कैलाश जोशी आदि थे।

# रात चलाया चेकिंग अभियान, रडार पर 46 संदिग्ध

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर चेकिंग करते काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा।

- पुलिस ने रेलवे व बस अड्डे के साथ भीड़ वाले इलाकों में की चेकिंग

**अमृत विचार :** पुलिस ने एक बार फिर जिले में अचानक रात की चेकिंग शुरू की। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों के साथ पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग और इस दौरान ऐसे 46 लोगों को पकड़ा गया, जो पुलिस के सवालों के सही जवाब नहीं दे पाए। इसके साथ ही पुलिस ने तमाम वाहनों के चालान किए और हजारों रुपए का जुर्माना वसूल किया।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस ने शुक्रवार रात चेकिंग अभियान चलाया।

पुलिस के मुताबिक, क्षेत्राधिकारियों की अगुवाई में जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस टीमों ने प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में चेकिंग की। चेकिंग के दौरान 135 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें 46 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 11,250 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

वहीं, 217 वाहनों की चेकिंग में नियमों के उल्लंघन पर 189 वाहन चालकों के चालान किए गए और 32,000 रुपये जुर्माना जमा कराया गया। इसके अलावा 9 वाहनों को सीज किया गया।

## प्रतिक्रिया

### नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली फिल्म के टाइटल को लेकर हुए विवाद को लेकर 'अमृत विचार' ने समझी शहरवासियों की भावनाएं

# 'घूसखोर पंडत' पर ब्राह्मण ही नहीं, सवर्ण समाज भी आहत

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली फिल्म 'घूसखोर पंडत' के टाइटल को लेकर हल्द्वानी शहर में भी लोगों का विरोध देखने को मिल रहा है।

लोगों ने इसे जाति विशेष की भावनाओं को आहत करने वाला और बेवजह टारगेट करने वाला बताया। कुछ लोग तो फिल्म को बैन करने की मांग तक कर रहे हैं। सभी का एक सुर में कहना है कि सर्वधर्म समभाव वाले देश में इस तरह के कृत्यों से सवर्ण समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। विवाद को लेकर 'अमृत विचार' ने लोगों से बातचीत की, जिस दौरान उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी।



फिल्म के टाइटल में पंडत शब्द जोड़े जाने से पूरे ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। पंडत शब्द मूल रूप से पंडितों और बुद्धिजीवी वर्ग के लिए प्रयोग होता है। फिल्म में इस तरह का टाइटल प्रयोग करना सरासर गलत है। निर्माता-निर्देशकों ने चाहे किसी मनोदशा से टाइटल नहीं रखा है, लेकिन इस तरह के टाइटल से जाति विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंची है। **- अमित चौहान**



सर्वधर्म समभाव वाले देश में इस तरह के कृत्यों से सवर्ण समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है, जिससे उनमें दुर्भावनाएं बढ़ते जा रही हैं। देश में इस तरह की हरकतों से लोगों को बांटने की कोशिश की जा रही है, जिसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे फिल्म हो या कोई भी अन्य माध्यम। इस तरह के कार्य करने वालों का बहिष्कार कर इस पर पूरी तरह रोक लगाई जानी चाहिए। **- तेज सिंह कार्की**



सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए फिल्म के टाइटल में पंडत शब्द का इस्तेमाल करना सरासर गलत है। इस तरह की फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगनी चाहिए। गलत टाइटल के कारण पूरे ब्राह्मण समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। यदि फिल्म को शीघ्र बैन नहीं किया गया, तो शहर में भी आंदोलन किया जाएगा। इस तरह के कार्यों से जाति विशेष को टारगेट करना बंद किया जाना चाहिए। मैं इसका पुरजोर विरोध करती हूं। **- ज्योति अवस्थी**



फिल्म के टाइटल ने पूरे ब्राह्मण समाज को आहत किया है। अक्सर यह देखने में आ रहा है कि इस तरह के कार्यों से सवर्ण समाज को टारगेट किया जा रहा है। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए और इनके चेहरे पर कालिख पोती जानी चाहिए। सवर्ण समाज पर यूजीसी कानून थोपे जाने से नाराजगी है। अब इस तरह की हरकतों से समाज में दुर्भावना बढ़ते जा रही हैं। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए **- भुवन भट्ट**



फिल्म का टाइटल में घूसखोर पंडत शब्द का इस्तेमाल करना केवल ब्राह्मण समाज का अपमान नहीं, बल्कि एक सभ्यता और बुद्धिजीवी वर्ग के साथ अपमान है। इस तरह की हरकतों से देश में जातिगत दुर्भावनाएं बढ़ने से समाज का माहौल खराब होता है। हमारा देश सर्वधर्म वाला देश है। यहां सभी जातियों का सम्मान होना चाहिए और किसी भी जाति विशेष को टारगेट नहीं किया जाना चाहिए। इस पर रोक लगाने के लिए उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। **- नवीन पंत**



फिल्म के टाइटल से सीधे-सीधे ब्राह्मण समाज को टारगेट किया गया है। फिल्मों या किसी भी अन्य माध्यम से सवर्ण समाज को हमेशा टारगेट किया जाता है। इस तरह का कार्य करने वाले लोगों को लगता है कि सवर्ण समाज उनके किसी भी कृत्य का विरोध नहीं करेगा। अब ब्राह्मण समाज इस तरह की हरकतों को बिल्कुल सहन नहीं करेगा और इसके प्रति मुखर होकर अपना विरोध जताएगा। सरकार को भी इस तरह की फिल्मों या किसी भी कार्य पर रोक लगानी चाहिए। **- ज्ञानेंद्र जोशी**

# आज गौलापार में दानीबंगर फीडर में गुल रहेगी बिजली

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** ऊर्जा निगम की ओर से लाइनों के आधुनिकीकरण और रखरखाव के चलते गौलापार क्षेत्र में बिजली कटौती का सिलसिला जारी है। शनिवार को गायत्री नगर क्षेत्र में सुबह 9:30 से शाम 4 बजे तक करीब साढ़े छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। लंबी कटौती के कारण स्थानीय उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बिजली न होने से न केवल घरेलू कामकाज ठप रहे, बल्कि नलकूप ठप होने से पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित रही। ऊर्जा निगम के अनुसार, लाइनों को दुरुस्त करने का यह अभियान रविवार को भी जारी रहेगा। आज 33/11 केवी उपसंस्थान गौलापार के दानीबंगर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 9:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक बिजली गुल रहेगी। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि लाइनों के सुदृढ़ीकरण और बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह रखरखाव कार्य अनिवार्य है। उन्होंने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है ताकि मरम्मत कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

## सिटी ब्रीफ

### अवैध गाइड ने कार से पर्यटक का पर्स निकाला

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में अवैध गाइड द्वारा कार से पर्यटक का पर्स उड़ाने का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार हरियाणा के पर्यटक अपनी कार से नैनीताल आए थे। मल्लीताल में होटल में कमरे दिखाने के दौरान गाइड कार की आगे वाली सीट पर बैठ गया और पर्यटक का पर्स उठा लिया। पर्यटक को यह बात पता चली तो वह तल्लीताल पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने युवक को मल्लीताल कोतवाली में शिकायत करने की सलाह दी। कोतवाल हेम पंत ने बताया अभी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया जागरूक

**नैनीताल :** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस की ओर से मल्लीताल सीआरएसटी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश में एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र के नेतृत्व में नैनीताल पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसके तहत शनिवार को नैनीताल क्षेत्र में टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में सीपीयू व यातायात पुलिस ने सीआरएसटी इंटर कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

### पत्रकार मुकेश छिम्वाल को मातृ शोक

**कालाढूंगी :** इलेक्ट्रिक मीडिया के पत्रकार मुकेश छिम्वाल की 73 वर्षीय मां गोविन्दी देवी का शुक्रवार देर शाम निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय घाट पर किया गया। उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार बद्री सिंह बिष्ट, प्रकाश नैनवाल, सतीश जोशी, गोपाल सिंह बिष्ट, रजत पंत, नीरज तिवारी, मनोज पंत, शाकिर हुसैन, भगवान मेहरा, जाहिद हबीबी व ललित बधानी ने शोक जताया है।

### सुंदर व डंपी ने विज्ञान क्विज में बाजी मारी

**भीमताल :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में राउमावि बडौन, ओखलकांडा के कक्षा आठ के छात्र सुंदर बोरा और छात्रा डंपी चुलगाई ने जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शनिवार को दोनों को विद्यालय में पुरस्कृत किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने दोनों विद्यार्थियों, टीम लीडर विज्ञान शिक्षिका प्रियंका व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को बधाई दी। कार्यक्रम में उमा जोशी, मिथिलेश, कमल कुमार रहे।

### लीची के पेड़ों पर आने वाला बौर कलियों में हो रहा है परिवर्तित, समस्या को लेकर बागवानों और ठेकेदारों के चेहरे उतरे

# घना कोहरा और कड़ाके की ठंड नहीं झेल पा रही नाजुक लीची

**संवाददाता, कालाढूंगी**

**अमृत विचार:** फरवरी माह में पड़ रहे घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से लीची की फसल प्रभावित हो रही है। इससे बागवानों और ठेकेदारों में मायूसी छाई हुई है। विशेषकर फूल (बौर) आने के समय घना कोहरा परागण की प्रक्रिया में बाधा डाल रहा है।

ठंड और कोहरे के कारण लीची के पेड़ों पर आने वाला बौर कलियों में परिवर्तित हो रहा है, जिससे उत्पादन में कमी की आशंका बढ़ गई है।विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौसम की यही स्थिति बनी रही तो लीची की पूरी फसल को नुकसान पहुंच सकता है। कोटाबाग ब्लॉक के चकलुवा क्षेत्र के दैवलचौड़, रामपुर, विदरापुर, गुलजापुर बंकी और रतनपुर सहित दर्जनों ग्रामसभाओं में लगभग 350 हेक्टेयर क्षेत्रफल में लीची की खेती होती है। इस क्षेत्र की लीची अपनी मिठास और रसीलेपन के कारण जीआई टैग प्राप्त कर चुकी है, जिससे देश-विदेश में इसकी मांग बढ़ी और बागवानों की आय में भी इजाफा हुआ। लेकिन इस वर्ष फरवरी माह में लगातार घने कोहरे के कारण पौधों में फूल आने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। अत्यधिक कोहरा और कम तापमान (पाला) फूलों को झुलसा देता है तथा चूसक कीटों का प्रकोप भी बढ़ जाता है। यदि मौसम अनुकूल नहीं रहा तो उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है, जिससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान होगा।


घने कोहरे के कारण कलियों में परिवर्तित हुआ लीची का बौर। ● अमृत विचार


चकलुवा क्षेत्र में छाया घना कोहरा, जिससे लीची व गेहूं की फसल प्रभावित हो रही है।

बागवान स्वामी इंद्र अटवाल, धर्मेंद्र जलाल, हरीश अटवाल, महेंद्र सिंह बिष्ट, रामू अटवाल, विपिन चंद्र, विशन सिंह बिष्ट, बहादुर खोलिया, बिल्लू, दलिप जलाल, आनंद सिंह बिष्ट और धाम सिंह जलाल ने बताया कि 7 फरवरी तक घने कोहरे के कारण लीची में निकल रहा बौर कलियों में बदल रहा है, जबकि अच्छे उत्पादन के लिए गर्म मौसम आवश्यक होता है। क्षेत्र में छाए घने कोहरे ने बागवानों और ठेकेदारों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, फसल को कोहरे से बचाने के लिए धुएं की व्यवस्था की जा सकती है।

### जल्दी बोई गई गेहूं की फसल पर भी असर

चकलुवा क्षेत्र में घने कोहरे के कारण किसानों की गेहूं की फसल भी प्रभावित हो रही है। सितंबर के अंतिम सप्ताह और अक्टूबर के पहले सप्ताह में बोई गई गेहूं की फसल के लिए घना कोहरा हानिकारक साबित हो रहा है, जबकि हल्की ओस और नमी फायदेमंद होती है। घना कोहरा सूर्य की किरणों को धरती तक पहुंचने से रोकता है, जिससे पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बाधित होती है। इसके परिणामस्वरूप गेहूं के पौधों की वृद्धि रुक जाती है। साथ ही लगातार नमी और कम तापमान के कारण फफूंदजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है, जिससे फसल की गुणवत्ता और पैदावार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### न्याय यात्रा में शामिल होने को दून रवाना हुए लोग

**रामनगर :** अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच द्वारा रविवार को परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित जन सम्मेलन में शामिल होने के लिए उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी, केंद्रीय महासचिव प्रभात ध्यानी और सीएसटीयू के मुकुल के नेतृत्व में शनिवार को अल्मोड़ा, रामनगर और रुद्रपुर से काफी संख्या में लोग देहरादून रवाना हो गए हैं। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पूरा मामला उत्तराखंड की अस्मिता से जुड़ा है।

### अतिथि होटल में हुई थी गहने चोरी की घटना

**रामनगर :** बीते दिवस लाखों के गहने चुराने की घटना होटल ढेला स्थित रूफ होटल की न होकर चोरपानी स्थित अतिथि होटल की है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि क्योंकि सूचना डायल 112 पर आई थी जिसे सुनने में नाम में अंतर आया। बता दें कि गत दिवस होटल में जेवरात चोरी होने के प्रकरण में एक महिला को जेवरात के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस का कहना है दूरभाष पर सूचना मिलने से घटना स्थल को भ्रांति से गलत लिख दिया गया था जिसमें अब सुधार किया गया है।

# अल्पसंख्यक समाज के पात्र लोगों को मिले योजनाओं का लाभ : बेगम

### अल्पसंख्यक कल्याण आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने की योजनाओं की समीक्षा

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार:** अल्पसंख्यक कल्याण आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने विकास भवन पहुंचकर अल्पसंख्यक कल्याण के लिए संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न विकास योजनाओं के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। समीक्षा के दौरान उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक विलंब या टालमटोल की शिकायत मिलने पर आयोग द्वारा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


समीक्षा बैठक लेतीं अल्पसंख्यक कल्याण आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम।

उन्होंने कुछ विभागों द्वारा निर्धारित प्रारूप में डाटा उपलब्ध न कराने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सोमवार तक ई-मेल के माध्यम से आयोग को समस्त डाटा उपलब्ध कराया जाए। आयोग के सचिव जेएस रावत ने बताया कि 30 विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अल्पसंख्यकों को लाभ मिलने या न मिलने से संबंधित सभी पहलुओं को आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन में शामिल किया जाएगा। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण, शिक्षा, समाज कल्याण, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, बाल विकास, चिकित्सा, पुलिस, पूर्ति, कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। इस दौरान आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने अल्पसंख्यक समुदाय को योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अल्पसंख्यक आयोग को महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। सेवायोजन विभाग द्वारा 111 अल्पसंख्यक युवाओं को रोजगार को प्रमाण पत्र जारी किए गए। महिला कल्याण विभाग ने 689 पेंशन एवं 245 प्रत्यक्ष लाभ पेंशन प्रदान की। जिला उद्योग विभाग द्वारा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 6 लोगों को लाभ दिया।

श्रम विभाग ने 400 श्रमिकों का पंजीकरण किया। पर्यटन विभाग ने बताया कि होम-स्टे योजना के अंतर्गत कई आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय की 272 मेधावी बालिकाओं को शिक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया गया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा अल्पसंख्यकों को योजनाओं के अंतर्गत दिए गए लाभ की विस्तृत सूची सोमवार तक उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में आयोग के सदस्य सुरेंद्र जैन, नफीस अहमद, येशी थुप्तन, शकील अहमद, मोहम्मद तस्लीम, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश बैनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश बैनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुक्तेश्वर के गांवों में बांटे दो सौ से अधिक अखरोट के पौधे

**धानाचूली:** नैनीताल जनपद के मुक्तेश्वर क्षेत्र के कसियालेख, बूढ़ीबना, गंगवाचौड़ एवं सुनकिया गांवों में पर्यावरण संरक्षण और बागवानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखरोट के पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। ग्रामीणों के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

राइका कसियालेख में हुए कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों के सहयोग से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व, पौधारोपण करने तथा पॉलीथिन के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही हिंसक वन्य पशुओं से बचाव के उपायों पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को अपने तथा परिजनों के जन्मदिन पर पौधरोपण करने का संकल्प दिलाया गया। 200 से अधिक विद्यार्थियों को उनके घरों में लगाने के लिए अखरोट के पौधे भेंट किए गए। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आशुतोष पंत ने कहा कि उनका निरंतर प्रयास है कि लोग बागवानी की ओर अधिक रुचि लें और अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। योगाचार्य गौरव नेगी, सुनकिया की ग्राम प्रधान पूनम देवी, सुरेश डंगवाल एवं गोविंद डंगवाल, डॉ. हिमाचल सिंह रहे।


डोर टू डोर संपर्क करते बिंदुखत्ता संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

# राजस्व गांव की मांग के समर्थन को किया संपर्क

**संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता राजस्व गांव की लड़ाई का संघर्ष दिन-प्रतिदिन निखरता जा रहा है। बिंदुखत्ता संयुक्त संघर्ष समिति कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान में जुटी हुई है।

बिंदुखत्ता राजस्व गांव की घोषणा को विलुप्त करने के बाद बिंदुखत्तावासियों में जबरदस्त आक्रोश है। इसी से क्षुब्ध बिंदुखत्ता संयुक्त संघर्ष समिति ने 18 फरवरी को लालकुआं में विशाल आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए समिति के कार्यकर्ताओं ने इन दिनों बिंदुखत्ता के इंदिरा नगर, संजय नगर, रावत नगर, तिवारी नगर, शास्त्री नगर, शांति नगर, गांधीनगर सहित बिंदुखत्ता की आखिरी छोर शीशम भुजिया तक डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया है। समिति के संयोजक पुष्कर सिंह दानू, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू, हरीश बिसौती, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, राजेंद्र सिंह चौहान, लक्ष्मण धपोला, रमेश कुमार सहित दर्जनों समिति सदस्य अलग-अलग टोलियों में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डोर-टू-डोर घरों में दस्तक दे रहे हैं। पुष्कर सिंह दानू, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, खिलाफ सिंह दानू, हरीश बिसौती, भुवन जोशी, प्रमोद कॉलोनी, प्रवीण दानू, सुजान सिंह, कुंदन सिंह मेहता, पुष्पा टम्टा, सुमन सेलाल, पुष्कर सिंह दूगड़िया शामिल रहे।

# केंद्रीय बजट से खुलेंगे रोजगार के द्वार: सरिता

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** भाजपा विधायक सरिता आर्य ने कहा कि केंद्रीय बजट के प्रावधानों से महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे देश की आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि बजट के माध्यम से उत्तराखंड को लगभग 24 हजार करोड़ रुपये की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहायता प्राप्त हुई है।

शनिवार को नैनीताल क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में सरिता आर्य ने कहा कि सी-मार्ट के प्रावधान से महिला स्वयं सहायता समूहों को सीधा लाभ मिलेगा, वहीं मुद्रा योजना के तहत बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बजट में 3600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है तथा प्रत्येक राज्य में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण की योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन और ट्रेकिंग मार्गों के विकास से उत्तराखंड में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पर्यटन को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर सीए पवन नाथ ने जानकारी दी कि एक अप्रैल से आयकर कानून को सरल बनाया जा रहा है, जिसमें आपराधिक प्रावधानों और पेनल्टी को लगभग समाप्त कर दिया गया है, जिससे करदाताओं को राहत मिलेगी।

### डामरीकरण के लिए 8.19 करोड़ स्वीकृत

**धानाचूली:** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने जानकारी दी कि धारी से कौल-धानाचूली-परबड़ा मोटर मार्ग के डामरीकरण एवं एक किमी नव निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 8 करोड़ 19 लाख रुपये की स्वीकृति मिल गई है। इस कार्य की टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

विधायक कैड़ा ने बताया कि धारी से कौल–धानाचूली तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्व में राज्य योजना के तहत कराया गया था, लेकिन डामरीकरण न होने के कारण ग्रामीणों, किसानों और स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी।

# मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे कर्मचारी, जताया आक्रोश

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेशव्यापी आह्वान पर शनिवार को द्वितीय चरण के तहत जिला मुख्यालय नैनीताल में कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मचारी धरना स्थल पर एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों का आक्रोश जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय मांग पत्र डीएम की अनुपस्थिति में एडीएम के माध्यम से भेजा गया।परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि पूर्व में आयोजित प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में राज्य कर्मचारी 15 जनवरी से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं।



नैनीताल में शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में हुए धरना-प्रदर्शन में शामिल कर्मचारी। ● अमृत विचार

प्रथम चरण में गेट मीटिंग आयोजित की गई थी, जबकि दूसरे चरण में जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान कर्मचारियों की लंबित मांगों की ओर आकर्षित किया जा रहा है। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ वक्ताओं ने कहा कि सरकार की नीतियों और फैसलों से कर्मचारी वर्ग में भारी असंतोष है। कर्मचारियों की जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसके चलते आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। वरिष्ठ कर्मचारी नेताओं ने लोक निर्माण विभाग के वर्कचार्ज कर्मचारियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक आदेश के चलते हजारों कर्मचारियों की पेंशन और वेतन पर रोक लग गई है, जिससे उनके परिवारों की रोज़ी-रोटी पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार से इस फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग की। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलीय अध्यक्ष केएस सामंत ने की, जबकि संचालन महामंत्री उमेश सनवाल ने किया। परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर संनवाल, शिक्षक संगठन से जगदीश बिष्ट, कुमाऊं मंडल विकास निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मंजुल सनवाल, कोषागार संघ के प्रांतीय महामंत्री रितेश मेहरा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष विवेक सिंह बिष्ट, बाल विकास विभाग से कविता, कुमाऊं विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहित, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पान सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांगो दिवस : रणबांकुरों की शहादत को किया याद

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** कांगो दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों ने वीरगति को प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी शौर्य गाथा को याद किया। आठ कुमाऊं रेजिमेंट के पूर्व सैनिक इस दिन को उन वीर जवानों की याद और उनके बलिदान को सम्मानित करने के लिए मनाते हैं, जिन्होंने कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के दौरान अपनी जान की बाजी लगाकर देश और बटालियन का नाम रौशन किया।

कांगो दिवस का इतिहास द्वितीय विश्व युद्ध के समय वर्मा के साथ लड़ाई और कांगो क्षेत्र से जुड़ा है। इस क्षेत्र को 8वीं कुमाऊं रेजिमेंट ने अपने कब्जे में लिया और इस युद्ध में बटालियन को भारी नुकसान झेलना पड़ा, लेकिन वीर जवानों ने प्राणों की आहुति देने में पीछे नहीं हटे। यह दिवस 1960 के दशक में कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत तैनात 8वीं कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों के अदम्य साहस को याद करने के लिए मनाया जाता है। इसी शौर्य के कारण बटालियन को युद्ध सम्मान से नवाजा गया था। युद्ध सम्मान दिवस 7 फरवरी 1945 को इस बटालियन को प्रदान किया गया। परामनगर में कार्बेट पूर्व सैनिक ग्रुप ने इसे बड़े भव्य तरीके से मनाया और शहादत पाने वाले जाबांज सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि दरवान सिंह ने कहा कि 8वीं कुमाऊं रेजिमेंट का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है और यह संकट के समय भी देश की सरहदों पर मजबूती से खड़ा रहता है। इस अवसर पर नारायण सिंह, चंदन सिंह अधिकारी, ललित मोहन खाती, पूरन सिंह राणा, सत्य सिंह, राकेश कुमार, वीरेंद्र सिंह और भीम सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद थे।



रामनगर में शनिवार को कांगो दिवस के अवसर पर मौजूद पूर्व सैनिक व सैनिक परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### मल्लीताल क्षेत्र से किशोर लापता

**नैनीताल:** शहर के मल्लीताल चार्टन लॉज क्षेत्र से 13 वर्षीय किशोर घर से बिना बताए कहीं चला गया है। वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों व परिचितों से खोज खबर ली लेकिन किशोर की कोई खबर नहीं लगने पर स्वजनों ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर उसे तलाशने की गुहार लगाई है।

चार्टन लॉज निवासी सुनीता आर्या ने कोतवाली में शिकायत कर कहा है कि बीते पांच फरवरी को उसका छोटा भाई मयंक सुबह नौ बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। शाम को घर नहीं लौटने पर उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि किशोर की तलाश शुरु कर दी गई। उसके घर से बाजार तक के सीसीटीवी खंगाले जा रहे है।

# क्विज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता, धानाचूली**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज धानाचूली में आयोजित खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विज्ञान प्रदर्शनी के सीनियर वर्ग में राइका कसियालेख के मनोज बिष्ट ने प्रथम, राइका पहाड़पानी के जतिन कुमार ने द्वितीय तथा राबाइका भटेलिया की लक्ष्मी नयाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में भटेलिया की सोनिका नयाल प्रथम, खुशी बिष्ट द्वितीय, जबकि धानाचूली की गंगा बिष्ट तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग की क्विज प्रतियोगिता में राइका धानाचूली की कोमल बिष्ट एवं ज्योति बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राइका कसियालेख की निधि मेहता व निहारिका बिष्ट द्वितीय, जबकि राइका पदमपुरी के अक्षत बिष्ट एवं योगेश सती तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग की क्विज प्रतियोगिता में राइका ब्याह के रोहित संभल एवं यशवंत संभल प्रथम रहे। गुनियालेख के खेमानंदानी एवं खुशी दुम्का द्वितीय तथा पहाड़पानी के हिमानी रावत एवं रोहित जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं टीम क्विज प्रतियोगिता में जीईसी बबियाड़ प्रथम, गुनियालेख द्वितीय, जबकि पहाड़पानी तृतीय स्थान पर रहा। विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। धारी प्रभारी बीईओ शुभम वर्मा, राइका धानाचूली के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. पी. कुमार, जेपी पंत, अमर सिंह बिष्ट, पवन बिष्ट, गोपाल जोशी, रिंकी चौधरी रहे।



खंड स्तरीय विज्ञान आविष्कार प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक।

## सिटी ब्रीफ

### सड़क सुरक्षा के तहत पुलिस ने किया जागरुक

**हल्द्वानी :** एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस ने सड़क सुरक्षा माह के तहत राजकीय इन्टर कॉलेज रातीघाट भवाली में जाकर छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा दुर्घटना राहवीर थीम के तहत यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने, नाबालिगों को वाहन न चलाने, छात्र–छात्राओं को अपने परिजनों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल मनोज पंत, हरीश नाथ व कांस्टेबल शेर चंद्र थे।

### छात्रों ने खेल प्रतिभा

**हल्द्वानी :** पाल कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में शनिवार को वार्षिक एथलेटिक मीट हुई। चेयरमैन नारायण पाल ने खेलों को स्वास्थ्य और अनुशासन के लिए जरूरी बताया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त खेल निदेशक सुरेश चंद्र पांडेय ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। मौके पर सेक्रेटरी कामिनी पाल, एमडी निर्भय पाल, सीईओ अतुल पाल, कोच प्रेम सिंह थापा और देवेंद्र भट्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### राजपुरा में गोलज्यू महाराज का 10वां स्थापना दिवस संपन्न

**हल्द्वानी :** संतोषी माता मंदिर राजपुरा में गोलज्यू महाराज स्थापना समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्सव शनिवार को संपन्न हुआ। 5 फरवरी को पारंपरिक 'जागर' के साथ शुरू हुए इस उत्सव के अंतिम दिन शनिवार की सुबह हवन और यज्ञ किया गया। इसके उपरांत 21 कन्याओं को भोज कराकर विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के अध्यक्ष रविंद्र बाली ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से कुमाऊं की लोक संस्कृति जीवित रहती है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, प्रकाश हर्बोला, रेनू अधिकारी, दिनेश आर्य और मधुकर श्रोत्रिय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। हेमंत बिष्ट, पवन बिष्ट, राजू मेहरा का विशेष सहयोग रहा।

### छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की नमामि गंगे इकाई की छात्राओं ने माघ पर्व के अवसर पर स्वच्छता अभियान और खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के तहत हीरा नगर चौक व आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई की गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजय बिष्ट ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, यह संस्कारों की पाठशाला है। इस मौके पर अनुष्का, अपूर्वा, अंजलि, तनुश्री, हर्षिता, अंजलि बोरा सहित पीएलवी खिमेश पनेरू सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

### अंडर-19 फाइनल में कोल्ट्स ने दिखाया चैंपियन वाला खेल, फाइनल में एचसीसी को 6 विकेट से हराया

# कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने जीती जिला अंडर-19 ट्रॉफी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का समापन शनिवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में हुआ। फाइनल मुकाबले में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एचसीसी को 6 विकेट से हराकर जिला चैंपियन बना।

फाइनल मुकाबले में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ। कोल्ट्स के गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ के आगे एचसीसी के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। पूरी टीम 35वें ओवर में मात्र 140 रनों पर सिमट



जिला अंडर-19 क्रिकेट लीग जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी।

गई। एचसीसी की ओर से संस्कार गुप्ता ने सर्वाधिक 56 रन और वंश कनोजिया ने 47 रनों की पारी खेली, जबकि विशाल खाती ने 11 रन बनाए। कोल्ट्स की ओर से राहुल नौलिया और प्रांजल रैकवाल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट चटकाए। वहीं वंश रावत ने 2, जबकि देवानंद जोशी और कनिष्क बिष्ट ने 1-1 विकेट लिए। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने 31वें ओवर में 4 विकेट खोकर 145 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। वैभव मेहरा ने 64 रनों की शानदार पारी खेली। देवानंद जोशी ने 37 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया, जबकि प्रांजल रैकवाल और शशांक दुमका ने 14-14 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज के पार पहुंचाया। मैच के सफल संचालन में शिवम पांडे और हिमांशु चतुर्वेदी ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी हरप्रीत सिंह कम्बोज ने संभाली। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद तोलिया ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। लीग में शानदार प्रदर्शन के लिए कोल्ट्स अकादमी के राहुल नौलिया को 'मैन ऑफ द मैच' व 'सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज' चुना गया, जबकि लक्ष्य नयाल को 'सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज' और प्रांजल रैकवाल को 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया सहित खेल प्रेमी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

---

# निरीक्षण में सीओ ने कराया शस्त्र अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- सीओ ने हल्द्वानी कोतवाली का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण
- ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट, शिकायतों के निस्तारण के निर्देश

**अमृत विचार :** इन दिनों थानों और कोतवाली के अर्द्धवार्षिक निरीक्षण पर निकले सीओ अमित कुमार सैनी शनिवार को हल्द्वानी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने अपने सामने पुलिस कर्मियों को शस्त्र खोलने और जोड़ने का अभ्यास कराया। साथ ही निर्देशित किया कोतवाली को साफ-सुथरा रखा जाए।

सीओ ने ने थाना भवन, कार्यालय, बैरकों व हवालात का निरीक्षण कर साफ-सफाई व व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस समेत सभी ऑनलाइन पोर्टल्स की समीक्षा की। प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता को निर्देशित किया गया कि थाने के सभी ऑनलाइन कार्य समयबद्ध तरीके से अपडेट रखें। इसके साथ ही मालखाने की व्यवस्था सुधारने, माल मुकदमाती के पुलिंदों का रजिस्टर से मिलान कर लंबित मालों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर सीओ अमित कुमार ने कोतवाली परिसर में मुकदमों से संबंधित वाहनों को सुव्यवस्थित ढंग से खड़ा कराने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने सभी विवेचकों का ओआर लिया और विवेचना तय समय में पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी विजय सिंह मेहता, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रोहताश सिंह सागर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

---

# सबसे बड़े जालसाज को नहीं पकड़ पाया दरोगा, आईजी ने किया सस्पेंड

### जालसाज धनंजय गिरी को पकड़ने के लिए आईजी ने चौकी इंचार्ज अनिल को दिया था एक माह का समय

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जमीनों के नाम पर करोड़ों की जालसाजी का आरोपी धनंजय गिरी महीनों से फरार है। प्रशासन और पुलिस न सिर्फ मामले की जांच कर रही हैं, बल्कि धनंजय को सलाखों के पीछे पहुंचाने की जद्दोजहद भी कर रही हैं। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार को इसकी जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन वह इसमें नाकाम रहे। सामने आया कि दरोगा ने आरोपी से सांठ-गांठ कर ली थी और आईजी को भी गुमराह करते रहे। शनिवार को आईजी ने अनिल कुमार को निलंबित कर दिया।

भोटिया पड़ाव चौकी क्षेत्र के सुभाषनगर आवास विकास में रहने वाले धनंजय गिरी पर विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के करीब 9 मुकदमे दर्ज हैं। पिछले वर्ष वह तब चर्चा में आया जब उसने शहर के बीचो-बीच खड़ी एक बेशकीमती प्रॉपर्टी को कई बैंकों में गिरवी कर रखा था और उसी प्रॉपर्टी में बनी दुकानें भी बेच दी थीं। प्रशासन और पुलिस ने तुरंत उसकी घेराबंदी शुरू की, लेकिन तब वह फरार हो चुका था। अब तक धनंजय से सताए 20 शिकायतकर्ता सामने आ चुके हैं। इसके बाद प्रशासन ने एसआईटी गठित की। आईजी के निर्देश पर भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार को आरोपी को एक माह में पकड़ने और प्रगति रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया था। हालांकि जांच अधिकारी ने आरोपी से सांठ-गांठ कर ली और प्रगति रिपोर्ट में आईजी को गुमराह किया। आईजी ने बताया कि विवेचक की मिलीभगत और लापरवाही ने आरोपी को बचने का अवसर दिया।

आईजी ने कहा कि पिछले दो माह में कई पीड़ितों ने लिखित शिकायतें दी हैं और सभी पर एफआईआर दर्ज की जा रही है।


आईजी रिद्धिम अग्रवाल।


आरोपी धनंजय गिरी।


दरोगा अनिल कुमार।

#### शिकायत दर्ज कराने के लिए

आईजी ने अपील की है कि जिनके साथ धनंजय गिरी या उसके सहयोगियों ने धोखाधड़ी की है, वे 9411110057 पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा एसआईटी प्रभारी एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल या एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी को भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी निवेश से पहले जांच कर लें कि वह अधिकृत है या नहीं। जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि संदिग्धों की सूची तैयार कर एसआईटी को उपलब्ध कराएं।

#### कई सफेदपोशों के कालेधन का राजदार है धनंजय

धनंजय की पहुंच और रुतबे से हर कोई वाकिफ था। इसी वजह से वह बड़ी से बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम देता रहा। सूत्रों के अनुसार, उसने कई अधिकारियों और सफेदपोशों की रकम जमीन की खरीद-फरोख्त में लगाई। माना जा रहा है कि अगर धनंजय पकड़ा गया तो कई सफेदपोशों के कालेधन का चिट्ठा खुल सकता है।

#### पीड़ितों को धन वापसी एसआईटी का उद्देश्य

आईजी ने बताया कि एसआईटी का मुख्य उद्देश्य धोखाधड़ी से अर्जित धन को बीएनएसएस की धारा 107 के तहत न्यायालय के माध्यम से पीड़ितों को वापस दिलाना है। पूर्व में बने कुछ एसआईटी अनुचित पाए गए, जिन्हें भंग कर दिया गया है।

धोखाधड़ी से अर्जित संपत्तियों का लेखा-जोखा तैयार किया जा रहा है।

---

# ड्रग्स की बरामदगी पर दो को 12 वर्ष का कठोर कारावास

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) संजीव कुमार की अदालत ने नशीली दवाओं की बरामदगी के एक मामले में दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए 12-12 वर्ष के कठोर कारावास एवं दो लाख 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में अभियुक्तों को आठ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट के आदेश के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पूजा साह ने बताया कि चार सितंबर 2019 को औषधि विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा हल्द्वानी के इंद्रानगर छोटी लाइन क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बरेली रोड स्थित सिटी मेडिकोज की चेकिंग के दौरान मेडिकल स्टोर के बगल में एक संदिग्ध दरवाजा दिखाई दिया। तलाशी लेने पर वहां से नशीली दवाओं का बड़ा जखीरा बरामद हुआ।

पूछताछ में मोहम्मद अफसार ने बताया कि कमरे का स्वामित्व उसका है, जिसे उसने किराये पर मोहम्मद अजीम को दिया है। वहीं, मौके पर मौजूद मोहम्मद अजीम ने बताया कि वहां सीटी क्लीनिक एंड फार्मेसी संचालित की जा रही है और दवाइयों का संयुक्त रूप से विक्रय किया जाता है। टीम ने नौ प्रकार की नशीली दवाएं बरामद कीं, जिन्हें प्लास्टिक के डिब्बों में भरकर मार्कीन के कपड़े में सिला गया था।

इस संबंध में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूजा साह ने पांच गवाहों के बयान, विधि विज्ञान प्रयोगशाला चंडीगढ़ की परीक्षण रिपोर्ट सहित अन्य दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए।

बचाव पक्ष ने आरोपों को निराधार बताया। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त मोहम्मद अफसार पुत्र मो. ईशाक अहमद निवासी शनि बाजार गेट के पास, बनभूलपुरा तथा मोहम्मद अजीम पुत्र फारुख अली शाह निवासी वारसी कॉलोनी, थाना बनभूलपुरा को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 8/22 के तहत दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को 12 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1-1 लाख 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

---

# छात्राओं ने सीखे एडिटिंग व रेडियो तकनीकी के गुर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पीएमश्री अटल आर्दश बालिका इंटर कालेज नैनीताल का 42 छात्राओं का दल शनिवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन में शैक्षिक भ्रमण के लिए पहुंचा। इस दौरान उन्होंने रेडियो के तकनीकी पक्ष को जाना और रेडियो कार्यक्रम तैयार किए जाने के बारे में जानकारी भी ली।

रेडियो स्टेशन प्रभारी डॉ. राकेश रयाल ने छात्राओं को सामुदायिक रेडियो स्टेशन और यहां से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए कारगर है। आरजे अनिल नैलवाल ने छात्राओं को रेडियो के सभी तकनीकी पक्षों से के बारे में बताया।

विश्वविद्यालय में आई योग थेरेपिस्ट डॉ. करुणा चौधरी ने छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता व आहार संबंधी आदतों के प्रति जागरूक किया। आरजे सुनीता भट्ट ने उन्हें आवाज की दुनिया के विविध पक्ष के बारे में बताया। इस दौरान छात्राओं ने ऑडियो एडिटिंग भी सीखी। इस मौके पर निमिता आर्या, नीता आर्या, बीना पंत, रीता टम्टा आदि शामिल रहे।

---

# वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पोते को कोचिंग से लेने के लिए निकले दादा हादसे का शिकार हो गए। घर से कुछ ही दूरी पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था में दादा को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक बिदोरा मझोला सितारगंज ऊधमसिंह नगर निवासी शिवराज सिंह राणा (66 वर्ष) डाक विभाग से सेवानिवृत्त थे। बताया जाता है कि बीती 5 फरवरी को शिवराज का पोता कोचिंग गया था। शिवराज रोजाना उसे कोचिंग से लेने जाते थे। 5 फरवरी को भी स्कूटी से वह पोते को लेने निकले थे, लेकिन रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लाया गया, जहां शुक्रवार रात उनकी मौत हो गई।

---

# यौन उत्पीड़न व लैंगिग भेदभाव पर रोक पर जोर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 (पीओएसएच एक्ट ) पर कार्यशाला हुई। विवि के सभागार में आयोजित कार्यशाला में महिलाओं व ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव-मुक्त कार्यस्थल उपलब्ध कराने और यौन उत्पीड़न की रोकथाम व निवारण के लिए प्रभावी तंत्र बनाने पर जोर दिया गया।

विवि के महिला अध्ययन केन्द्र, आंतरिक शिकायत समिति व महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हीरा जंगपांगी ने पीओएसएच अधिनियम को समानता और सुरक्षित कार्य संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण बताया। तकनीकी सत्र और प्रश्नोत्तर के माध्यम से प्रतिभागियों को अधिनियम के प्रावधानों, अधिकारों और दायित्वों की जानकारी दी गई। प्रो.डिगर सिंह फर्सवान ने कहा कि पीओएसएच एक्ट 2013 कार्यस्थल को महिलाओं के लिए सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक बनाने पर केंद्रित है। यह 10 या अधिक कर्मचारियों वाले सभी निजी-सरकारी संगठनों में आंतरिक समिति के गठन, जागरुकता कार्यक्रमों और यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी देता है।


यूओयू में आयोजित कार्यशाला के दौरान मौजूद लोग।

कार्यशाला का समापन संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। इससे पहले विवि के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे ने की। इस मौके पर प्रो. पीडी पंत, प्रो. रेनू प्रकाश, डॉ. नागेंद्र गंगोला, डॉ. नीरज जोशी, प्रो. राकेश रयाल, डॉ. घनश्याम जोशी, डॉ. शशांक शुक्ल, डॉ. द्विजेश उपाध्याय, दीपा फुलारा, डॉ. नमिता वर्मा आदि मौजूद रहे।

---

# संत रविदास की जयंती सप्ताह का समापन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा अनुसूचित मोर्चा की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती सप्ताह का समापन हो गया।

अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवींद्र बाली आर्य ने बताया कि संत रविदास का जयंती सप्ताह 31 जनवरी से 7 फरवरी तक मनाया गया। इसी क्रम में शनिवार को एक विचार गोष्ठी हुई। इसका शुभारंभ अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन व संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। कुमार ने कहा कि संत रविदास ने समाज कल्याण के लिए काम किया। साथ ही उनके जीवन काल में घटित घटनाओं के विषय में जानकारियां दी और बताया कैसे वह अध्यात्मिक गुरु बने और ज्ञान प्राप्त किया। साथ ही समाज को एक करने के लिए काम किया। इस दौरान दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, सुमित्रा प्रसाद, संजीव कुमार, मधुकर श्रोत्रिया, प्रताप रैक्वाल, दिनेश सिंह मौजूद रहे। गोष्ठी का संचालन चंद्र प्रकाश आर्य व भुवन आर्य ने किया। बॉबी आर्य, आनंद आर्य, गणेश आर्य, योगेश राजौर, भुवन आर्य रहे।

---

**आरोप** | नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा सरकार ने जमीनों को बिना प्रक्रिया पूरे किए यूआईआईडीबी को दिया

# सरकार चहेतों को कौड़ी के भाव जमीन देने की तैयारी में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राज्य सरकार पर विभिन्न सरकारी विभागों की बहुमूल्य जमीन को चहेते लोगों को कौड़ियों के भाव देने की षडयंत्र तैयार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस षडयंत्र के तहत देहरादून के विकासनगर में जल विद्युत निगम और नैनीताल के रामगढ़ में उद्यान विभाग की जमीनों को यूआईडीबी के नाम करने का शासनादेश जारी कर दिया है। आशंका जताई कि अब यूआईडीबी के माध्यम से सरकार इन जमीनों को चहेते लोगों को औने पौने दामों में दे देगी। जार्ज एवरेस्ट मामले में भी सरकार ने यही किया था। नेता प्रतिपक्ष आर्य ने बताया कि 29 अगस्त 2025 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें 27 स्थानों में स्थित राज्य के विभिन्न विभागों की हजारों एकड़ भूमियों के इष्टतम उपयोग के नाम पर किसी अन्य विभाग के माध्यम से चहेते लोगों को देने की सहमति बनी। उन्होंने बताया कि दिसंबर 25 को इन 27 जमीनों में से दो जमीनों जल विद्युत निगम की देहरादून के डाकपत्थर विकास नगर स्थित क्षेत्र 77 हेक्टेयर जमीन को तथा नैनीताल जिले के रामगढ़ स्थित उद्यान विभाग की 8 हेक्टेयर भूमि को हॉस्पिटैलिटी प्रोजेक्ट के नाम पर विकसित करने के नाम पर यूआईडीबी को देने संबंधी शासनादेश नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने जारी किया। बीती 15 जनवरी 2026 को आर मीनाक्षी सुंदरम ने यूआईडीएआई के प्रबंध निदेशक के रूप में देहरादून और नैनीताल के जिला अधिकारी को पत्र लिखकर इन दोनों जमीनों का दाखिल खारिज यूआईआईडीबी के नाम करके इन दोनों भूमियों का सीमांकन करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि, ये जमीनें कभी किसानों से अधिग्रहीत की गई थी, अब इन्हें बिना प्रक्रिया पूरे किए यूआईआईडीबी को दिया गया है । जल विद्युत निगम की जमीन या संपत्ति किसी को देने के लिए प्रस्ताव निगम के बोर्ड में पास होने चाहिए जो नहीं किया गया। यह भी आरोप लगाया कि सरकार को जब भी जमीनों संबंधी नियम विरुद्ध कार्य करवाने होते हैं तो इन सारे संबंधित विभागों के सचिव या निगमों के प्रबंध निदेशक का पदभार एक ही अधिकारी को दिया जाता है। यही हाल रहा तो सरकार के पास भविष्य में विकास योजनाओं या अन्य सामूहिक कार्यों के लिए एक इंच जमीन भी नहीं रहेगी।

> अब कांग्रेस के पास आरोप लगाने के अलावा कोई काम नहीं बचा है। वैसे नेता प्रतिपक्ष आर्य के सभी आरोप निराधार हैं। भाजपा सरकार सभी काम नियमानुसार ही करती है, फिर जमीन आवंटन की प्रक्रिया ही क्यों नहीं हो। **–तरुण बंसल**, प्रदेश महामंत्री भाजपा

---

# एसटीएच में दूरबीन विधि से कंधे की सफल सर्जरी

**हल्द्वानीः** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग ने एक 45 वर्षीय महिला के 'फ्रोजन शोल्डर' का सफल ऑपरेशन किया है। मोटाहल्दू निवासी दीपा भट्ट पिछले एक वर्ष से कंधे के असहनीय दर्द और जकड़न से परेशान थीं, जिसके कारण उनका हाथ उठना बंद हो गया था। अस्थि रोग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. गौरव जिंदल ने डॉ. गणेश सिंह के मार्गदर्शन में दूरबीन विधि के जरिए 'कैप्सुलर रिलीज' सर्जरी कर इस जटिल समस्या का समाधान किया। डॉ. जिंदल ने बताया कि निजी अस्पतालों में इस सर्जरी का खर्च करीब 1.5 से 2 लाख रुपये आता है, जबकि यहां यह बेहद कम खर्च में की गई। प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी ने सफल सर्जरी के लिए डॉ. जिंदल, डॉ. परमिंदर, डॉ. हरकीरत व एनेस्थीसिया टीम को बधाई दी।

---

# केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय बजट को आत्मनिर्भर भारत व सशक्त उत्तराखंड की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। शनिवार को मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में सांसद भट्ट ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को सशक्त करता है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था, युवाशक्ति, किसान, मध्यम वर्ग, उद्योग और ग्रामीण भारत को नई गति देने वाला सिद्ध होगा।

यह बजट पर्वतीय राज्यों के समग्र विकास को नई मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल वर्तमान आवश्यकताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित भारत–2047 की मजबूत और टिकाऊ आधारशिला रखता है। सरकार के लिए विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन में वास्तविक और सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है। यह बजट मध्यम वर्ग, करदाताओं और श्रमिकों के लिए राहत का बजट है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे पर्वतीय राज्यों के लिए इकोलॉजिकली सस्टेनेबल माउंटेन ट्रेल्स की घोषणा विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन का उदाहरण है। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया संयोजक प्रदीप जनौटी, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, दर्जामंत्री नवीन वर्मा रहे।

---

# अतिरक्त पैसा लिया तो सीएससी केंद्रों पर कार्रवाई

**हल्द्वानीः** आरटीओ डॉ. गुरदेव सिंह ने आम जनता की ओर से निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे लिए जाने की शिकायतों को लेकर संभागीय परिवहन कार्यालय के बाहर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और अन्य ऑनलाइन सर्विस सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आरटीओ की ओर से सेंटर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि आवेदकों से केवल शासन की ओर से निर्धारित फीस ही ली जाए। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में अतिरिक्त शुल्क वसूली की शिकायत मिलती है, तो संबंधित संचालक के विरुद्ध प्रशासन को कठोर कार्यवाही की संस्तुति की जाएगी। इस दौरान आरटीओ (प्रवर्तन) अरविंद पांडे, एआरटीओ विपिन कुमार सिंह शामिल रहे।

### सिटी ब्रीफ

#### इलाज के लिए जा रही बीमार महिला की सड़क हादसे में मौत

**किच्छा :** पुलभट्टा फ्लाई ओवर के पास एक भीषण सड़क हादसे में एंबुलेंस सवार बीमार महिला की मौत हो गई। नानकमत्ता निवासी कुलवंत सिंह अपनी अस्वस्थ पत्नी ललिता देवी को एंबुलेंस से इलाज के लिए रुद्रपुर ले जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आए तेज रफ्तार ट्रक ने एंबुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ललिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना में परिवार के अन्य सदस्य भी चोटिल हुए हैं। पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### खेत में मिले गोवंश के अवशेष ग्रामीणों में आक्रोश

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम शहदौरा में अज्ञात तस्करों द्वारा एक किसान के खेत में गौकशी किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह खेत में गोवंशीय पशु के कटे हुए सिर और अवशेष मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।खेत स्वामी सूरज कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके बटाईदार विजय कुमार ने सुबह खेत में खून और मांस बिखरा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलभट्टा थाना पुलिस ने गोवंश के अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में जुट गई है। ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

#### लालपुर क्षेत्र से दो बाइकें चोरी

**किच्छा :** कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए अलग-अलग स्थानों से दो और मोटर साइकिलों पर हाथ साफ कर दिया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना में, वार्ड नंबर-12 निवासी फरीद अहमद की स्प्लेंडर बाइक उस समय चोरी हो गई, जब उन्होंने 2 फरवरी को अपनी बाइक यूनियन बैंक के बाहर खड़ी की थी। दूसरी घटना लालपुर क्षेत्र की है, जहां रुद्रपुर निवासी मंजीत सिंह की स्प्लेंडर बाइक घर के बाहर से चोरी कर ली गई।

#### कच्ची शराब के साथ तस्कर को दबोचा

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गश्त के दौरान लखविंदर सिंह (निवासी पटेरी) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 27 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है।

# यूजीसी नियम में बदलाव बर्दाश्त नहीं, जताया विरोध

## नए नियम को लेकर डीएम कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते सवर्ण समाज के लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से नया नियम लागू करने से सवर्ण समुदाय के लोगों में आक्रोश है। इससे नाराज लोगों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर जल्द नया नियम वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा से जुड़े पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत दिनों यूजीसी ने नियम में नया बदलाव किया है। जो स्वर्ण समुदाय के साथ भेदभाव है। जबकि देश में इस नये नियम की आवश्यकता नहीं है। आरोप था कि सरकार ने सवर्ण समुदाय के युवाओं को प्रताड़ित करने का कार्य किया है और फूट डालो राज करो की राजनीति को बढ़ावा दिया है, जबकि वास्तविकता यह है कि वर्तमान में युवा पीढ़ी को जाति-धर्म का ज्ञान नहीं है।

सर्वधर्म समभाव की भावना से मित्रता है, लेकिन अब सरकार ने युवा पीढ़ी के अंदर नफरत फैलाने वाला कानून बनाया है। उन्होंने सर्व समाज से संगठित होकर यूजीसी का पुरजोर विरोध करने का आह्वान किया और केंद्र सरकार से इस काले कानून को ही रद्द करने का मुद्दा उठाया। ताकि देश-प्रदेश की कौमी एकता व अखंडता बनी रहे। इस अवसर पर वीडी शर्मा, नितिन शुक्ला, डॉ.नरेश चौबे, अशोक कुमार, विनोद तिवारी, दुर्गा शरण बाजपेयी, अरविंद दुबे, राहुल दुबे, विनय दुबे, बीडी शर्मा, नीरज उपाध्याय, रविंद्र शर्मा, चंद्रकांत द्विवेदी, अनुज कुमार शर्मा, महामाया मिश्रा, उमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## टैलेंट के बदलते स्वरूप पर विचार साझा किए

**काशीपुर:** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में वार्षिक एचआर कॉन्क्लेव समन्वय 2026 चैप्टर 2 का आयोजन हुआ। इसमें वरिष्ठ उद्योग लीडर्स और एचआर प्रैक्टिशनर्स ने भाग लिया और आधुनिक कार्यस्थल में करियर और टैलेंट के बदलते स्वरूप पर विचार साझा किए। आईआईएम में कॉन्क्लेव की थीम फ्रॉम एम्प्लॉयमेंट टू एनेबलमेंट रखी गई। प्रथम पैनल चर्चा का विषय फ्रॉम जॉब टाइटल्स टू स्किल पोर्टफोलियोज: रीइमैजिनिंग करियर प्रोग्रेशन था। इस अवसर पर मदरसन के एचआर स्ट्रैटेजी देबोज्योति भट्टाचार्य ने कहा कि प्रोफेशनल्स को किसी भी रोल के लिए अप्लाई करने से पहले अपने स्किल फीट का आकलन करना चाहिए और एफर्ट्स को आउटकम्स के साथ अलाइन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि टेक्नीक्स को सही संदर्भ में मास्टर करने के बाद सफलता स्वाभाविक रूप से मिलती है, और भविष्य में क्रॉस-फंक्शनल रोल्स की भूमिका और बढ़ेगी। पैनल चर्चाओं का संचालन पेटीएम के सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर उत्कर्ष सिंह ने कहा कि स्किल्स में किया गया निवेश समय के साथ कम्पाउंड होता है। उन्होंने कहा कि टाइटल्स बदल सकते हैं, लेकिन मजबूत स्किल पोर्टफोलियोज व्यक्ति को विभिन्न रोल्स, फंक्शन्स और इंडस्ट्रीज में अवसर प्रदान करते हैं।

# 18 सूत्रीय मांगों को लेकर भड़के राज्य कर्मचारी, आंदोलन की धमकी



एडीएम को ज्ञापन देते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा**
- **कर्मचारी एसीपी पदोन्नत वेतनमान देने की मांग उठाई**

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** 18 सूत्रीय मुद्दों को उठाते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद लामबंद हो गया है। जिसको लेकर परिषद के पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बाद में एडीएम कौस्तुभ मिश्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। वहीं पदाधिकारियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शनिवार को प्रदर्शन के दौरान परिषद जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने कहा कि पिछले लंबे समय से कर्मचारी एसीपी पदोन्नत वेतनमान देने, गोल्डन कार्ड की सुविधा को बेहतर बनाने, सातवें वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर करते हुए रिपोर्ट सार्वजनिक करने, पदोन्नति शर्त को शीघ्र हटाने, वाहन भत्ता संशोधन कर मंत्रिमंडल के सामने पेश करने, सामंजस्य बनाकर पुनर्गठन व सेवा नियमावली को लागू करने, पंजाब-राजस्थान की तर्ज पर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने करने की मांग कर रहे हैं।

इसके अलावा आठवें वेतन आयोग के सुझाव को राज्य सरकार को प्रेषित करें, वर्कचार्ज कर्मियों को पेंशन-ग्रेच्युटी की समस्या का समाधान, सेवानिवृत कार्मिकों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति का समाधान करने, सभी वर्दीधारी कर्मियों को पुलिस कर्मियों की भांति सुविधाएं मुहैया कराने, सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के वेतन वृद्धि शासनादेश में संशोधन करने, सेवानिवृत्त व सेवारत कार्मिकों के राशिकरण की कटौती पर समय में काम करने, राज्य कर्मियों को केंद्र की भांति मकान किराया भत्ता देने सहित 18 मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

उन्होंने आगाह किया कि शासन-प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक एसके नैयर, जिला मंत्री सचिन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष मंडी बोर्ड संघ राजेंद्र प्रसाद, रविंदर जीत सिंह, सुभाष रयाल, भागीरथ सिंह, प्रताप सिंह, बलराज सिंह राज, रमा द्विवेदी, अनिल अरोरा, हरिकेश सिंह, राम सिंह मेहता आदि मौजूद रहे।

# लोन चुकता करने के बाद भी 1.44 लाख बकाया

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में एक बैंक द्वारा लोन चुकता करने के बाद भी लाखों रुपये बकाया होने का मामला सामने आया है। जिसके बाद मानसिक अवसाद से गुजर रहे लोन धारक व डीएम के चालक रहे बुजुर्ग ने बैंक में धरना देकर एनओसी जारी करने का मुद्दा उठाया। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।



धरना देता बुजुर्ग।

जिलाधिकारी के सेवानिवृत चालक रहे बुजुर्ग वासीउल्ल रहमान ने बताया कि 6 जुलाई 2023 को पत्नी परवीन ने एक बैंक से डेढ़ लाख रुपये का लोन लिया था। छह किश्तों के माध्यम से ऋण चुकता किया और 12 जनवरी 2024 को 19 हजार रुपये का बकाया चालान के साथ जमा करा दिया था। जब बैंक से नो ड्यूज का लेटर मांगा तो बैंक आनाकानी करने लगा और किसी भी प्रकार की किश्त जमा होने से इंकार कर दिया। बार-बार चक्कर काटने पर बुजुर्ग को इंसाफ नहीं मिला तो शनिवार को लोन धारक ने बैंक मैनेजर कार्यालय के सामने ही जमीन पर बैठकर धरना शुरू कर दिया।

# बिज्टी चौक पर पलटा ओवरलोड गन्ने का ट्रक, जाम

- **गन्ने के ढेर में दबे दो युवकों को सुरक्षित निकाला गया**

**संवाददाता, सितारगंज**

**अमृत विचार:** बिज्टी चौक पर शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होने से हड़कंप मच गया। खटीमा मार्ग से आ रहा गन्ने से लदा एक ओवरलोड ट्रक टायर फटने के कारण चौराहे के बीचों-बीच पलट गया। ट्रक के नीचे बाइक सवारों के दबे होने की सूचना पर पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक का एक टायर पहले ही फट चुका था, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी, जिससे दूसरे टायर पर दबाव बढ़ा और वह भी फट गया। हादसे के बाद कोतवाल सुंदरम शर्मा, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह और



सितारगंज में बिज्टी चौराहे पर पलटा गन्ने से भरा ट्रक, बचाव में लगे पुलिस कर्मी व स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल की मौजूदगी में जेसीबी और हाइड्रा मशीनों की मदद से करीब एक घंटे तक गन्ना हटाया गया। गन्ने के ढेर के नीचे दबे दो युवकों मो. हसन और मतीन (निवासी बघौरी) को कड़ी मशक्कत के बाद घायलावस्था में बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गनीमत रही कि व्यस्त रहने वाले इस चौराहे पर कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

ओवरलोड वाहन से बड़ी अनहोनी का बचाव हो गया लेकिन तमाम चेक पोस्ट, सचल दल, पुलिस, प्रशासन इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है। किसानों की फसल बताकर गन्ने से भरे ट्रक चलते हैं। जबकि इन ट्रकों का गन्ना किसानों से कोई मतलब नहीं है। आये दिन चेकिंग में भी बचकर निकलते हैं। विभागों की ओर से कार्रवाई नहीं होने के कारण लोगों की जान जोखिम में रहती है।

#### ट्रक के पलटने से चारों ओर लगा घंटों जाम

**सितारगंज :** बिज्टी चौक पर गन्ने के ट्रक के पलटने से सितारगंज की सभी सड़कों पर जाम लग गया। खटीमा मार्ग, सिडकुल की ओर से आने व जाने वाले वाहनों, तिरंगा चौक, बिज्टी रोड, रोडवेज स्टेशन मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम से चारों ओर आवागमन घंटों बाधित रहा। यहां तक कि जाम में एम्बुलेंस भी फंसी रही। पुलिस ने हाइड्रा क्रेन से पलटे ट्रक को हटाकर व जेसीबी से सड़क पर फैले गन्ने को हटाकर आवागमन सुचारू कराया।

# छात्र व प्राचार्य आए आमने-सामने

- **छात्र ने लगाया धक्का-मुक्की का आरोप, प्राचार्य ने लगाया एक कर्मी से मारपीट का आरोप**

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक छात्र ने जहां प्राचार्य पर धक्का-मुक्की व अभद्रता करने का आरोप लगाया है। वहीं प्राचार्य ने भी छात्र पर फर्जीवाड़ा करने और एक कर्मचारी से हाथापाई करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर आने के बाद प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

यहां बता दें कि प्रेम विश्वास ने तहरीर देते हुए बताया कि वह इग्नू अध्ययन केंद्र से बीए तृतीय की शिक्षा प्राप्त कर रहा है। शनिवार की दोपहर 12 बजे वह बंगाली स्कॉलरशिप के लिए हस्ताक्षर कराने के लिए डिग्री कॉलेज गया था। जहां प्राचार्य डॉ.अवधेश नारायण सिंह और प्रोफेसर सर्वजीत सिंह ने अभद्रता की और धक्का-मुक्की कर के बाहर निकाल दिया। उधर, प्राचार्य ने भी कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि प्रेम विश्वास नाम का बाहरी युवक पिछले एक साल से डिग्री कॉलेज आकर सरकारी काम में बाधा डालता है। 6 फरवरी को वही युवक कॉलेज में आता है और प्रोफेसर से अभद्र व्यवहार करता है। बताया कि 31 दिसंबर और 12 जनवरी को भी छात्र की करतूत के खिलाफ तहरीर दी थी। उस वक्त छात्र ने लिखित माफीनामा लिखकर समझौता किया था, जबकि इग्नू की शिक्षा रविवार के दिन होती है और छात्र बेवजह घूमता रहता है।

इसके अलावा कई विद्यार्थियों के शिकायती पत्र भी सामने आए हैं। छात्र विद्यार्थियों से फार्म भरवाने या फिर शैक्षणिक कार्य के नाम पर वसूली करता है। इसके अलावा विद्यार्थी द्वारा कॉलेज के कर्मी से भी हाथापाई कर चुका है। आए दिन विद्यार्थी कॉलेज में आकर अराजकता का माहौल पैदा करता है। जिससे शैक्षिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। कारण विद्यार्थी की हर हरकत सीसीटीवी कैमरों में कैद है।

## क्रेटा कार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**किच्छा:** कोतवाली पुलिस ने दरऊ चौक से दिनदहाड़े चोरी हुई क्रेटा कार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार भी बरामद कर ली है। घटना के अनुसार, बीती 1 फरवरी को आजाद नगर निवासी लक्ष्मण दास अरोड़ा जब अपनी क्रेटा कार से दरऊ चौक पर फल खरीद रहे थे, तभी चोर कार लेकर फरार हो गया था। लक्ष्मण दास के पुत्र प्रवेश अरोड़ा की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने रामपुर (यूपी) निवासी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की कार बरामद की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सब जूनियर सेपक टाकरा टीम का चयन

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** द सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने उत्तराखंड जूनियर बालक व बालिका सेपक टाकरा की टीम का ट्रायल के बाद चयन कर लिया है। ट्रायल में विभिन्न जनपदों से 40 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। यह टीम सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से रांची (झारखंड) में 23 से 27 मार्च को आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

जिला ओलंपिक संघ ऊधमसिंह नगर के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेपक टकरा खिलाड़ी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि चयनकर्ताओं ने विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों के मध्य मैच एवं उनकी तकनीकी परीक्षण का आयोजन कर ट्रायल को संपन्न कराया। इसके बाद खिलाड़ियों को चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल में उनके अलावा सेपक टकरा खिलाड़ी गौरव बेनीवाल, काव्य मौर्य, तेजस्वी कुमार, राहुल जोशी, शिवम नेगी, सूरज ठाकुर, शुभ श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। संघ के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया की चयनित टीम की घोषणा सभी खिलाड़ियों के प्रपत्रों की जांच करने के बाद की जाएगी। चयनित टीम का प्रशिक्षण शिविर जल्द आयोजित किया जाएगा।



जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के साथ चयनित खिलाड़ी। ● अमृत विचार

#### महाशिवरात्रि पर किन्नर समाज करेगा विशाल भंडारा

**रुद्रपुर :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर देश व सर्वसमाज की खुशहाली, समृद्धि व आपसी सौहार्द की कामना को लेकर किन्नर समाज ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन करेगा। किन्नर समाज रम्पुरा स्थित मां कटोरी देवी मंदिर में किया जाएगा। शनिवार को जानकारी देते हुए किन्नर समाज की स्थानीय गद्दीनशीन किन्नर सुनीता उर्फ पिंकी ने बताया कि किन्नर समाज द्वारा आपसी सहयोग से हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में रुद्रपुर समेत हल्द्वानी, बिलासपुर, रामपुर, मुरादाबाद आदि क्षेत्रों के साथी किन्नर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को सुबह 12 बजे से मंदिर में हवन किया जाएगा। जिसके बाद किन्नर समाज द्वारा कन्याओं का पूजन कर उन्हें व मंदिर में भंडारा प्रसाद का भोग लगाया जाएगा।

**विवाद** | चरित्र हनन का मुद्दा उठाते हुए बताई आपबीती, आत्मसम्मान की लड़ाई में मांगा नेताओं का साथ

# मीना ने लिखा राहुल गांधी को खत, ठुकराल का किया जिक्र

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के खिलाफ एक बार फिर मोर्चा खोलते हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं महिला कांग्रेस की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को खत लिखा है। खत में पूर्व विधायक द्वारा दुर्व्यवहार का संपूर्ण जिक्र भी किया। साथ ही राहुल गांधी से महिला आत्म सम्मान की इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का साथ देने का आह्वान भी किया।

दिसंबर 2024 को एक ऑडियो वायरल होती है। कथित ऑडियो में आवाज पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की बताई जा रही है। जिसमें ठुकराल की कथित तौर पर आ रही आवाज में पूर्व पालिकाध्यक्ष व महिला कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। ऑडियो वायरल होते ही पूर्व पालिकाध्यक्ष ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। एक साल बीत जाने के बाद एक बार फिर ऑडियो का जिन्न बाहर निकला और मीना शर्मा ने महिलाओं के साथ कोतवाली में धरना दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और एसएसपी ने ठुकराल का गनर भी छीन लिया। इसके बाद मीना ने ठुकराल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आरोप-प्रत्यारोप के बाद कुछ दिन मामला शांत रहा, लेकिन 6 फरवरी को कांग्रेस नेत्री ने पूर्व विधायक की भाषा का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को खत लिखकर उनके चरित्र हनन की लिखित जानकारी दी। जिसमें मीना ने जिक्र किया कि ठुकराल की भाषा शैली क्या है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर की जनता जानती है और उनकी पार्टी की महिला के सम्मान की रक्षा करना पार्टी की नैतिक जिम्मेदारी है। उनके 20 वर्षों के त्याग का फल भी मिलना है। जिसको लेकर ठुकराल के खिलाफ उनकी इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी और पार्टी के नेताओं को भी साथ देना चाहिए। अब देखना यह है कि मीना का यह खत कितना कारगर साबित होगा। यह आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन यह हकीकत है कि मीना की नाराजगी ठुकराल के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा पर विराम लगा सकती है।

#### ठुकराल बोले- मेरा हर प्रयास हुआ विफल



**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि उनके द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक माफी भी मांगी, जबकि ऑडियो प्रकरण की जांच जारी है। वह हर जांच के लिए तैयारी भी हैं। बावजूद मीना शर्मा से कोई द्वेष भावना नहीं है। कारण वह परिवार वाले हैं और ऑडियो प्रकरण को लेकर वह अपना पक्ष रख चुके हैं। हर प्रयास कर चुके हैं, लेकिन विफल रहे। साथ ही प्रकरण को लेकर अब वह कोई बयानबाजी नहीं करेंगे।

#### राष्ट्रीय व प्रदेश नेताओं को भी लिखा खत



**रुद्रपुर :** पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष संसद राहुल गांधी को खत लिखने के साथ प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को भी साथ देने का आह्वान किया। कांग्रेस नेत्री ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड सहित कांग्रेस के सभी विधायक का नाम लिखकर ठुकराल के खिलाफ खोले गए मोर्चे में साथ देने का आह्वान किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने कहा कि 20 सालों से वह अपने पति अनिल शर्मा के साथ पार्टी में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# बर्तन धोकर सेवा कर रहे सौरभ

- **सोशल मीडिया पर सौरभ की वायरल हुई वीडियो, खुद पर हमले के मामले में पश्चाताप**

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** पत्नी की सहानुभूति पाने के लिए खुद पर हमला कराने के साजिशकर्ता एवं किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के संबंध विच्छेद बेटे सौरभ की सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है। जिसमें सौरभ गुरु घर में बर्तन धोते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना था कि वीडियो उनके द्वारा वायरल नहीं की। यह सत्य है कि वह पांच दिन तक गुरु घर पर सेवा कर पश्चाताप करेंगे।

यहां बता दें कि 18 जनवरी की शाम को किच्छा विधायक के पार्षद बेटे सौरभ राज बेहड़ पर बाइक चार युवकों ने हमला कर दिया था। जिसके बाद प्रदेश की राजनीति में भूचाल आया और पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया। तीन दिन की मशक्कत के बाद जब खुलासा हुआ तो वह बेहद ही चौकाने वाला था। खुलासे में बताया गया कि सौरभ ने पत्नी की सहानुभूति पाने के लिए अपने दोस्त इंदर नारंग के साथ मिलकर साजिश रची थी और हाथापाई के लिए आदर्श कॉलोनी के रहने वाले वंश कुमार, बादशाह और दीपक सिंह को तैयार किया था, जबकि पिता ने बेटे से संबंध विच्छेद का ऐलान कर दिया था।



गुरु घर में बर्तन धोते पार्षद सौरभ बेहड़।

प्रकरण के कुछ दिन बाद सौरभ बेहड़ की एक वीडियो आयी। जिसमें वह पुलिस, जनता, समर्थकों और पिता से भावुक होकर माफी मांग रहे थे। वहीं ऐलान किया था कि वह पांच दिन तक गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में जाकर जोडों की सेवा करेंगे। बयान के बाद शनिवार को अचानक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें वह गुरु घर में बर्तन धोने की सेवा करते हुए दिखाई दिए। पूछे जाने पर सौरभ ने बताया कि वीडियो उनके द्वारा जारी नहीं की, बल्कि हो सकता है कि सेवा के दौरान किसी शख्स ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी होगी। सत्य यह है कि वह अपने कृत्य पर बेहद शर्मिंदा हैं।

ब्रीफ न्यूज

## जसपुर में लकड़ी की दुकान में लगी आग

**जसपुर** : शार्ट सर्किट से लकड़ी की दुकान में लगी आग से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। शनिवार को पतरामपुर रोड पर लकड़ी मंडी चौराहे के पास मो. आरिफ की लकड़ी की दुकान है। दोपहर सवा दो बजे पास खड़े खंबे में हुए शार्ट सर्किट से दुकान की छत में आग लग गई। हवा के चलते आग चारों और फैल गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे अफरातफरी मच गई। साथ ही रोड पर जाम लग गया। सूचना पर आई फायर ब्रिगेड ने आग पर मशक्कत कर काबू पाया। वहीं, पुलिस ने यातायात को सुचारू कराया। दुकान स्वामी मो. आरिफ ने बताया कि आग से उसकी साल सागौन आदि की कीमती लकड़ी जल गई है। उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उसने तहसील प्रशासन को सूचना दे दी है।

## जसपुर में आज निकलेगी शोभा यात्रा

**जसपुर** : नगर के ठाकुर मंदिर स्थित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत शनिवार को भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा में रुक्मणी विवाह सुनाया गया। इससे पहले शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देर शाम फलाधिवस पूजा की गई। कार्यक्रम में रविवार को नगर में शोभायात्रा निकलेगी। यात्रा में शामिल होने के लिए पहली बार कुमाऊनी छोलिया नृत्य की टीम भी हिस्सा लेगी। महंत बाबा भागवत दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## चयन ट्रायल 9 को

**काशीपुर** : खेलो इंडिया अनुसूचित जनजाति के पुरूष एवं महिला दोनों वर्गों के खेल विधाओं का पुन: चयन ट्रायल्य सोमवार 09 फरवरी, 2026 को स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर, ऊधमसिंह नगर में होगा। प्रदेश भर के अनुसूचित जनजाति के खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। जिसकी व्यापक तैयारी की जा रही है। स्टेडियम प्रभारी महेश्वर सिंह नेगी ने बताया कि इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ में होने वाले खेलो इण्डिया ट्रायल गेम में प्रतिभाग करेंगे।

## ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान

**काशीपुर** : परिवहन विभाग की टीम ने भूसे से भरे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 15 वाहनों को सीज कर 105 वाहनों का चालान किया गया। जिससे वाहन चालकों में अफरा तफरी मची रही। शनिवार को एआरटीओ (प्रवर्तन) संदीप वर्मा के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने बाजपुर और काशीपुर के बीच ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया।

# 11.80 ग्राम हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** शक्तिफार्म पुलिस ने 11.80 ग्राम हेरोइन के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 5700 रुपये की नकदी बरामद की है। वहीं, मामले में पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की है।

शुक्रवार को एसआई प्रकाश भट्ट ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के बाबत वह अपनी टीम के साथ गांव पिपलिया में रात्रि गश्त पर थे। तभी वहां स्थित एक मकान में एक महिला के साथ कुछ लोग खड़े होकर बातचीत करते हुए दिखाई दिए।

बताया कि जैसे ही उन्होंने पुलिस को आते हुए देखा सभी लोग मौके से फरार हो गए। संदिग्ध प्रतीत होने पर एसआई बबीता टम्टा ने महिला की तलाशी ली। गांव पिपलिया निवासी सीमा कौर (20) के पास से 11.80 ग्राम हेरोइन के साथ 5700 रुपये बरामद किए।

पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि एक साल पहले पिपलिया निवासी प्रकाश सिंह से उसका विवाह हुआ है। वह गांव में दुकान चला परिवार का भरण-पोषण करती है।

बताया कि वह पिछले दो महीनों से हेरोइन बेच रही है। उसका पति ही उसे हेरोइन लाकर देता है। यहां जो लोग खड़े थे। वह नशा खरीदने आए थे। वहीं, मामले में पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज किया है। उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

### वार्ड-सात की समस्याओं के निदान के लिए सभासद के नेतृत्व में नगर पंचायत अध्यक्ष से मिले वार्डवासी

# नगर का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता से होगाः कौर

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने कहा कि समग्र नगर का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाएगा। नगर के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। बोर्ड की बैठक में प्रस्तावित सभी विकास कार्यों को शासन से स्वीकृति मिलने और बजट आने पर शीघ्र शुरू किया जाएगा।

शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय में वार्ड -सात नेताजीनगर की सभासद रेखा के नेतृत्व में दर्जनों वार्डवासी नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर से मिले। इस दौरान वार्डवासियों ने समस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की। वार्डवासियों ने विशेष रूप से बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि वार्ड सात में बरसात के दिनों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही जर्जर सड़कों के निर्माण की भी मांग रखी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि बोर्ड की बैठक में जिन विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए हैं। उन्हें शासन से स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष काबल सिंह विर्क ने बताया कि नगर के समग्र विकास के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों की सूची मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को देहरादून में सौंपी जा चुकी है। मुख्यमंत्री धामी ने शीघ्र बजट स्वीकृत किए जाने का आश्वासन दिया है। बजट की स्वीकृति मिलते ही नगर के सभी वार्डों में हार्ड मिक्स रोड, नाली व अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि विष्णु शील, गोविंद विश्वास, न्यूटन मंडल, देवाशीष, मुकेश कुशवाह, दीपक मजूमदार, सनातन मंडल, अनुकूल राय, हरिदास हालदार, कृष्णपद विश्वास आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर के नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष मनजीत कौर से मिलते सभासद और वार्डवासी। ● अमृत विचार

# मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट अन्यत्र शिफ्ट करने का होगा प्रयासः बहुगुणा

### महापंचायत में बोले मंत्री बहुगुणा- जन भावनाओं के अनुरूप ही होगा विकास कार्य

संवाददाता शक्तिफार्म

अमृत विचार : राजनगर में प्रस्तावित मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट किए जाने का प्रयास किया जाएगा, इसके लिए अधिकारियों से व्यापक स्तर पर वार्ता की जाएगी। यह कहना है कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का। सौरभ बहुगुणा निर्मल नगर में आयोजित महापंचायत में सैकड़ों की संख्या में मौजूद जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

राजनगर में प्रस्तावित मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट के संबंध में निर्मल नगर में आयोजित क्षेत्र व्यापी महापंचायत आहूत की गई। जहां क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों ने राजनगर में प्रस्तावित मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को, किसी भी पट्टे की भूमि, चाहे वह पट्टा निरस्त ही क्यों न हुआ हो, उस पर न लगाए जाने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि प्लांट स्थापित हो परंतु सरकारी भूमि पर हो। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जन भावनाओं के अनुरूप कहा कि वह विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर, राजनगर से मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट कराए जाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि क्षेत्र के चंद कांग्रेसी नेता विकास विरोधी हैं। जो पूर्व में पॉलिटेक्निक कॉलेज का विरोध किया, अब मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में यह भूमि निरस्त होकर, बंजर भूमि में दर्ज हो चुका है। तीन वर्ष से वे खुद हर मंच पर उक्त भूमि पर, मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट लगाए जाने की बात कहते हुए आए। अब जब प्लांट स्थापित करने के लिए टेंडर पूर्ण हो चुका है, जिस पर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है,तब कुछ विकास विरोधी कांग्रेसी नेता चुनाव नजदीक देखते हुए विरोध कर रहे हैं। उन्होंने विरोध करने वाले कुछ कांग्रेसी नेताओं पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि, यही नेता अगर पूर्व में पैरवी कर लिए होते तो यह भूमि बंजर भूमि में दर्ज नहीं होती। इन लोगों का मुख्य उद्देश्य विकास का विरोध करना है। शक्तिफार्म में मिल्क एवं आइसक्रीम प्लांट लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाना था। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उन्होंने पूर्व में भी प्रभावित परिवारों को, हर संभव मदद का आश्वासन दिया था। क्षेत्र में विकास कार्य जन भावनाओं के अनुरूप ही किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, विश्व देव मंडल, विधान सरकार, संजय बाछाड़, संजीव दे, तारक मंडल, पंकज बसु, कृष्ण पद मंडल, अशोक माली, विष्णु पद प्रमाणिक मौजूद रहे।


निर्मल नगर में महापंचायत को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

### अपने आप को क्यों करना पड़ता है साबित

**शक्तिफार्म :** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा शक्तिफार्म बसावट के बाद क्षेत्र में ऐसा कोई विकास कार्य ही नहीं बचा जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान पूर्ण न किया हो। बड़े से बड़े विकास कार्य को उन्होंने पूर्ण किया, कुछ विकास कार्य गतिमान हैं, बावजूद भी लोगों के बीच में अभी तक उन्हें अपने आप को साबित करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनकी सोच विकास रही है, और वह विकास कार्य को अविरल गति से करते रहेंगे।

## पेड़ से लटका मिला राजमिस्त्री का शव

**शक्तिफार्म :** हल्द्वानी से राजमिस्त्री का काम कर लौटा युवक घर नहीं पहुंचा। अगली सुबह उसका शव किशनपुर जंगल में एक पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला। लालकुआं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


राजू (फाइल फोटो)।

टैगोरनगर गांव निवासी राजू बाइन (उम्र 32 वर्ष) पुत्र भूधर पिछले कुछ दिनों से हल्द्वानी में एक ठेकेदार के मातहत राजमिस्त्री का काम करता था। शुक्रवार की शाम वह ठेकेदार से कुछ रुपए लेकर बाइक से घर के लिए रवाना हुआ। देर रात तक घर नहीं लौटने पर पत्नी कविता ने ठेकेदार से पति के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि वह शाम को घर के लिए निकला था। शनिवार सुबह ढूंढखोज होने पर राजू की बाइक बैकुंठपुर से किशनपुर रेंज जंगल होते हुए हल्द्वानी जाने वाले कच्ची सड़क किनारे खड़ी मिली। राजू का शव थोड़ी ही दूरी पर पेड़ पर अंगोछे से लटका हुआ मिला। उसका हेलमेट पास ही पड़ा हुआ था और उसका पैर जमीन से लगभग छू रहा था। यह क्षेत्र लालकुआं थाना अंतर्गत आता है।

# बाइक पर थे चार नाबालिग टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** एक बाइक पर सवार चार नाबालिग छात्रों की लापरवाही 58 वर्षीय गीता के जीवन पर भारी पड़ गई। शुक्रवार सुबह बाइक की टक्कर से घायल गीता की देर रात मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।


गीता (फाइल फोटो)।

शुक्रवार सुबह दोंदा गांव निवासी चार नाबालिग छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर नगर के एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई करने जा रहे थे। स्कूल के रास्ते गुरुग्राम गांव में बुजुर्ग महिला गीता माल पत्नी अनिल सड़क किनारे खड़ी होकर एक अन्य महिला से बात कर रही थी। इसी दौरान तेज गति से आई बाइक ने बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उनके नाक, कान और गले से खून बहने लगा। परिजन घायल को सितारगंज के उप जिला चिकित्सालय ले गए। वहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर हल्द्वानी और बरेली के अस्पतालों में देर रात तक इलाज के लिए भटकते रहे। हर अस्पताल से नाउम्मीदी मिलने पर परिजन रात को ही घायल को लेकर घर पहुंचे। यहां कुछ ही देर में गीता ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर चौकी पुलिस ने शव को सितारगंज अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। महिला की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### स्कूल में बाइक लाने पर लगाया प्रतिबंध

**शक्तिफार्म :** स्कूली बच्चों की बाइक की टक्कर से महिला की मौत होने से स्कूलों ने सख्त रवैया अपनाया है। पीएमश्री इंटर कालेज के प्रधानाचार्य बीएम तिवारी ने शनिवार को प्रार्थना सभा में छात्रों को हिदायत देते हुए कहा कि बाइक से स्कूल आने पर पुलिस से शिकायत की जाएगी। कुछ ऐसी ही हिदायत जीआईसी गुरुग्राम, अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज रुदपुर और आदर्श बालिका इंटर कालेज के प्रधानाचार्यों ने भी छात्र छात्राओं को दी है।

# राजविंदर कौर बनीं छात्रसंघ अध्यक्ष

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजविंदर कौर अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुईं। शनिवार को हुए मतदान में कुल 459 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें राजविंदर कौर को 372 मत मिले। जबकि गौरव फर्त्याल को 84 वोट मिले। दो मत निरस्त हुए, एक मत नोटा को पड़ा।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ अध्यक्ष पद के चुनाव में राजविंदर कौर का नामांकन निरस्त होने से गौरव फर्त्याल को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया था। राजविंदर कौर ने निर्णय के खिलाफ हाइकोर्ट में वाद दायर किया। हाइकोर्ट ने अध्यक्ष पद के लिए पुनः मतदान का निर्णय दिया। हाईकोर्ट के निर्णय पर शनिवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर दो बजे तक कुल 2135 मतदाताओं में से 459 छात्रों ने मतदान में भाग लिया। मतदान के बाद मतगणना हुई। जिसमें राजविंदर कौर विजयी घोषित की गईं। मतगणना के बाद प्राचार्य प्रो. रेनू रानी बंसल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजविंदर कौर को शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर डॉ. जगदीपक जोशी, डॉ. राजविंदर कौर, डॉ. एमसी आर्य, डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, संजय टम्टा, गीतांजलि मिश्रा, शोभा पांडे, हरजीत सिंह कंबोज, तुषार शर्मा आदिण् मौजूद रहे।


सितारगंज में नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजविंदर कौर का स्वागत करते छात्र।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**खटीमा :** पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से बकरी चरा रहे एक वृद्ध की मौत हो गई।

शनिवार दोपहर करीब 12 बजे पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस टनकपुर से दिल्ली जा रही थी। जैसे ही ट्रेन गेट संख्या 21 सी के पास पहुंची उसी दौरान बकरी चरा रहे जिला पीलीभीत थाना बिलसंडा ग्राम हमपुरा निवासी अविवाहित नन्हेंलाल 60 पुत्र स्व प्यारेलाल ट्रेन की चपेट में गए और मौत हो गई। मृतक अपने जीजा राम सिंह के यहां जमौर में रहता था। शनिवार दोपहर को बकरी चरा रहा था कि एक बकरी रेलवे ट्रैक पर चली गई। उस बकरी को बचाने के चक्कर में वह स्वयं ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

# पालिका बोर्ड का एक साल पूरा होने पर गिनाईं उपलब्धियां

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** नगर पालिका बोर्ड के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह व वार्ड सभासदों ने एक वर्ष के कार्यों का ब्यौरा आमजन व जनप्रतिनिधियों के सम्मुख रखा। उन्होंने आगामी चार वर्षों में सितारगंज क्षेत्र को विकास की दृष्टि से अग्रणी नगरपालिका बनाने का आश्वासन दिया।

पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह ने अपने आवास में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि एक वर्ष में नगरपालिका की ओर से 10.50 करोड़ की लागत से 203 निर्माण कार्य कराए। जिसमें 43 निर्माण अल्पसंख्यक समुदाय बाहुल्य क्षेत्रों में कराये। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बरसात में सितारगंज में कहीं भी जलभराव से हानि नहीं हुई। पालिका की ओर से नालों, नालियों की लगातार तलीझाड़ सफाई अभियान चलाया गया। पालिका ने एक वर्ष में 1.80 करोड़ से शहर का विद्युतीकरण कराया। पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह ने बताया कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग के साथ मिलकर नगर में ड्रेनेज व्यवस्था पर 16.50 करोड़ की लागत डीआपीआर तैयार की गयी। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इस योजना को मंजूरी दिलायी। भविष्य में सितारगंज नगरीय क्षेत्र में ड्रेनेज की समस्या व जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में 144 पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना 103 शौचालयों का निर्माण कराया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने पालिकाध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर पालिका बोर्ड के सभासदों से मुलाकात कर एक वर्ष में उनके किये कार्यों के लिए सराहना की। मंत्री बहुगुणा ने कहा कि एकजुटता के साथ पालिका बोर्ड ने जनता की समस्याओं को सुनकर बोर्ड में मंजूरी दी। साथ ही लगातार उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। भविष्य में भी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, सभासद सतीश उपाध्याय, नाजरीन अंसारी, मो. इस्माइल, रिहान अंसारी, रवि रस्तोगी, चंदन श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, नेहा वाल्मीकि, कंचन आर्या, रितु गहतोड़ी, शिवपाल सिंह चौहान, शबीहा नाज आदि मौजूद रहे।


पत्रकार वार्ता करते पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह। ● अमृत विचार

जागरूकता | बायोटेक के नवीन शोध और नवाचारों से रूबरू हुए छात्र

# जल संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** जैव प्रौद्योगिकी परिषद में शैक्षणिक भ्रमण पर खटीमा से आए लगभग दो सौ विद्यार्थियों को जैव प्रौद्योगिकी के नवीन शोध और नवाचारों से अवगत कराया गया। इस दौरान उन्हें जल संरक्षण के लिए जल शपथ भी दिलाई गई।

बायोटेक निदेशक डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राइंका खटीमा के छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) का शैक्षणिक भ्रमण किया। समन्वयक डॉ. मणिन्द्र मोहन शर्मा ने बायोटेक की गतिविधियों, शोध व नवाचार से विद्यार्थियों को अवगत कराया। वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की ने फॉरेंसिक साइंस की नई उपलब्धियों व इनोवेशन की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों और स्टार्टअप योजनाओं सहित प्रयोगशालाओं में हो रहे अनुसंधान की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने बायोटेक के उपयोग आने वाले संवेदनशील उपकरणों की क्रियाविधि को जाना। विद्यार्थियों को जल एवं मृदा गुणवत्ता विश्लेषण, ऊतक संवर्धन से उच्च प्रजाति के पौधों को विकसित करने की तकनिकी विधि सहित डीएनए जांच के तौर-तरीकों की जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक नरेन्द्र रौतेला, एके अवस्थी, एचएस बिष्ट, महेन्द्र धामी व लिली सिंह आदि मौजूद रहे।


जल संरक्षण की शपथ लेते भ्रमण पर आए छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## नाबालिग बरामद आरोपी गिरफ्तार

**किच्छा:** पुलभट्टा थाना पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई एक नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और उसका शारीरिक शोषण करने के आरोप में मुख्य आरोपी साहिल अली को गिरफ्तार किया है। बीती 2 फरवरी को पीड़िता की मां ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलभट्टा थाना प्रभारी प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी साहिल अली (निवासी सिसैया, सितारगंज) को ट्रेस किया और उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी साहिल ने नाबालिग का शारीरिक शोषण किया था, जिसमें झज्जर (हरियाणा) निवासी सरताज अंसारी ने उसकी मदद की थी।

# सामुदायिक सहभागिता का दिया प्रशिक्षण


खटीमा के बिरिया मझोला में आयोजित सामुदायिक सहभागिता शिविर में प्रशिक्षण देते ट्रेनर। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला में समग्र शिक्षा के तहत चल रहे सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण के समापन दिवस का शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज कुमार चन्याल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण में 13 प्रधानाध्यापक और 65 एसएमसी अध्यक्ष और सदस्यों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षक रमेश चंद्र तिवारी, बलवंत सिंह खाती, पूर्व ब्लॉक समन्वयक करुणेश सिंह, सीआरपी स्वाति भट्ट ने मेरा विद्यालय मेरा गौरव, सड़क सुरक्षा, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। नोडल अधिकारी डॉ. महेन्द्र प्रताप पांडे ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाने के साथ ही सर्वांगीण विकास की सारी गतिविधियां कराई जाती हैं। प्राथमिक विद्यालय बिरिया को बेस्ट एसएमसी घोषित किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय दिया के छात्रों को राज्य स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर शिवानंद यादव और मंगल प्रसाद, बिरिया मझोला के दिनेश शर्मा और जमुना देवी को सम्मानित किया गया।

सिटी ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** थाना आईटीआई क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम धीमरखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री चोरी छिपे एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रही थी। जांच करने पर पता चला कि वह तीन अज्ञात मोबाइल नंबरों पर लगातार बात कर रही थी। बताया कि 5 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे वह किसी काम से बाहर गए थे और उनकी पत्नी पशुओं का चारा लेने गई थी। जब पत्नी घर लौटी, तो बेटी गायब थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की और रिश्तेदारों के यहां भी पता किया, लेकिन लड़की का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

**काशीपुर :** राजकीय पॉलिटेक्निक की ओर से एनएसएस यूनिट दो एवं यूनिट तीन के स्वयंसेवियों की ओर से रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। शनिवार को ग्राम धनौरी में स्वयंसेवियों ने रैली निकाली। उन्होंने ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैनल अधिवक्ता अमित रस्तोगी, अशोक कुमार, पूनम वर्मा, पीएलवी गायत्री गुप्ता, हेमा, मनीषा विश्वास ने महिला जननांग विकृति के प्रति शून्य सहनशीलता के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही इसके एफजीएम के दुष्परिणामों के बारे में बताया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनमोहन, असमा, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

### दहेज में मिली कार और जेवर बेचकर विवाहिता को घर से निकाला

**बाजपुर :** मुड़िया पिस्तौर देहात क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक शर्मनाक मामला सामने आया है। एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के सात लोगों पर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना और अतिरिक्त दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़िता शाईन ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह जून 2022 में केशव नगर निवासी एक युवक के साथ हुआ था। निकाह के समय उसके पिता ने सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज और एक अल्टो कार भी दी थी। शादी के दो महीने बाद से ही पति, सास-ससुर, देवर, ननद और अन्य रिश्तेदारों ने उसे कम दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसके जेवरात और कार तक बेच दिए और दिसंबर 2025 में उसे बच्चे समेत घर से बाहर निकाल दिया।

# डंपर ने मारी दो कारों को टक्कर महिला की मौत, छह लोग घायल

## गदरपुर में एक रिश्तेदार के निधन पर दफन संस्कार में शामिल होने जा रहा था परिवार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर फिदानगर चौराहे के समीप शनिवार को तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में कार सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि छह महिला-पुरुष व बच्चे घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से गदरपुर व काशीपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार केलाखेड़ा क्षेत्र में गड़री नदी के पुल पर मरम्मत कार्य के चलते शनिवार को एनएच-74 पर मार्ग को वनवे किया गया था। इसी दौरान ग्राम निंदड़ू, थाना धामपुर, जनपद बिजनौर (उप्र) निवासी लोग दो कारों से गदरपुर में रिश्तेदारी में हुए एक व्यक्ति के निधन पर दफन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। शनिवार दोपहर करीब एक बजे फिदानगर कट के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने दोनों कारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं और उनमें सवार 50 वर्षीय राशिदा पत्नी शरीफ, 60 वर्षीय मुनव्वर, 7 वर्षीय फहज पुत्र शपीक, 32 वर्षीय शहीन पत्नी नोमान, 60 वर्षीय फरीद अहमद पुत्र शब्बीर अहमद, 43 वर्षीय रोजा पत्नी फुरकान समेत सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर केलाखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस व निजी वाहनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर व काशीपुर भेजा गया। काशीपुर में भर्ती राशिदा पत्नी शरीफ ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं गदरपुर अस्पताल में भर्ती शहीन व फहज की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और डंपर चालक की तलाश की जा रही है।


हादसे के बाद अस्पताल में भर्ती घायल। ● अमृत विचार


एनएच-74 पर डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

### युवक की मौत के मामले में ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

**बाजपुर :** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर मदर इंडिया स्कूल के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार युवक की मौत के मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम कनौरा निवासी नाजिम हुसैन (30 वर्ष) बीती 5 फरवरी की सुबह केलाखेड़ा रोड पर कार खड़ी कर किसी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान रुद्रपुर की ओर से आ रहे भूसे से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक अनियंत्रित होकर कार के ऊपर पलट गया। हादसे में नाजिम कार के भीतर ही दब गया। हादसे में नाजिम की मौत हो गई। वह इकलौता कमाने वाला सदस्य था।

### कार पेड़ से टकराई चीनी मिल कर्मी की मौत

**जसपुरः** कार दुर्घटना में चीनी मिल कर्मी की मौत हो गई। कर्मी की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। नादेही चीनी मिल की वर्कशॉप में कार्यरत विपिन कुमार का अविवाहित पुत्र जतिन (21 वर्ष) आउटसोर्स में चीनी मिल में ही काम करता था। बताते हैं कि जतिन शुक्रवार की रात डिजायर कार से कहीं गया था। देर रात करीब एक बजे घर वापसी के दौरान भूतपुरी रोड पर चीनी मिल गेट के पास ही जतिन की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घटना के वक्त जतिन अकेले ही कार चला रहा था। जतिन के एक्सीडेंट की खबर सुन परिजन आनन फानन में घायल अवस्था में उसे निजी अस्पताल के गए। जहां से उसे गंभीर हालत देख अन्यत्र रेफर कर दिया गया। काशीपुर ले जाने के दौरान ही जतिन ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसकी मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। साथी मिल कर्मियों ने मृतक के घर पहुंच कर परिवार को ढांढस बंधाया। विधायक आदेश चौहान, जीएम सीएस इमलाल, पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल आदि ने शोक व्यक्त किया।


जतिन (फाइल फोटो)।

# फिर बड़े संघर्ष के दौर से गुजर रहा किसान

संवाददाता, बाजपुर

- भारत-अमेरिका ट्रेड एग्रीमेंट किसानों के हितों के खिलाफ हुआ तो आंदोलन होगा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान नेता हरमिंदर सिंह ढिल्लो ने कहा कि देश का किसान एक बार फिर बड़े संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि उत्तराखंड सहित देश के कई राज्यों का जल गंभीर रूप से दूषित हो चुका है, जो आने वाले समय में भयावह स्थिति पैदा कर सकता है।


हरमिंदर सिंह ढिल्लो।

ढिल्लों ने कहा कि पानी में केमिकल, भारी धातुएं, लेड और आर्सेनिक जैसे घातक तत्व पाए जा रहे हैं। डॉक्टरों की रिपोर्ट और विभिन्न शोधों के अनुसार यदि यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले कुछ वर्षों में देश के अधिकांश परिवार कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में पीने के लिए स्वच्छ पानी तक उपलब्ध नहीं रहेगा। किसान नेता ने उदाहरण देते हुए कहा कि पंजाब के पास लगभग एक करोड़ एकड़ कृषि योग्य भूमि है, जो हरियाणा से अधिक है, लेकिन जल संसाधनों के मामले में पंजाब की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। वहीं हरियाणा को उसके हिस्से से अधिक पानी मिल चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों से नदियों और बांधों पर अधिकार छीनने का प्रयास कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कई बड़ी कंपनियां बोरवेल के माध्यम से भूजल का अत्यधिक दोहन कर रही हैं, जिससे जलस्तर गिरने के साथ-साथ पानी और अधिक प्रदूषित हो रहा है। किसान नेता जल अधिकारों को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन राजनीतिक स्तर पर उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। ढिल्लों ने कहा कि जिस प्रकार पंजाब के पानी को लेकर किए गए कथित असंवैधानिक समझौतों को रद्द कराने के लिए किसान संगठन आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं, उसी तरह कांग्रेस से जुड़े लोगों को भी उत्तराखंड के गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर भी चिंता जताई। यदि भारत-अमेरिका ट्रेड एग्रीमेंट किसानों के हितों के खिलाफ हुआ, तो भविष्य में देशभर में बड़े किसान आंदोलन शुरू किए जाएंगे।

# घर का सपना दिखाकर बिल्डर ने की धोखाधड़ी

संवाददाता, काशीपुर

- एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**अमृत विचारः** कुंडा थाना क्षेत्र में प्लॉट खरीदकर घर बनाने का सपना देख रहे एक परिवार के साथ धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। मुरादाबाद निवासी पीड़ित गौरव सिंह की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद आरोपी बिल्डर शाकिर अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पीड़ित के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2017 में ''यूके कॉलोनाइजर एंड डेवलपर्स'' के मालिक शाकिर अली से हरियावाला के पास एक प्लॉट खरीदा था। आरोप है कि बिल्डर ने पक्की सड़क, बिजली, नालियां और मंदिर जैसी मूलभूत सुविधाओं के नाम पर अतिरिक्त पैसे वसूले थे। दिसंबर 2018 में दाखिल-खारिज होने के बावजूद, 6 साल बीतने पर भी साइट पर कोई विकास कार्य नहीं हुआ।

पीड़ित का आरोप है कि बिल्डर अब न तो फोन उठा रहा है और न ही मिलता है, जिससे उनका परिवार मानसिक और आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। थाने से सुनवाई न होने पर पीड़ित ने एसएसपी से गुहार लगाई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी शाकिर अली के खिलाफ धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस कर्मियों के लिए लगा शिविर

**काशीपुरः** आईजी के निर्देश पर पुलिस कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जहां पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बीते 4 फरवरी को आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने एसएसपी ऊधम सिंह नगर को पत्र लिखकर पुलिस कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्देश दिया। जिसके बाद शनिवार एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर कोतवाली में स्वास्थ्य शिविर लगाया लगाया गया। जहां पर पुलिस कर्मियों का डॉ. खालिद और उनके सहयोगी मो. सलमान के द्वारा पुलिस कर्मियों स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जहां लगभग 50 पुलिस कर्मियों ने अपना अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस दौरान कोतवाल हरेंद्र चौधरी का बीपी बढ़ा हुआ आया।

# अंडरपास की मांग को लेकर धरना दिया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और लंबे समय से अंडरपास निर्माण की मांग पर प्रशासन की अनदेखी से नाराज स्थानीय नागरिकों ने शनिवार को फिदानगर चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हामिद अली व अकरम पठान के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने हाईवे किनारे धरना दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

धरने को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमेन हामिद अली ने कहा कि प्रशासन आंखें मूंदकर बैठा है, जबकि हाईवे पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो कई और लोगों की जान जा सकती है। पूर्व चेयरमैन अकरम पठान ने कहा कि उन्होंने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर नागरिकों को धरना देना पड़ा है। वक्ताओं ने कहा कि एनएच-74 पर निर्माण कार्य के चलते अक्सर ट्रैफिक को वनवे कर दिया जाता है, जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है। इसके बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि फिदानगर चौराहा दुर्घटनाओं का केंद्र बन चुका है और यहां अंडरपास निर्माण बेहद जरूरी हो गया है। वहीं धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एनएचएआई के लालपुर टोल प्लाजा मैनेजर राहुल शर्मा मौके पर पहुंचे और आक्रोशित नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से वार्ता की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अंडरपास निर्माण के लिए शासन स्तर पर पत्राचार कर बजट की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल कट के आसपास वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे और अन्य सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने फोन के माध्यम से उच्चाधिकारियों से जनप्रतिनिधियों की बात भी करवाई। आश्वासन के बाद लोगों ने धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया। धरने में फुरफान अली, जितेंद्र चानना, लियाकत अली, रफीक कुरैशी, नासिर अली, आसिफ अल्वी, अब्दुल्ला पठान आदि मौजूद रहे।


फिदानगर चौराहे पर अंडरपास की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करते जनप्रतिनिधि।

# मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने भरी हुंकार

- 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** ट्रेड यूनियन ''ऐक्टू'' से संबद्ध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने शनिवार को चिकित्साधिकारी को नोटिस सौंपकर 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया। यूनियन ने केंद्र व राज्य सरकार पर आशा कार्यकर्ताओं के शोषण का आरोप लगाते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप और जिला उपसचिव अनीता अन्ना ने कहा कि दिन-रात स्वास्थ्य सेवाओं में जुटी आशा वर्कर्स को न तो न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है और न ही सरकारी कर्मचारी का दर्जा। उन्होंने सरकार पर ''बंधुआ मजदूरी'' कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट में कटौती से आशाओं की स्थिति दयनीय हो गई है। यूनियन ने मांग की है कि आशाओं को न्यूनतम 35,000 रुपये वेतन, राज्य कर्मचारी का दर्जा और सेवानिवृत्ति पर पेंशन दी जाए। साथ ही, अस्पतालों में सम्मानजनक व्यवहार और समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित हो। 12 फरवरी को ऊधम सिंह नगर की आशा वर्कर्स रुद्रपुर गल्ला मंडी में एकत्र होकर विशाल प्रदर्शन करेंगी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप, जिला उपसचिव अनीता अन्ना, ब्लाक सचिव मातेश्वरी, राजरानी, पूजा, आरजू, सविता, परमजीत कौर, प्रेमा राना, कमलेश, अनीता, ऊषा रानी, रूबी, शाइस्ता, पिंकी, अनीता गुप्ता, निर्मला देवी, बबली शर्मा, बालावती, शशिवाला, रीता शर्मा, अर्चना, निशा शर्मा, राजकुमारी, सरोज सक्सेना, रानी, मंजीत कौर, पूजा, सुमन सैनी सहित बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स मौजूद रहीं।


सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन करती आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की बाजपुर ब्लॉक कमेटी।

### घर लौट रहे युवक को रास्ते में घेरकर पीटा

**बाजपुरः** नगर के वार्ड नंबर-1 मोहल्ला मजरा प्रभु निवासी एक युवक के साथ रास्ते में घेरकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित सौरभ पुत्र गजेंद्र कुमार चंद्रा ने पुलिस को बताया कि 6 फरवरी की रात करीब 10 बजे वह अपना काम खत्म करके ठेली के साथ घर लौट रहा था। तभी रास्ते में दो युवकों ने उसे रोक लिया और बिना वजह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# दो आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** किसान सुखवंत सिंह आत्महत्या मामले में दो आरोपियों की अग्रिम जमानत न्यायालय ने खारिज कर दी है।

आईटीआई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैगा निवासी किसान सुखवंत सिंह ने बीती 10-11 जनवरी की देर रात जमीन खरीद-फरोख्त में लगभग चार करोड़ की धोखाधड़ी से परेशान होकर काठगोदाम स्थित एक होटल में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटनाक्रम में मृतक सुखवंत सिंह के भाई परविंदर सिंह ने 12 जनवरी को मुख्य आरोपी अमरजीत सिंह समेत 26 लोगों के खिलाफ आईटीआई कोतवाली में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें 18 लोगों ने पूर्व में हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे ले लिया था। इस घटनाक्रम में सुखवंत सिंह पन्नू व वीरपाल सिंह पन्नू निवासी ग्राम भरतपुर थाना कुंडा को भी नामजद किया गया था। सुखवंत सिंह पन्नू व पाल सिंह पन्नू ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में अग्रिम जमानत का प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें कहा कि उन लोगों ने कोई अपराध नहीं किया है और न ही उनके खिलाफ कोई दस्तावेज साक्ष्य भी उपलब्ध नहीं हैं। पुलिस उनको गिरफ्तार करना चाहती है।

प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ब्याल की अदालत में सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने तर्क दिया, कि अभियुक्त व सह अभियुक्त ने वादी परविंदर सिंह व उसके भाई से दो-दो बार धोखाधड़ी करते हुए 3 करोड़ 82 लाख रुपये की धनराशि हड़प ली थी। इससे परेशान होकर सुखवंत सिंह ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। ऐसे में अग्रिम जमानत का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग नहीं है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शासकीय अधिवक्ता के तर्कों से संतुष्ट होकर दोनों आरोपी की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

पहल | बजट से पूर्व आयोजित हुआ संवाद कार्यक्रम, कहा-प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से यूरोपियन यूनियन के साथ बहुत अच्छा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ है

# राज्य बजट में शामिल करने के लिए केजीसीसीआईसी ने दिए सुझाव

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** केजीसीसीआई ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में जारी होने वाले राज्य बजट में शामिल करने के लिये विभिन्न सुझाव दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम पुष्कर सिंह धामी रहे।

उत्तराखंड सरकार द्वारा शनिवार को चंपावत में 2026 को बजट से पूर्व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से यूरोपियन यूनियन के साथ एक बहुत अच्छा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ है, जिससे उम्मीद है कि हमारी आर्थिक प्रगति को एक नई रफ्तार मिलेगी। इसके अतिरिक्त अभी जो अमेरिका के साथ डील हुई है उससे भी हमारी अर्थव्यवस्था की प्रगति में और अधिक वृद्धि होगी। कहा कि आगामी बजट में राज्य की सड़कों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। सड़कों का निर्माण केवल मरम्मत तक सीमित न होकर चौड़ीकरण एवं उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया जाए। विशेष रूप से काशीपुर-ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद, काशीपुर-बाजपुर-मुरादाबाद एवं काशीपुर-रामनगर मार्ग, जिन पर पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों का आवागमन अधिक रहता है। वर्तमान में पश्चिमी राज्यों में माल भेजने पर 10-15 प्रतिशत तथा दक्षिणी राज्यों में 12-18 प्रतिशत तक लॉजिस्टिक लागत आती है। इसे कम करने के लिए राज्य में प्रभावी लॉजिस्टिक नीति बनाई जाए। कहा कि अवसंरचना पुरानी होने के कारण उद्योगों को बार-बार बिजली कटौती, वोल्टेज फ्लक्चुएशन और फॉल्ट जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मामूली खराबी पर भी फीडर एवं सब-स्टेशन में फॉल्ट आ जाने से उत्पादन प्रभावित होता है। उद्योगों में स्थापित अत्याधुनिक मशीनें वोल्टेज व पावर ट्रिपिंग के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। अतः इन समस्याओं के समाधान के लिये बजट के माध्यम से अतिरिक्त ऊर्जा क्रय एवं पावर इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण की नितांत आवश्यकता है। उत्तराखंड पर्यटन उद्यमी प्रोत्साहन योजना, 2024: इस योजना के तहत पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नीति में सुधार की जरूरत है। वर्तमान में कैपिटल इन्वेस्टमेंट सब्सिडी करे 10 वर्षों में विभाजित कर दिया गया है। सुझाव है कि इसे 10 वर्ष के लिए न करके इसको पहले 3 वर्षों में ही उद्योगों को दे दिया जाए। कहा कि राज्य में उद्योगों के लिए बंद की गई ट्रांसपोर्ट सब्सिडी को पुनः शुरू करने की आवश्यकता है। पहले इसके दुरुपयोग की शिकायतों के कारण इसे बंद कर दिया गया था, लेकिन अब आधुनिक तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम की मदद से इसे सुरक्षित रूप से लागू किया जा सकता है। जीएसटी लागू होते समय कहा गया था कि जीएसटी एक मात्र टैक्स है, और बाकी इसके अलावा कोई टैक्स नहीं लगेंगे। लेकिन वर्तमान में उद्योगों पर कई अतिरिक्त सैस लगाए जा रहे हैं। विशेषकर सेन्ट्रल गवर्नमेंट के ग्राउंड वॉटर सैस के बाराबर ही अभी एक वाटर सैस और लगा दिया गया है जबकि उत्तर प्रदेश में यह सैस बहुत कम है। मांग है कि राज्य में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर कम और न्यायसंगत सेस लागू किया जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख सचिव वित्त दिलीप जावलकर, सचिव सहकारिता बीवीआरसी पुरुषोत्तम, सचिव पर्यटन धीरज गर्ब्याल, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, मेयर काशीपुर दीपक बाली आदि मौजूद रहे।


चंपावत में कार्यक्रम के दौरान मौजूद केजीसीसीआई अध्यक्ष व अन्य उद्योगपति।


रिवरडेल स्कूल में वेपन ट्रेनिंग की परीक्षा में भाग लेते कैडेट्स। ● अमृत विचार

### रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल में एनसीसी 'बी' सर्टिफिकेट की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न

**बाजपुर :** रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी द्वारा एनसीसी 'बी' सर्टिफिकेट की प्रायोगिक परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। कर्नल सभ्यसांची चक्रवर्ती और लेफ्टिनेंट कर्नल अभिलाषा जोशी के नेतृत्व में आयोजित इस परीक्षा में बाजपुर, पंतनगर, खटीमा, रुद्रपुर और चंपावत समेत कई क्षेत्रों के 744 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कैडेट्स की ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, फील्ड क्राफ्ट और मैप रीडिंग जैसी गतिविधियों का मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों ने कैडेट्स के अनुशासन और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। शनिवार को प्रायोगिक परीक्षा के बाद अब 8 फरवरी (रविवार) को इसी विद्यालय में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष हरमंदर सिंह बरार और प्रधानाचार्या परमीन कौर सहित कई एनसीसी अधिकारी मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## कपकोट में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता जारी

**बागेश्वर** : कपकोट में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय एक्युरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता तीसरे दिन भी जारी रही। प्रतियोगिता का स्थानीय लोग भरपूर आनंद ले रहे हैं और साहसिक गतिविधियों से परिचित हो रहे हैं। तीसरे दिन जालेख से उड़ान भरने वाले पैराग्लाइडरों से आसमान रंग-बिरंगी छतरियों से भर गया। विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सटीक लैंडिंग की। प्रतियोगिता देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यटक मौजूद रहे। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि जनपद और कपकोट क्षेत्र में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण यह क्षेत्र पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग और अन्य एडवेंचर गतिविधियों के लिए आदर्श स्थल है। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों को और अधिक विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे।

# चम्पावत में युवक ने की बुजुर्ग की दिनदहाड़े हत्या

- टनकपुर से गांव लौटे बुजुर्ग पर पर किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** चम्पावत के खर्क बगड़ गांव में शनिवार को हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया। टनकपुर से अपने घर लौटे 70 वर्षीय अम्बादत्त खर्कवाल पर गांव के ही सुभाष चंद्र खर्कवाल (40) ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दिनदहाड़े हत्या की इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग शनिवार को अपने घर खर्क बगड़ पहुंचे थे। घर में रखे शहद को लेकर युवक और बुजुर्ग के बीच विवाद हुआ। इसी दौरान गुस्साए युवक ने अम्बादत्त के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। खून से लथपथ अम्बादत्त जमीन पर गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने हत्यारोपी को दबोच लिया और बाद में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि हत्या का वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने सोमेश्वर विस क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की, कार्यों में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

# उद्घाटन से पूर्व अस्पताल में करें डॉक्टरों की नियुक्तिः आर्या

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में शनिवार को विकास कार्यों की समीक्षा करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या।

**अमृत विचार:** प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को विकास भवन में विधानसभा सोमेश्वर क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर लाभ मिल सके। कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतरें और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने बताया कि सोमेश्वर में नवनिर्मित उप जिला अस्पताल का उद्घाटन जल्द किया जाना है। उद्घाटन के दिन अस्पताल में चिकित्सकों व अन्य आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। वहीं, अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी जनहित के कार्यों की अवहेलना करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कहा कि सरकार की मंशा है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे और जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिले।

### पंपिंग योजना के कार्य में गड़बड़ी पर जांच के निर्देश

**अल्मोड़ा** : बैठक के दौरान विकासखंड ताकुला के गांव बीना के तोक दुर्गाथल और गांव भेटुली के तोक लोहारखोला में सोलर पेयजल पंपिंग योजना के निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जानकारी सामने आने पर कैबिनेट मंत्री ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि फरवरी माह में बड़ी संख्या में योजनाओं का शिलान्यास किया जाना प्रस्तावित है, इसके लिए सभी विभाग समय रहते प्रारंभिक औपचारिकताएं पूरी करें, ताकि कार्यक्रमों का आयोजन सुचारु रूप से किया जा सके।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में डीएम अंशुल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, मंडल अध्यक्ष गणेश जलाल, जगदीश डंगवाल, सुंदर राणा, जिला मंत्री बिशन कनवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज भाकुनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र चीलवाल, ललित तिवारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण केएन तिवारी, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी अरविंद पांगती, डीडीओ एसके पंत, एसडीएम सदर संजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेनू भंडारी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण को कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, प्रदर्शन

अल्मोड़ा में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में शनिवार को मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर राज्य कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को कर्मचारियों ने नगर के माल रोड स्थित गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले आयोजित धरना-प्रदर्शन के बाद हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से कर्मचारियों की समस्याएं लंबित हैं। सरकार की ओर से कई बार आश्वासन दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। वक्ताओं ने कहा कि गोल्डन कार्ड और वेतन विसंगति को लेकर कर्मचारियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के बाद कर्मचारी कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 21 फरवरी को देहरादून में प्रदेश स्तरीय धरना दिया जाएगा। इसके बाद 22 फरवरी से 31 मार्च तक विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। साथ ही 13 मार्च को देहरादून में परेड ग्राउंड से सचिवालय तक जुलूस निकाला जाएगा।

### इन मांगों के निराकरण की उठाई मांग

सेवाकाल में तीन पदोन्नति प्राप्त न होने की स्थिति में 10, 16 और 26 वर्ष की सेवा के बाद एसीपी के तहत पदोन्नत वेतनमान देने, गोल्डन कार्ड की विसंगतियां दूर करने, वेतन विसंगति समाप्त करने, पदोन्नति में शिथिलीकरण, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, केंद्र सरकार की तर्ज पर मकान किराया भत्ता देने, वाहन भत्ते में वृद्धि करने सहित कुल 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की गई।

### ये रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष उमापति पांडे, महामंत्री मोहन नेगी, संरक्षक केएन कांडपाल, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमोठी, प्रांतीय संरक्षक रमेश कनवाल, शीतल सिंह सत्यपाल, दलीप भंडारी, भास्कर जोशी, यशवंत बिष्ट, वंदना कड़ाकोटी, नरदेश्वर, हरीश बिष्ट, मुकेश पुनेठा, दिनेश लाल साह, बीना बिष्ट, पंकज सुनौरी, चंदन बिष्ट, ओम प्रकाश देवाल, बची राम, हिमांशु जोशी, रुचि मेहता, हरिहर मेहता, अनीता रावत, प्रमोद जोशी, सूरज पाटनी, रियासत अली, नीरज सनवाल, मनीष रावत, भूपाल सिंह, दीपक बिष्ट, हर्षिता पांडे, पंकज रौतेला, सतीश पांडे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नहर में गिरी मैजिक एसएसबी ने चालक को बाहर निकाला

**बनबसा:** घने कोहरे के कारण एक टैक्सी मैजिक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। सूचना मिलने पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की टीम ने तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सवारी वाहन संख्या यूके-03 टीए-0604 एसएसबी समवाय बनबसा के समीप कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और नहर में जा गिरा।

घटना की सूचना मिलते ही कार्यवाहक कमांडेंट दीपक सिंह जायाड़ा के निर्देश पर सहायक कमांडेंट सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में विशेष नाका पार्टी एवं त्वरित प्रतिक्रिया दल को घटनास्थल पर भेजा गया।

एसएसबी जवानों ने नहर में गिरे वाहन के चालक आकाश सैनी को सकुशल बाहर निकालने के साथ ही वाहन को भी सुरक्षित रूप से नहर से बाहर निकाला। इस बचाव अभियान में सहायक उप निरीक्षक हंसराज, मुख्य आरक्षी विजय कुमार, सुरेंद्र सिंह, गोरखनाथ सिंह, आरक्षी नीतीश कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, जितेंद्र कुमार एवं अभिषेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राजस्थानी व पंजाबी होली की रहेगी धूम



अल्मोड़ा में महिला कल्याण संस्था की बैठक में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

- अल्मोड़ा में महिला होलीकोत्सव को लेकर तैयारियां तेज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक नगरी में महिला होलीकोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। शनिवार को महिला कल्याण संस्था की ओर से होलीकोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। तय किया गया कि इस बार कुमाऊनी होली के साथ ही मथुरा वृंदावन, बंगाली, राजस्थानी और पंजाबी होली विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

नगर के दुगालखोला में आयोजित बैठक में संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने बताया कि महिला होलीकोत्सव पूर्व में 20 व 21 फरवरी को आयोजित होना था, अपरिहार्य कारणों से पूर्व की तिथि को स्थगित कर आगामी 25 व 26 फरवरी को मल्ला महल में करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले दिन 25 फरवरी को अल्मोड़ा की सभी टीमें प्रतिभाग करेंगी। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रहने वाली टीमें अगले दिन 26 फरवरी को बाहर से आई टीमों के साथ प्रतिभाग करेंगी। साथ ही भव्य सांस्कृतिक जुलूस का भी आयोजन किया जाएगा। यहां बैठक में संस्था की सचिव पुष्पा सती, सरंक्षक मीता उपाध्याय, ममता चौहान, चंद्रा अग्रवाल, आशा पंत, अनीता रावत, दीपा सतीश जोशी, गीता साह, राधिका जोशी, रमा जोशी, दीपा जोशी, सरला बिष्ट, आदिति अग्रवाल पांडे समेत अन्य महिलाएं मौजूद रही।

## कृषि मियादी ऋण में प्रगति लाएं: डीएम

**बागेश्वर:** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक में जिलाधिकारी ने ऋण-जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना, प्राथमिक क्षेत्र में उपलब्धि तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को अगले तीन माह में वर्तमान ऋण-जमा अनुपात में पांच प्रतिशत की वृद्धि करने और कृषि मियादी ऋण को 40 प्रतिशत तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले संबंधित बैंक प्रबंधकों तथा बैंक अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लीड बैंक अधिकारी को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद में छोटे-छोटे व्यवसायों से जुड़े काश्तकार हैं, उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए ऋण उपलब्ध कराएं। साथ ही ग्राम सभा कर्मी एवं नामती चेटा बगड़ में बैंक शाखा खोलने की संभावना को लेकर सभी बैंकों को सर्वे कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। लीड बैंक अधिकारी सुखविंदर कादयान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितंबर माह तक जनपद का ऋण-जमा अनुपात 25.88 प्रतिशत है। बैठक में सीडीओ आरसी तिवारी सहित सभी बैंकों के प्रबंधक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# योनेक्स टूर्नामेंट में राज्य को तीन पदक

- यूएसआईसी रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्तराखंड का रहा शानदार प्रदर्शन
- अदिति ने स्वर्ण, ध्रुव रावत और ध्रुव नेगी ने जीते कांस्य पदक

संवाददाता, अल्मोड़ा



ध्रुव रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्तराखंड के शटलरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। टूर्नामेंट में शटलरों ने एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।

उत्तराखंड स्टेट बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि योनेक्स सनराइज आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट बीते 31 जनवरी से 7 फरवरी तक बंगलौर में आयोजित हुआ। जिसमें अल्मोड़ा की अदिति भट्ट ने अपनी जोड़ीदार महाराष्ट्र की शरवनी वालेकर के साथ खेलते हुए महिला डबल्स में स्वर्ण पदक का खिताब जीता। वहीं, अल्मोड़ा के ही पांडेखोला निवासी ध्रुव रावत ने दिल्ली की जैनिथ अविगैल के साथ जोड़ी बनाते हुए सेमीफाइनल तक अपना स्थान बनाया। जहां उन्हें दिल्ली के निमित्त कुमार और लक्षिता श्रीवास्तव से एक कड़े मुकाबले में पराजित होकर मिक्स डबल्स में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसके साथ ही देहरादून के ध्रुव नेगी भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पुरुष सिंगल्स में कांस्य पदक जीता।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड बैडमिंटन संघ के चीफ पैटर्न और पूर्व डीजीपी अशोक कुमार, संघ की अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक, कोषाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, कोच डीके सेन समेत कई खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

## मयंक ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा



मयंक जोशी।

**रानीखेत :** नगर के मयंक जोशी ने इतिहास विषय में यूजीसी नेट परीक्षा उतीर्ण की है। मयंक की प्रारंभिक शिक्षा माउंट सिनाई स्कूल और बीयर शिवा स्कूल रानीखेत से हुई। 12वीं की परीक्षा केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा से उत्तीर्ण की। स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की।

मयंक के पिता जीसी जोशी ओरियन मैटल फैक्ट्री ताड़ीखेत में मैनेजर एकाउंट्स के पद पर कार्यरत हैं। जबकि माता गीता जोशी एडम्स गर्ल्स इंटर कॉलेज अल्मोडा. में विज्ञान अध्यापिका हैं।

# बजट में प्रत्येक वर्ग का रखा गया है ध्यानः बिष्ट

- दर्जा राज्य मंत्री ने बताया युवा व महिला शक्ति का बजट

संवाददाता, बागेश्वर



पत्रकारों से वार्ता करते दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने केंद्र सरकार द्वारा पारित बजट को देश का सशक्त और सर्वसमावेशी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा शक्ति को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। साथ ही जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए वायर फेंसिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री बिष्ट ने कहा कि हाल ही में पारित केंद्रीय बजट आम आदमी का बजट है, जिसमें युवाओं, महिलाओं, गांव, गरीब और किसानों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार सृजन, स्किल इंडिया, आधुनिक तकनीक, रेल, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा तीन नए एम्स, कैंसर, शुगर, यातायात और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष प्रावधान रखे गए हैं। करदाताओं को राहत देने के साथ ही युवाओं के कौशल विकास के लिए नई योजनाएं शुरू की गई हैं।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी सहित विभिन्न योजनाओं को और मजबूत किया गया है। वहीं ग्रामीण भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कृषि, उद्योग और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं को प्रोत्साहन दिया गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जंगली जानवरों से बचाव के लिए प्रत्येक गांव में वायर फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत दो जनपदों से की गई है। पहाड़ों तक रेल लाइन पहुंचाने के लिए भी सरकार लगातार प्रयासरत है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय परिहार, घनश्याम जोशी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदर्श कठायत, कार्यक्रम संयोजक राजू राठौर, मथुरा प्रसाद, प्रकाश साह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार वत्स एवं अभिभावक। ● अमृत विचार

## केवि में वरिष्ठ अभिभावक दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**बनबसा, अमृत विचार** : केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, एचपीसी बनबसा में वरिष्ठ अभिभावक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमला शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार वत्स ने वरिष्ठ अभिभावकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हमारे जीवन का आधार हैं। उन्होंने वर्तमान समय में वरिष्ठ अभिभावकों के सम्मान तथा उन्हें परिवार के साथ रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में बाल वाटिका से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनका दादा-दादी एवं नाना-नानी ने भरपूर आनंद लिया। दादी वर्ग की खेल प्रतियोगिता में गंगा देवी प्रथम, मुन्नी देवी द्वितीय एवं पुष्पा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं दादाजी वर्ग की प्रतियोगिता में देवेंद्र प्रसाद ने प्रथम, भूपेंद्र प्रसाद ने द्वितीय, लीलाधर ने तृतीय तथा पूरनलाल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद मुदस्सिर ने किया। इस अवसर पर खुशबू, अनुष्का राजपूत, निशा पीपल, राहुल शर्मा, कोमल, वाशिफा अंसारी, यमुना कुमारी सहित विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



बाल भैरव मंदिर में माघी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

## बाल भैरव मंदिर में माघी खिचड़ी का आयोजन

**अल्मोड़ा** : नगर के मालरोड स्थित बाल भैरव मंदिर में शनिवार को माघी खिचड़ी का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़कों की संख्या में भक्तों ने भंडारे में पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। पूजा अर्चना के बाद दोपहर खिचड़ी का भंडारा शुरू हुआ। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए नगर के महिला, पुरुष, बच्चे, व्यापारी, कर्मचारी सहित सभी वर्गों के लोग उमड़े। भंडारे में भैरव गोस्वामी, पूरन नाथ गोस्वामी, मनोज नाथ गोस्वामी, अशोक गोस्वामी, राहुल गोस्वामी, सोनी गोस्वामी, हेम तिवारी, कैलाश वाणी, अनिल वर्मा, सूचित टम्टा, अभिषेक मेहरा, सूरज वाणी, आशीष भारती, जगदीश तिवारी, दीप चंद्र जोशी, गौरव आर्या, कमल मेहता, प्रकाश जोशी, राहुल कनवाल, प्रदीप मेहता, मोहित कुमार, राहुल कुमार, ललित अधिकारी, सोनू मेहता, इंदर गोस्वामी, हिमांशु चौहान, संजय पांडे, भगवान भोजक, पारस डसीला, पंकज बिष्ट आदि ने सहयोग किया।

# बहुउद्देशीय भवन का किया लोकार्पण

- चिलियानौला पालिका के पुराने भवन में पुस्तकालय का भी लोकार्पण

संवाददाता, रानीखेत



पुस्तकालय व बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण करते पालिका अध्यक्ष अरुण रावत।

**अमृत विचार:** चिलियानौला नगर पालिका परिषद के पुराने भवन में शनिवार को पुस्तकालय एवं बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पालिका परिषद अध्यक्ष अरुण रावत ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रिबन काटकर किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण रावत ने कहा कि स्थानीय वृद्धजनों एवं क्षेत्रवासियों की लंबे समय से बहुउद्देशीय भवन और पुस्तकालय की मांग थी, जिसे आज पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका कार्यालय के नए भवन में स्थानांतरित होने के बाद पुराने भवन का उपयोग जनहित में करते हुए यह सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि परिषद क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र न होने के कारण स्थानीय लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोलने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन मुकुल सती ने किया।

इस अवसर पर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी दीपा परिहार, सभी सभासद, पूर्व पालिका अध्यक्ष कल्पना देवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कमलेश बोरा, जीवन सिंह मेहरा, कमलेश रौतेला सहित अन्य आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।



साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय

कबीर दास जी कहते हैं, इस संसार में ऐसे सज्जनों की जरूरत है, जैसे अनाज साफ करने वाला सूप होता है। जो सार्थक को बचा लेता है और निरर्थक को उड़ा देता है।



# विपक्ष उत्तरदायी बने, प्रश्न पूछे, विकल्प दे, सुझाव रखे

> यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं।

संसद की गरिमा के प्रश्न स्थाई भाव बन रहे हैं। संसद देश काल का दर्पण होती है। यह केवल बजट पास करने या कानून बनाने का ही संवैधानिक निकाय नहीं होती। सदन की गरिमा और मर्यादा बहुधा तार-तार हो रही है। संसद की गरिमा को उच्च स्तर पर बनाए रखने का कर्तव्य सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ही जिम्मेदारी है। उत्तरदायित्व का निर्वाहन शोर-शराबे से नहीं होता। सदन के भीतर शोर शब्दों का विकल्प नहीं होता। कांग्रेस दीर्घकाल तक सत्ता में रही है। देश की संसदीय राजनीतिक संस्कृति को विकसित करने की जिम्मेदारी कांग्रेस की ही रही है, लेकिन विपक्षी दल की भूमिका में कांग्रेस वैचारिक विकल्प नहीं दे पाई। दुनियाभर के संसदीय जनतंत्रों में सत्ता पक्ष का विकल्प देने की जिम्मेदारी विपक्ष की ही होती है। सदन में अचानक किसी मुद्दे पर उबाल आ जाना बड़ी बात नहीं है। तीखी नोक-झोंक भी संभव है, लेकिन योजना बनाकर सदन के भीतर उत्पात करना किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता।

भारतीय संसद में बहुत कुछ अप्रिय घटित हो रहा है। ऐसा उत्पात सदन की मर्यादा का हनन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि 'कांग्रेस के सांसद किसी अप्रत्याशित घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देना चाहते थे।' बिरला ने कहा कि उन्होंने नेता सदन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सतर्क किया था कि ऐसी कोई बड़ी घटना संभव थी। बिरला ने यह भी कहा कि अभी बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने जैसा व्यवहार किया वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ। यद्यपि कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के दावे को झूठ बताया है, लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि प्रधानमंत्री के आसन के सामने तीन महिला सदस्यों का खड़े होना किस दृष्टि से संसदीय है। लोकसभा अध्यक्ष के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया था कि वे सदन में न आएं।

18वीं संसद में प्रेरक घटनाएं नहीं दिखाई पड़ती। विपक्ष अपने संसदीय दायित्वों के निर्वाहन में सफल नहीं रहा। व्यवधान और शोर बार-बार के स्थगन और संसदीय शब्दों का प्रयोग लगातार हो रहा है। राष्ट्रीय विमर्श के प्रश्न बहस का मुद्दा नहीं बन पाए। वैकल्पिक विषयों पर सदन के पटल पर विकल्प देना, विकल्प के क्रियान्वयन के लिए सुझाव देना विपक्ष की जिम्मेदारी है।

यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री सदन का नेता होता है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए उसे सरकार की नीतियों की आलोचना करनी चाहिए। उस आलोचना का आधार होना चाहिए। सदन में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा संसदीय व्यवहार का प्रमुख हिस्सा है। अपशब्द विचार प्रकट करने का सही माध्यम नहीं होते। अपशब्दों का प्रयोग संसदीय कर्तव्य के आदर्श निर्वाहन का विकल्प नहीं होता, लेकिन यहां प्रधानमंत्री के आसन के समक्ष खड़े होकर शोर मचाना, महिला सांसदों का आसन को घेर कर खड़े होना जैसे प्रसंग रोजमर्रा की कार्यवाही का हिस्सा बन रहे हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

प्रधानमंत्री के विरुद्ध किसी अनहोनी के संबंध में बिरला का रहस्योद्घाटन गंभीर प्रकृति का है। यह छोटी-मोटी घटना नहीं है। योजना बनाकर संसद की कार्यवाही को किसी भी रूप में प्रभावित करने की इच्छा भी खतरनाक है। यह सदन के विशेषाधिकार का भी उल्लंघन है। लोकसभा अध्यक्ष को घटना के सभी तथ्यों की जानकारी है, इसलिए ऐसे गंभीर मुद्दे पर विशेषाधिकार के अवमानना की कार्यवाही होनी चाहिए।

यद्यपि ब्रिटिश संसद को संसदीय मामलों में लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, लेकिन ब्रिटिश संसद के जन्म के बहुत पहले भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं थीं। लुडविग जैसे विद्वानों ने वैदिक काल में ही भारत की संसदीय संस्थाओं का उल्लेख किया है। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। अथर्ववेद में हैं। महाभारत में हैं। वैदिक साहित्य में सभा के सदस्य सभासद कहलाते थे, जो सभेय थे, सभा में सुंदर बोलते थे, वे सभ्य कहे जाते थे। उत्तर वैदिक काल और पुराणों के समय भिन्न-भिन्न जनहितकारी विषयों पर विचार गोष्ठियां होती थीं। भाषा में मधुरता थी। आचार और विचार मर्यादित थे, लेकिन आधुनिक भारत की संसद तमाम प्रतिभाओं के बावजूद मर्यादित रूप में नहीं चलती। संसदीय कार्यवाही प्रेरित नहीं करती। यह हताश और निराश करती है।

संविधान सभा की कार्यवाही लंबे समय तक चली थी। सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. आंबेडकर, कमलापति त्रिपाठी, विशंभर दयालु त्रिपाठी, मौलाना हसरत मोहानी, हरि विष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजूरू, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे विद्वान सदस्य थे।

इस लंबी कार्यवाही में कहीं कोई कटुता नहीं दिखाई पड़ी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। संविधान सभा ने देश को एक राज व्यवस्था दी। राष्ट्रवादी मूल और आदर्श दिए, लेकिन आश्चर्य है कि ऐसी परंपराओं के उत्तराधिकारी होकर भी हम अपनी संसद को सुव्यवस्थित नहीं चला पा रहे हैं। दुर्भाग्य का विषय है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास नीतियों के स्तर पर कोई विकल्प नहीं है। शोर स्थाई भाव है।

सदन राष्ट्रीय विमर्श के संवैधानिक मंच हैं। विपक्ष को तथ्य और तर्क सहित चर्चा करनी चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि प्रश्नों का उद्देश्य क्या है? क्या लोकतंत्र की मजबूती हंगामे से ही संभव है। क्या शोर-शराबा और हंगामा ही बहस का उपकरण हो सकते हैं। लोकसभा के मंच से लगातार विपक्ष द्वारा यही कहा जा रहा है कि हंगामा हथियार हो गया है। विपक्ष के पास तथ्य नहीं है। विपक्ष को लगता है कि विपक्ष के पास तथ्य व तर्क से ज्यादा हंगामा और नारेबाजी के उपकरण ही हैं।

विपक्ष सरकार को घेरने के अलावा और किसी लक्ष्य से प्रेरित नहीं है। वह राष्ट्रीय आवश्यकता की रणनीति पर कम और हंगामा द्वारा राजनीतिक बढ़त लेने का हथियार ज्यादा है। सदन में अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर कम से कम विपक्ष से अपेक्षा की जा सकती है कि वह उत्तरदायी बने। प्रश्न पूछे। विकल्प दे। सुझाव रखे। सरकार को जवाबदेह बनाए। विपक्ष का यह भी कर्तव्य है कि वह सदन को हंगामे का मंच न बनाए। वैकल्पिक विचार दे और संसदीय कार्यवाही को राष्ट्रहितैषी बनाए।

संप्रभुता अभद्र नहीं होती। संसद सर्वोच्च संप्रभु संस्था है। विधि निर्मात्री है, संविधान संशोधन के अधिकार से भी लैस है। राज्यों के विधानमंडल इसी की प्रतिछाया हैं, लेकिन संसद और विधानमंडल स्वयं अपनी बनाई कार्य संचालन नियमावली का अनुपालन नहीं करा पाते। राष्ट्र क्षुब्ध है।

# नई पीढ़ी में गेमिंग की लत छुड़वाने की चुनौती

पिछले ही सप्ताह भोपाल की छत्रसाल कॉलोनी के एक व्यवसायी के 8वीं क्लास में पढ़ने वाले इकलौते बेटे ने गेमिंग में फंसकर आत्महत्या की थी। घटना चर्चाओं में थी कि वैसा ही एक और मामला गाजियाबाद में घट गया। सिलसिलेवार तरीके से इस तरीके के केस रोजाना प्रकाश में आ ही रहे हैं। बीते 24 महीनों में करीब 180 घटनाएं देशभर में रिपोर्ट की गई हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है। कौन सी तरकीब अपनाई जाए, जिससे बच्चे फिर से गेमिंग के चुंगल से निकलकर अपने पारंपरिक देशी किस्म के खेलकूदों की ओर मुड़ जाएं। दरअसल, ऐसी जरूरत गाजियाबाद में तीन बहनों के सुसाइड के बाद और ज्यादा महसूस होने लगी है।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

क्यों मॉडर्न बच्चे मैदानी खेलों को छोड़कर मोबाइल गेमिंग जैसी आफतों में घुसते जा रहे हैं? ऐसे सवालों का उत्तर बिना देर किए सामुहिक स्तर पर समाज के प्रत्येक वर्गों को खोजना चाहिए। टीनएजर्स में गेमिंग की लत जानलेवा बीमारी जैसी हो गई है, जिसका ताजातरीन उदाहरण सामने है। कोरियन गेमिंग की आड़ में गाजियाबाद की तीन सगी नाबालिग बहनों ने 'लवर गेम टास्क' में खुद को फंसाकर मौत को गले लगाना पड़ा। उनके सुसाइड की खबर समाज में आग की तरह फैली हुई है। दरअसल तीनों बहनों ने मौत को जिस अंदाज से अपनाया उसने अभिभावकों को सबसे ज्यादा झकझोरा है। बच्चियों ने पिता के नाम चिट्ठी लिखकर मौत की वजह भी बताई। आठ पन्नों के सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी अधूरी चाहत की पूरी दास्तां को विस्तार से लिखी है। ऐसी-ऐसी वजहें लिखीं, जिन्हें पढ़-सुनकर समाज सोचने पर विवश हुआ है।

> बीते 24 महीनों में करीब 180 बच्चों के खुदकुशी के मामले देशभर में रिपोर्ट हुए हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है।

घटना की शुरुआती पड़तालें बताती हैं कि गेम की गिरफ्त में तीनों बहनें ऐसी जकड़ीं कि निकल ही नहीं पाईं, निकलने की तमाम नाकाम कोशिशें जरूर कीं, लेकिन दलदल में इतनी फंस चुकी थीं, वहां से निकला उनके लिए नामुकिन हो गया। अंत में तीनों ने नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त करना ही मुनासिब समझा। पुलिस घटना की तफ्तीश में है। मामला जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, नई-नई अचंभित करने वाली बातें सामने आ रही हैं। कुछ ऐसी भी बातें, जिन पर एकाएक विश्वास करना मुश्किल है।

पुलिस थ्योरी और पड़ोसियों की मानें तो तीनों लड़कियां लगातार गेम खेलती रहती थीं। ये बात अब तथ्यात्मक हो चुकी है कि ज्यादातर गेम साइको टाइप लत परोसने लगे हैं। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा अपनेपन का एहसास कराने की जरूरत है। एक बार जो इसकी गिरफ्त में फंसा, तो आसानी से छुटकारा नहीं पा सकता। इस झकझोर देने वाली घटना को ध्यान में रखकर ये समझना होगा कि आखिर कोरियाई कल्चर टीनएजर्स को क्यों लुभा रहा है? दरअसल, कोरियाई कल्चर की कुछ खासियतें हैं। उनका आधुनिक ड्रामा और के-पॉप प्यार और पारिवारिक भावनाएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उनके अपनेपन से लोग आसानी से उनसे जुड़ जाते हैं।

# आत्म विश्वास और विधि ही मुख्य है

मानव-प्रतिभा का विकास साधन सुविधाओं पर ही आधरित है यह सत्य नहीं है। मानव-प्रतिभा के विकास के लिए आत्म विश्वास और कार्य करने की सम्यक् विधि ये ही मुख्य आवश्यकता है। साधन सुविधाओं की आवश्यकता इनके बाद आती है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि अनेक साधन-सुविधाओं के उपरांत भी कई व्यक्ति अपना विकास नहीं कर पाते हैं और जिनके पास पर्याप्त साधन नहीं है फिर भी ये अपनी प्रतिभा का प्रर्याप्त विकास कर पाए और इतिहास बनाकर चले गए। इससे स्पष्ट हो गया कि साधन ही मुख्य नहीं है। आज देश में भारतीय प्रतिभा का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है, तो इसके लिये अधिकतर व्यक्ति साधनों के अभाव को दोष दे रहे हैं, किन्तु यह पूर्ण सत्य नहीं है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

मूल बात तो यह है कि भारतीय जन जीवन में जो विकृतियां इन दिनों व्याप्त हो रही हैं, उनमें ही एक विकृति अपनी विचार विपन्नता की है। अक्सर सुना जाता है कि हम भी बहुत कुछ कर लेते, किंतु हमारे पास साधन नहीं हैं। आलस्य और प्रमाद एक बहाना चाहता है। साधन के अभाव का बहाना आसानी से मिल जाता है। अतः उसे दुहराते रहेंगे और अपने विकास को कुंठित करते रहेंगे।

देश-विदेश के आविष्कारों और श्रेष्ठ आदर्शों का अध्ययन करें, तो यही स्पष्ट होता है कि जितने भी आविष्कार हुए या जो महत्वपूर्ण कार्य हुए, वे अभावों के बीच हुए। साधन संपन्नता से नव सर्जन के द्वार बंद ही हुए हैं खुले नहीं, हां अभावों में अवश्य विकास की किरण जगती हुई दिखाई दी है।

मानव के पास अपना मस्तिष्क और अपनी देह है। ये ही अनमोल सिद्धियां हैं। ये उपलब्ध हैं तो फिर अन्य साधनों का क्या? वे तो मिले या न मिले। मस्तिष्क स्वस्तः मानव के विकास का मार्ग प्रशस्त कर देता है। करोड़ों का घन भी जो सफलता नहीं दे सकता, मस्तिष्क वह सफलता प्रदान कर ही देता है। अपने मस्तिष्क में विकृत विचार न हों और सम्यक् कार्य विधि हों तो बढ़ते हुए प्रगति चरण कोई नहीं रोक सकता। आत्मविश्वास बड़ी चीज है। धैर्य और दक्षता के साथ अपने कदम बढ़ाएं तो साधन अनायास ही सामने उपस्थित रहेंगे।

हम जो मन में आया उसे तत्काल पूर्णता पूर्वक पा लेना चाहते हैं। भावनाओं का तीव्र ज्वार उमड़ता है अभिष्ट को पा लेने को, किंतु क्या उसी समय वह सब कुछ मिल पाता है? स्पष्ट है अभिष्ट तो उपलब्ध नहीं होता, किंतु निराशाएं अवश्य हाथ लगती हैं। वह निराशा जीवन को उत्साह हीन और भंद बना देती है।

आज अनेक व्यक्ति असफलता की कुंठा से ग्रस्त हैं। वे निराश हैं उन्हें कुछ करना सूझता नहीं। उन्हें चाहिए कि वे अपने कार्यों में ढूंढे कि कमी कहां रही। वह देखें और अपना प्रयास फिर शुरू करें। सारी कमियों को दूर कर उत्साहपूर्वक अपने प्रयास करते रहें। सफलता आपके चरण चूमने लगेगी। निराशा और पैर्यहीनता जीवन के सबसे बड़े दोष हैं। ये मानव को भीतर से पंगु बना देते हैं। अतः इन दोषों से अपने आप को बचा लेना चाहिए। कठिन से कठिन प्रसंग में भी हम धैर्य रख सकें यह एक महान बात होगी।

# बलूचिस्तान के विद्रोह में महिला फिदायीन

> 21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। बलूचिस्तान लिबरेशन अर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ 31 जनवरी से शुरू किए गए हेरोफ फेज-2 में 200 से अधिक पाक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और 17 को कब्जे में भी ले लिया है। इस आपरेशन की मुख्य उपलब्धि दो आत्मघाती विद्रोही बालाओं की हैरतअंगेज कहानी सामने आई है। इनमें 21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने जहां सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में स्थित आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया। इसे बलूचिस्तान में दो दशकों का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। बीएलए ने इस घटनाक्रम के सत्यापन के लिए हवा बलोच का एक वीडियो भी जारी किया है, जो उनके द्वारा किए हमले से ठीक 12 घंटे पहले का बताया गया है। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन हमलों में महिला लड़ाकों की उपस्थिति की पुष्टि की है।

बलूचिस्तान में यह संकट खुद पाकिस्तान की नाकामियों का नतीजा है। महिला आत्मघाती हमले जता रहे हैं कि अब विद्रोहियों ने मर-मिटने की कसम खा ली है। चूंकि पाकिस्तान के पास इन विद्रोहियों से मुकाबला करने का पर्याप्त साहस नहीं है, इसलिए वे हमलों के पीछे भारत का हाथ बताकर भारत विरोधी झूठा नैरेटिव पाकिस्तान से लेकर विदेशी मंचों पर भी गढ़ रहा है। यह खीज उसकी असहायता दर्शाती है। पाकिस्तान के इस झूठ के दुराचरण से दुनिया परिचित है, इसलिए सब जानते हैं कि पाक के ये षड्यंत्रकारी प्रपंच और नापाक इरादे हैं, इसलिए उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिल पा रहा है। पाकिस्तान इस तरह के आडंबर इसलिए भी रचता है, क्योंकि वह अनेक आंतरिक चुनौतियों से झूझ रहा है। अर्थव्यवस्था चौपट है और गरीबी सुरसामुख की तरह बढ़ रही है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

अफगानिस्तान भी सीमाई क्षेत्रों में पाक के लिए संकट का सबब बना हुआ है, जबकि वह इस्लामिक देश है। अफगानिस्तान पाक के विरुद्ध इसलिए है, क्योंकि अफगानिस्तान पर सैन्य हमलों के लिए अमेरिका के लिए जगह पाकिस्तान ही देता रहा है। अतएव अफगानियों के साथ-साथ बलूच पाक के लिए जानलेवा नासूर साबित हो रहे हैं, इसलिए विश्व मंचों पर उठाए सवालों के प्रतिउत्तर में भारत ने कह दिया है कि पाक अपनी आंतरिक विफलताओं को भारत पर न थोपे। उसे अब लंबे समय से चली आ रही अपने नागरिकों की मांगों का समाधान करना होगा। भारत को किसी भी स्तर पर उसकी नापाक इच्छा कभी भी पूरी नहीं होगी।

दरअसल पाकिस्तान अपने गिरेबान में झांकने के बजाय भारत पर आरोप मढ़ने में लगा रहता है, जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लश्कर-ए-तैयबा और आईएसकेपी जैसे आतंकी संगठनों को बीएलए के खिलाफ खड़ा किया गया है। लश्कर-ए-तैयबा भारत पर भी अनेक आतंकी हमलों में शामिल रहा है, लेकिन भारत तो छोड़िए बलूच में भी पाक सेना बलूच विद्रोहियों के विरुद्ध कमजोर पड़ रही है। इस कारण सरकार और सेना दोनों ही हताश है। विदेशी मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि बीएलए वास्तव में अब एक जन आंदोलन के रूप में दिखाई दे रहा है, जिससे मुकाबला करना सरकार और सेना के लिए कठिन हो रहा है।

बलूचिस्तान के सामाजिक कार्यकर्ता जिब्रान नासिर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करके पाक सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा है कि 'बलूचिस्तान जल रहा है और पाक जिम्मेदारी से बचने की मानसिकता के चलते यहां हालात और खराब कर रहा है। पाक को बलपूर्वक शांति स्थापित करने की बजाय बातचीत पर जोर देना चाहिए।' पाक की इस बर्बरतापूर्ण मानसिकता के चलते प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अनुसार पाकिस्तान में इस साल 28 प्रतिशत आतंकी हमले बढ़े हैं और इस साल जनवरी माह में ही इन हमलों से होने वाली मौतों का प्रतिशत 43 बढ़ गया है।

पाक की पीआईसीएसएस रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में कुल 361 लोग मारे गए हैं, जिनमें 242 आतंकवादी, 73 नागरिक और 46 सेना के जवान हैं। जबकि बीएलए का दावा है कि आपरेशन हेरोफ के दूसरे चरण में बलूच विद्रोहियों ने पाक सेना के 310 सैनिक मार दिए हैं।

# जब मृत्यु शैया पर लेटे भीष्म पितामह के ज्ञान देने पर हंस पड़ीं द्रौपदी

जीवन में कभी-कभी ऐसी स्थिति आ जाती है, जब यह तय करने में कठिनाई होती है कि क्या किया जाए, क्या न किया जाए? इसे असमंजस का भाव कहा जाएगा। महाभारत में दो नाम ऐसे आते हैं, जिन्हें असमंजस की स्थिति से गुजरना पड़ा था। पहला नाम भीष्म पितामह का लिया जाता है। भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण दुर्योधन कर रहा था, लेकिन भीष्म पितामह इस अपमानजनक घटना पर बोल नहीं पा रहे थे।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

असमंजस की हालत का बयान तब उन्होंने किया जब वे शरशय्या पर लेटे थे और श्रीकृष्ण के साथ पांचों पांडव तथा द्रौपदी उनके पास पहुंचे और भीष्म ज्ञान देने लगे, तो द्रौपदी हंस पड़ी। इस पर भीष्म ने हंसने का कारण पूछा तो द्रौपदी ने कहा, 'जब चीरहरण हो रहा था, तब आपका ज्ञान कहां चला गया था?' इस पर भीष्म ने उत्तर दिया, 'द्रौपदी उन दिनों मैं दुर्योधन का अन्न खाता रहा, जिससे दूषित रक्त बन रहा था। जब अर्जुन ने अपने वाणों से उस रक्त को बाहर कर दिया, तब मैं यह ज्ञान दे रहा हूं।

इसी तरह असमंजस युद्ध के मैदान में अर्जुन को भी हो गया था। अपने ही परिवार का वध करने से अर्जुन बचना चाह रहे थे, लेकिन अर्जुन के इस असमंजस की स्थिति को श्रीकृष्ण ने अपने उपदेशों के जरिए खत्म किया और युद्ध के लिए तैयार किया।

इन घटनाओं को लौकिक जीवन में भी देखने को मिलता है। भीष्म पितामह की तरह बड़े-बड़े ओहदे पर बैठे लोग अपने स्वार्थ में गलत को भी सही मानने के लिए मजबूर हो जाते हैं और जब कभी संकट में पड़ते हैं तब अपने बचाव में यही कहते हैं कि उन पर बहुत प्रेशर पड़ रहा था कि गलत को भी सही कहा जाए। यह स्थिति स्वीकार करने योग्य नहीं होती कि प्रेशर में 'हां में हां' मिलाना पड़ रहा था। सचाई तो यह है कि जब कभी अंतरात्मा से आवाज़ उठे कि क्या गलत है और क्या सही, तभी निर्णय लेकर अलग हो जाना चाहिए।

इसी तरह अर्जुन का असमंजस में पड़ना उचित इसलिए नहीं था, क्योंकि यदि अर्जुन युद्ध के मैदान से अलग हो जाते तो समाज व्याप्त दुर्योधन की बुराई समाप्त न होती। लौकिक जीवन में भी यदि कोई अपराध करता है तो उसे अपना समझ कर छोड़ा नहीं जा सकता। उसे दंड देना ही पड़ता है।

# सेब से खेजड़ी तक: विकास बनाम पर्यावरण की एक सी लड़ाई

केंद्र सरकार ने हाल ही में कश्मीर में प्रस्तावित तीन रेलवे परियोजनाओं पर रोक लगाकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। यह फैसला सेब के बागों को बचाने के लिए लिया गया है, जिन पर इन रेल लाइनों के निर्माण से सीधा खतरा मंडरा रहा था। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय है, बल्कि उन किसानों के लिए भी बड़ी राहत है, जिनकी आजीविका सेब के बागों पर निर्भर है।



प्रस्तावित रेलवे लाइनों के कारण पुलवामा, शोपिया और अनंतनाग जैसे इलाकों में सेब के हजारों पेड़ों के कटने की आशंका थी। ये इलाके कश्मीर के सेब उत्पादन का केंद्र हैं और वहां की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। बीते एक साल से किसान इस डर में जी रहे थे कि विकास के नाम पर उनकी जमीन और रोजगार छिन जाएगा। इसी आशंका के चलते किसानों ने विरोध प्रदर्शन भी किए और सरकार से इन परियोजनाओं को रद्द करने की मांग की। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों की सिफारिश पर इन परियोजनाओं को रोका गया है, ताकि बागों को नुकसान से बचाया जा सके। यह निर्णय इस बात की मिसाल है कि यदि सरकार चाहे, तो वह विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना सकती है। पर बड़ा सवाल यह है कि क्या यही संवेदनशीलता देश के अन्य हिस्सों में भी दिखाई जा रही है?



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

इस सवाल के जवाब में राजस्थान के बीकानेर में चल रहा 'खेजड़ी बचाओ-प्रकृति बचाओ' आंदोलन ध्यान खींचता है। यह आंदोलन राजस्थान में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के नाम पर हो रही पर्यावरणीय क्षति के विरोध में खड़ा हुआ है। इस आंदोलन के तहत पर्यावरण संघर्ष समिति ने बीकानेर में तीन दिन पहले महापड़ाव डाला है। महापड़ाव स्थल पर आमरण अनशन पर पहले 363 पर्यावरण प्रेमी बैठे, जिनकी संख्या बाद में 450 हो गई। इनमें 29 संत, एक साध्वी और 68 महिलाएं हैं। अनशन पर 18 के युवा से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग बैठे हुए हैं। तीसरे दिन आमरण अनशन पर बैठे 17 अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ गई। तीन को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाना पड़ा। अब अनशन स्थल पर 75 बेड के दो अस्थायी अस्पताल बनाए गए हैं। यह आंदोलन राजस्थान में खेजड़ी बचाने किया जा रहा है। अनशनकारियों की बिगड़ती तबीयत और अस्थाई अस्पतालों की व्यवस्था इस आंदोलन की गंभीरता को दर्शाती है।

राजस्थान आज देश में सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। सरकार और कंपनियों का दावा है कि इससे भविष्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी और देश का ऊर्जा परिदृश्य बदलेगा, लेकिन इस विकास की कीमत क्या है, इस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राजस्थान में पिछले एक दशक में लाखों पेड़ काटे गए हैं। इनमें खेजड़ी जैसे पारंपरिक और जीवनदायी वृक्ष भी शामिल हैं। खेजड़ी को राजस्थान में 'कल्प वृक्ष' का दर्जा प्राप्त है। यह न केवल मरुस्थलीय पर्यावरण को संतुलन देता है, बल्कि इससे सांगरी जैसी सब्जी, पशुओं के लिए चारा और ग्रामीण समुदाय की आजीविका भी जुड़ी हुई है। जन्म से मृत्यु तक के सामाजिक संस्कारों में भी खेजड़ी की मौजूदगी अपरिहार्य है।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रो. अनिल छंगाणी की स्टडी में यह तथ्य उजागर हुआ है कि सोलर लगाने के लिए 10 साल में 50 लाख पेड़ काटे जा चुके हैं। इनमें खेजड़ी, बेर, केर, रोहिड़ा, बबूल आदि शामिल हैं। अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि सौर प्लांटों के आसपास का तापमान औसतन 4-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पेड़ों की कटाई से कीट-पतंगों, मधुमक्खियों, पक्षियों और अन्य जीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं। गोंद और चारे की उपलब्धता घट रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

ब्रीफ न्यूज

## किच्छा में आज सजेगा विराट हिंदू सम्मेलन का मंच

**किच्छा :** सनातन धर्म प्रसार समिति के तत्वावधान में रविवार को बरेली मार्ग स्थित खन्ना राइस मिल परिसर में ''विराट हिंदू सम्मेलन'' का आयोजन होगा। कार्यक्रम संयोजक संजीव खन्ना ने बताया कि आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू समाज को जागरूक और एकजुट करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता एडवोकेट गजेंद्र सिंह संधू, प्रभात कुमार आर्य और अंशुल टंडन विचार रखेंगे। सम्मेलन में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। किच्छा में ऐसे तीन कार्यक्रम होने हैं, जिसके बाद अगला आयोजन 17 और 22 फरवरी को होगा। प्रेस वार्ता के दौरान जिला सह बौद्धिक प्रमुख भगत सिंह, प्रवीण रहेजा आदि मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**शक्तिफार्म :** केशव सूर्यमुखी कालेज आफ एजुकेशन के छात्र छात्राओं द्वारा जीआईसी गुरुग्राम में लगाए गए सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। इस दौरान स्वयं सेवकों द्वारा गांव में चलाए स्वच्छता, साक्षरता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि सितारगंज कोतवाल सुंदरम शर्मा ने शिविर में अर्जित अनुभव को समाज हित में प्रयोग करने की अपील की। छात्रों ने सामाजिक सरोकारों से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी आनंद मंडल, मानवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र राणा, मनोज दास, रितु सिंह, उमाशंकर बनर्जी रहे।

# संस्कृति-परंपराओं का संगम है कार्निवल : धामी

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हेमवती नंदन बहुगुणा महाविद्यालय में विंटर कार्निवल का किया शुभारम्भ

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि छात्र संघ द्वारा पहली बार विंटर कार्निवल के अंतर्गत भजन क्लम्बिंग जैसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, लोक परंपराओं और युवा चेतना के संगम का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ द्वारा आयोजित विंटर कार्निवल का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने छात्र संघ के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके सफल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिन छात्र-छात्राओं ने आज इस कार्यक्रम का संचालन किया है, वही छात्र कल राज्य और देश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि खटीमा मेरे लिए कोई विधानसभा सीट नहीं बल्कि ये मेरा घर है। मेरी कर्मभूमि है और मेरी पहचान है। खटीमा की मिट्टी ने मुझे सेवा का संस्कार दिया है, यही वो धरती है जहां से मैंने जनसेवा की पहली सीढ़ी चढ़ी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जहां एक ओर खटीमा में आधुनिक आईटीआई और पॉलीटेक्निक कॉलेज तथा सौ बेड के नए अस्पताल परिसर का निर्माण कर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया है। वहीं विद्यार्थियों के लिए "साथी केंद्र" की स्थापना करने के साथ ही औद्योगिक विकास को गति देने लिए सिडकुल की स्थापना भी की गई है। इतना ही नहीं, हम खटीमा और टनकपुर के बीच एक भव्य सैन्य स्मारक भी बनाने जा रहे हैं, जिस पर जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार पंतनगर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के निर्माण के लिए भी संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जहां राजकीय महाविद्यालय खटीमा में एमकॉम और एमएससी की कक्षाएं शुरू कराई, वहीं जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में एकलव्य विद्यालय का संचालन भी प्रारंभ किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारे निरंतर प्रयासों से प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क दोगुना हुआ है, और बिजली उत्पादन में चार गुना वृद्धि दर्ज की गई है। ये परिवर्तन केवल सरकारी रिपोर्टों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम जन के जीवन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी पलायन निवारण आयोग की रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश में 44 प्रतिशत रिवर्स पलायन हुआ है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर दीपक बाली, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, अमित पांडे, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, गौरव पांडे, सी ओ बी एस धोनी सहित छात्र संघ के सभी पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



खटीमा महाविद्यालय में आयोजित विंटर कार्निवल में मुख्यमंत्री को मोमेंटो देते छात्रसंघ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### खेल हमें अनुशासन, टीम भावना व नेतृत्व सिखाता है

**खटीमा :** बिरिया मझोला खटीमा में आयोजित स्व. मनीष चंद स्मृति द्वितीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का पुरुस्कार वितरण समारोह के साथ शिनवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग कर खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरित किया। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल शरीर व मनमस्तिष्क को स्वस्थ रखता है तथा हमें अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व सिखाता है इसलिए टीम भावना से खेले। टूर्नामेंट में 16 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। फाइनल मुकाबला नगला तराई खटीमा व उजालिकोट टनकपुर के बीच खेला गया। मुख्यमंत्री धामी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी व क्रिकेट में हाथ भी आजमाए। पहले खेलते हुए नगला तराई खटीमा ने 108 का लक्ष्य दिया जबकि उजलीकोट ने लक्ष्य प्राप्त कर 03 विकेट से जीत हासिल की। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय मनीष चंद के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की व संबोधित करते हुए कहा कल भारतीय युवा अंडर 19 टीम ने विश्व कप जीता है इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा खिलाड़ी लक्ष्य लेकर संकल्प के साथ आगे बढ़ें सिद्धि तक अवश्य पहुंचेंगे।

# यूजीसी कानून के विरोध में 21 को महारैली का ऐलान



यूजीसी कानून को लेकर आयोजित बैठक के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** यूजीसी के माध्यम से केंद्र सरकार की ओर से लाए गए कथित काले कानून के विरोध में प्रकाश हर्बोला के संयोजन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न लोगों ने भाग लिया।

वक्ताओं ने एक स्वर में कानून की भर्त्सना करते हुए इसे सवर्ण समाज और बच्चों के भविष्य के लिए घातक बताया। प्रकाश हर्बोला ने कहा कि यह कानून सवर्ण समाज पर अत्याचार है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अन्य वक्ताओं ने संगठित होकर चरणबद्ध आंदोलन चलाने, समान कानून की मांग और झूठी शिकायतों पर कड़े दंड का प्रावधान करने की आवश्यकता बताई। भुवन भट्ट ने कहा कि यूजीसी कानून अविलंब वापस लिया जाए। यदि इसे लागू ही करना पड़े तो इसमें सभी विद्यार्थियों को समान रूप से शिकायत करने का अधिकार होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आंदोलन को कल्कि सेना (ट्रस्ट) के अंतर्गत संचालित करने का निर्णय लिया गया और 21 फरवरी को महारैली आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भुवन भट्ट ने किया। साथ ही आगे के कार्यक्रम के लिए 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इस मौके पर तेज सिंह कार्की, ज्योति अवस्थी, विशाल शर्मा, विनोद शाही, तेज सिंह कार्की, नवीन पंत, विनोद शाही आदि मौजूद रहे।

# नेहा मिस, वंश मिस्टर बीयरशिवा घोषित

● बीयरशिवा स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दिया विदाई सम्मान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बियरशिवा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों की ओर आयोजित कार्यक्रम में काव्यपाठ, भाषण, गीत, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मिस्टर एंड मिस बीयरशिबा प्रतियोगिता रही, जिसमें रैंप वॉक, प्रतिभा प्रदर्शन और प्रश्नोत्तर चरण संपन्न हुए। प्रतियोगिता में मिस्टर बीयरशिबा वंश पांडे, मिस बीयरशिबा नेहा चौधरी विजेता घोषित किए गए। साथ ही उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

बेस्ट अटेंडेंस आर्या व आध्या वार्ष्णेय, बेस्ट इन इंग्लिश जिज्ञासा डंगवाल, बेस्ट इन कंडक्ट भास्कर आर्या, वंश पांडे, तन्मय जोशी, प्रतिभा, प्रीति बगड़वाल एवं आर्या वार्ष्णेय रहे। इस मौके पर संस्थापक निरूपमा भट्ट तलवार, चेयरपर्सन तिलकराज तलवार, प्रधानाचार्या मीना सती, उपप्रधानाचार्य एचएस बब्बर, सलाहकार के दत्ता, प्रशासनिक अधिकारी निशा सिंह, एचओडी अनीता बिष्ट, हिमानी जोशी, वंदना ठाकुर आदि मौजूद रहे।



बीयरशिबा स्कूल के कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्कूल प्रबंधन। ● अमृत विचार

## शिक्षिका का मंगलसूत्र झपट ले गए बाइक सवार

**रामनगर:** पीरूमदारा के ग्राम टांडा मल्लू निवासी अध्यापिका विजया लक्ष्मी सड़क किनारे पैदल जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और फरार हो गए। शिक्षिका के शोर मचाने पर जब तक लोग एकत्र होते, तब तक आरोपी बाइक से रफूचक्कर हो चुके थे। बताया जा रहा है कि लूटा गया मंगलसूत्र लगभग चार तोले सोने का है। घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीरूमदारा पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पीड़िता विजया लक्ष्मी ग्राम टांडा मल्लू की निवासी हैं और टोटाम, जनपद अल्मोड़ा स्थित एक स्कूल में पढ़ाती हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अभियंताओं को डिजिटल उपकरणों की जानकारी दी

● ग्राफिक एरा भीमताल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में ग्रामीण कार्य विभाग, उत्तराखंड सरकार के 34 अभियंताओं के लिए आयोजित दस दिवसीय एकीकृत कार्यशाला-सह-हैंड्स ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण अवसंरचना विकास से जुड़े फील्ड अभियंताओं की व्यावहारिक दक्षता और डिजिटल क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक इंजीनियरिंग टूल्स और तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें ऑटोकैड, भवन नियोजन एवं ड्राइंग, सर्वेक्षण उपकरणों का उपयोग, टोटल स्टेशन एवं थियोडोलाइट का संचालन, जीपीएस, जीआईएस तथा रिमोट सेंसिंग के अनुप्रयोगों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त परियोजना प्रबंधन की सीपीएम एवं पर्ट तकनीक, ग्रामीण कार्यों में गुणवत्ता आश्वासन और डिजिटल टूल्स के माध्यम से प्रभावी परियोजना क्रियान्वयन की जानकारी भी दी गई।

समापन अवसर पर भीमताल परिसर के निदेशक प्रो. (सेनि. कर्नल) अनिल कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रशिक्षण में शामिल अभियंताओं ने विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जटिल विषयों को व्यावहारिक रूप से सरल ढंग से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए ग्रामीण कार्य विभाग और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी प्रशासन का धन्यवाद किया।



ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी अभियंता व अधिकारी।

## केवि में छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार बांटे

**खटीमा :** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्राचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य ने छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य आर्य ने बताया कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक शनिवार को दो क्लासों में बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए मंच प्रदान किया जाता है। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में तीसरी कक्षा की अवनी रावत, चौथी कक्षा के उत्कर्ष सिंह, पांचवीं कक्षा के आकर्ष सिंह राना, छठवीं कक्षा के विराट, सातवीं कक्षा की कीर्ति सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जिसका संचालन हरप्रीत कौर और ने किया। संचालन शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने किया।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राष्ट्र सेविका समिति की ओर से आयोजित वार्षिक होली मिलन समारोह में शनिवार को शहर की 10 टीमों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में पारंपरिक होली गीतों और नृत्य के साथ-साथ सामयिक मुद्दों पर आधारित ''''स्वांग'''' मुख्य आकर्षण रहे। प्रहसन के माध्यम से पलायन, बाघों का आतंक, शहीद सम्मान और स्वच्छ भारत जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से उठाया गया। प्रतियोगिता में प्रगति महिला होली ग्रुप ने प्रथम, नयी सोच नयी उमंग ने द्वितीय, तनुजा मधुबन ने तृतीय और यूके भजन भक्ति माला ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, जबकि जय मां काली ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार मिला। जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दार्मवाल की अध्यक्षता और बेला तोलिया व सुमित्रा प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में संपन्न इस कार्यक्रम का संचालन भगवती पांडे ने किया। नगर कार्यवाहिका हेमलता उप्रेती ने अपने संबोधन में समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सुजाता माहेश्वरी व हेमा हरबोला ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अंत में विजयी टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।



होली मिलन समारोह में स्वांग और होली गीतों की प्रस्तुति देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## बाजपुर में बंद घर के ताले तोड़ लाखों की चोरी

**बाजपुर :** नगर क्षेत्र के केशव नगर (वार्ड नंबर-6) में चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए एक बंद मकान को निशाना बनाया और लाखों रुपये के जेवरात सहित घरेलू सामान समेट ले गए। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। पीड़ित मो. जुनैद, जो पंजाब में कार्यरत हैं, ने बताया कि उनकी माता घर पर रहती हैं। 6 फरवरी की सुबह पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देख उन्हें सूचना दी। चोरों ने घर में रखे संदूकों से लगभग 6 तोला सोने के जेवर और 38 तोला चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इतना ही नहीं, चोर तांबे-पीतल के करीब 59 बर्तन, 15 जोड़ी नए कपड़े और कंबल भी ले उड़े। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गौकशी से भड़के हिंदूवादी संगठन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** ग्राम शहदौरा स्थित एक खेत में गौकशी की सूचना के बाद हिंदूवादी संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बरा पुलिस चौकी पर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर चौकी के सामने विरोध जताया। ज्ञात हो कि शनिवार को ग्राम शहदौरा स्थित किसान के खेत में तस्करों द्वारा गौ वंशीय पशु की हत्या करने के बाद उसके अवशेषों को मौके पर ही फेंक दिया गया था और गौमांस लेकर मौके से फरार हो गए थे। हिंदूवादी नेताओं का कहना है कि क्षेत्र में गौतस्करों के हौसले बुलंद हैं और गौमाता की हत्या कर हिंदू भावनाओं को आहत किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थिति को तनावपूर्ण देखते हुए पुलभट्टा थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया।



पुलभट्टा थाना अंतर्गत बरा चौकी के बाहर प्रदर्शन करते हिंदूवादी कार्यकर्ता।

सूचना का अधिकार

उत्तराखंड पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 12 साल में राज्य से 147512 लोगों ने किया स्थायी पलायन

# पलायन की गंभीर तस्वीर, पौड़ी-टिहरी सबसे अधिक प्रभावित

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड पलायन आयोग की रिपोर्ट ने राज्य में स्थायी पलायन की चिंताजनक स्थिति उजागर होती है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2011 से 2018 के बीच राज्य की ग्राम पंचायतों से कुल 1 लाख 18 हजार 981 लोग स्थायी रूप से पलायन कर चुके हैं, जबकि वर्ष 2018 से 2022 के बीच यह संख्या 28 हजार 531 रही।

सूचना के अधिकार के तहत यह जानकारी मिली। ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग के अनुसार पर्वतीय जिलों में पलायन की समस्या सबसे अधिक गंभीर बनी हुई है। वर्ष 2011 से 2018 के बीच पौड़ी गढ़वाल जिले से सबसे अधिक 25 हजार 584 लोगों ने स्थायी पलायन किया। इसके बाद टिहरी गढ़वाल से 18 हजार 830 और अल्मोड़ा से 16 हजार 207 लोगों ने गांव छोड़े।

वर्ष 2018 से 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पलायन की रफ्तार में कुछ कमी जरूर आई है, लेकिन समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुई। इस अवधि में भी अल्मोड़ा से 5926, टिहरी गढ़वाल से 5653 और पौड़ी गढ़वाल से 5474 लोगों ने स्थायी पलायन किया। मैदानी जिलों की बात करें तो हरिद्वार, देहरादून और ऊधमसिंह नगर में पलायन के आंकड़े अपेक्षाकृत कम रहे हैं।

वर्ष 2018 से 2022 के बीच ऊधमसिंह नगर से मात्र 82 और देहरादून से 312 लोगों के पलायन की पुष्टि हुई है। रोजगार के अवसरों की कमी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, खेती से घटती आय और बुनियादी सुविधाओं की कमी पलायन के प्रमुख कारण हैं।

### रिवर्स पलायन पर राज्य सरकार का फोकस

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बीते दिनों ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग उत्तराखंड की दसवीं बैठक में पलायन पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि पलायन की समस्या राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती रही है, लेकिन पिछले चार-पांच सालों में रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में उत्तराखंड के युवाओं को मांग के अनुरूप कौशल, सुनिश्चित रोजगार और वेतन प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आयोग के सदस्यों से अन्य राज्यों में जाकर रिवर्स पलायन के लिए राज्य सरकार की ओर से किए गए कामों की जानकारी देने के साथ ही पलायन रोकने और रिवर्स पलायन से जुड़े नवाचारों का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए हैं।

### पलायन की पिछली दो रिपोर्टों के हाल

| क्रम संख्या जनपद | वर्ष 2011- 2018 | वर्ष 2018 से 2022 | क्रम संख्या जनपद | वर्ष 2011- 2018 | वर्ष 2018 से 2022 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हरिद्वार | 1251 | 1029 | 9 पिथौरागढ़ | 9883 | 1713 |
| 2 नैनीताल | 4823 | 2014 | 10 चमोली | 14289 | 1722 |
| 3 अल्मोड़ा | 16207 | 5926 | 11 देहरादून | 2802 | 312 |
| 4 उत्तरकाशी | 2727 | 900 | 12 रुद्रप्रयाग | 7835 | 715 |
| 5 टिहरी | 18830 | 5653 | 13 यूएस नगर | 952 | 82 |
| 6 बागेश्वर | 5912 | 1403 | उत्तराखंड | 118981 | 28531 |
| 7 पौड़ी | 25584 | 5474 | | | |
| 8 चम्पावत | 7886 | 1588 | | | |

स्रोत- ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग के अनुसार

### 691036 लोगों ने किया अस्थायी पलायन

पलायन आयोग के अनुसार काम और रोजगार की तलाश में अस्थायी पलायन करने वालों की संख्या भी काफी ज्यादा है। साल 2012 से 2022 के दौरान 691036 लोगों ने अस्थायी तौर पर पलायन किया है। साथ ही अब आगे की तस्वीर पलायन आयोग की अगली रिपोर्ट में नजर आएगी।

## महाशिवरात्रि पर होगा सद्भावना सम्मेलन

**लालकुआं:** बिंदुखत्ता स्थित श्री हंस प्रेम योग आश्रम, संजय नगर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 15 फरवरी को विराट सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

सम्मेलन को अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संत और मानव धर्म के प्रणेता सतपाल महाराज संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी मानव उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय संगठन सचिव महात्मा सत्यबोधानंद ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विराट सद्भावना सम्मेलन होगा। इस अवसर पर अमृता माताजी एवं अन्य दिव्य विभूतियां भी शिरकत करेंगी। महात्मा सत्यबोधानंद ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पंडाल, सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवास, भंडारा सहित कुल 63 विभागों का गठन किया गया है।

# जन उपयोगी सेवाओं से जुड़े वाद सुनती है लोक अदालत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987, भारतीय राजपत्र 20 मार्च 2015 और उत्तराखंड सरकार के शासनादेश 14 फरवरी 2020 के परिप्रेक्ष्य में स्थायी लोक अदालत केवल जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित वादों का श्रवण कर सकती है। इसके अलावा अन्य कोई वाद सुनने का क्षेत्राधिकार स्थायी लोक अदालत को नहीं है।

शनिवार को स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष सिंह ने बताया कि वायु मार्ग, सड़क मार्ग व जल मार्ग के द्वारा यात्रियों एवं माल के वहन के लिए यातायात सेवा, डाक, तार या टेलीफोन सेवा, ऐसे स्थापन जो जनता को बिजली, प्रकाश या पानी प्रदान करते हों, सार्वजनिक मल वहन या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल उससे जुड़ा दवाई औषधि वितरण केंद्र (औषधालय) में दी गई सेवाएं, बीमा सेवा, शैक्षिक या शैक्षणिक संस्थानों की सेवा, आवास और भू-संपदा सेवा, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बैंकिंग या वित्तीय सेवा से संबंधित विवाद या मुद्दे जो स्थायी लोक अदालत द्वारा निस्तारित किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्थायी लोक अदालत में सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। इस कारण वाद शीघ्र निस्तारित होते हैं। स्थायी लोक अदालत का पंचाट सिविल न्यायालय की डिक्री के समान ही निष्पादित किया जाएगा।

## समावेशी वृद्धि को दिशा देने वाला बजट : नीति आयोग

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा कि केंद्रीय बजट कौशल विकास पर जोर देते हुए निरंतर, तेज और समावेशी वृद्धि को दिशा देगा। विरमानी ने जोर दिया कि भविष्य में कौशल विकास और सेवा क्षेत्र देश की तस्वीर बदल देंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपाय, वैश्विक डेटा केंद्रों के लिए दीर्घकालिक कर प्रोत्साहन और कृषि व पर्यटन के लिए समर्थन की घोषणा की गई थी।

# 44 अरब डॉलर के अमेरिकी निर्यात पर लगेगा शून्य शुल्क

## द्विपक्षीय समझौते के पहले चरण पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद

- दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर करेंगे आयात शुल्क कम
- केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा- शुल्क में कमी से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के तहत अमेरिका को होने वाले लगभग 44 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर शून्य जवाबी शुल्क लगेगा। इस समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत और अमेरिका ने घोषणा की है कि वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। इसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को मौजूदा 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं।

गोयल ने कहा कि 44 अरब डॉलर मूल्य का भारतीय निर्यात अमेरिका को शून्य जवाबी शुल्क पर जाएगा। जहां 30 अरब डॉलर मूल्य की भारतीय वस्तुओं पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा (जिसमें श्रम-प्रधान क्षेत्रों की वस्तुएं शामिल हैं), वहीं 12 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं (इस्पात, तांबा और कुछ वाहन घटक सहित) के शुल्क में कोई बदलाव नहीं होगा। इस्पात, एल्युमीनियम, तांबा और वाहन घटक पर ये शुल्क सभी देशों पर समान रूप से लागू होते हैं। इसलिए ये केवल भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित नहीं करते हैं। इन उत्पादों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क लगता है।



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी देते केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, साथ में अन्य लोग।

### अंतरिम को जल्द बदलेंगे बीटीए में

गोयल ने कहा कि शुल्क में कमी से कपड़ा, परिधान, चमड़ा और जूते-चप्पल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा। जिस अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, उसे जल्द ही हमारे संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त में बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक बहुत ही निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित समझौते पर पहुंचे हैं, जो भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। एक कार्यकारी आदेश के जरिये अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। यह आदेश जल्द ही आ सकता है।

### कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क

गोयल ने कहा कि जेनेरिक दवा, विमान के पुर्जों, वाहन घटक आदि जैसे कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क दिया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भारतीय निर्यात के लिए व्यापक संभावनाएं खुलेंगी। यह समझौता एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, युवाओं, महिलाओं और भारत के प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसर प्रदान करेगा। इससे किसानों और मछुआरों को अमेरिकी बाजार में अपनी उपज की बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी और भविष्य में कपड़ा और परिधान, रत्न और आभूषण, मशीनरी के पुर्जे, खिलौने, चमड़ा और जूते-चप्पल, घरेलू सजावट, स्मार्टफोन और कृषि के कई क्षेत्रों में भारी वृद्धि होगी।

### अमेरिकी बाइक पर शून्य शुल्क, डेविडसन को होगा लाभ

भारत समझौते के तहत 800-1,600 सीसी और उससे अधिक इंजन क्षमता वाली अमेरिकी बाइकों के लिए शून्य-शुल्क पहुंच देगा। एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम से प्रतिष्ठित अमेरिकी ब्रांड हार्ले-डेविडसन को फायदा होगा। पिछले साल सरकार ने पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आयातित 1,600 सीसी तक क्षमता वाली बाइकों पर आयात शुल्क को 50 से घटाकर 40% किया था। दूसरी ओर 1,600 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइकों के लिए शुल्क 50 से घटाकर 30% किया गया था। अधिकारी ने कहा कि शुल्क समाप्ति समझौते के लागू होने के दिन से प्रभावी होगी। भारत हाई-एंड प्रीमियम बाइक के लिए छोटा बाजार है और इस खंड में अमेरिका की हिस्सेदारी बहुत कम है। हीरो मोटोकॉर्प और हार्ले-डेविडसन ने अक्टूबर 2020 में भारतीय बाजार के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत हीरो मोटोकॉर्प को देश में हार्ले-डेविडसन ब्रांड के तहत प्रीमियम बाइकों की श्रृंखला विकसित करने और बेचने की जिम्मेदारी दी गई थी। उसे सर्विस और पुर्जों का ध्यान रखने का भी काम सौंपा गया है।

### बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों का बड़ा खरीदार, समझौते से उत्साहित

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका स्थित बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों की बड़ी खरीदार है। अमेरिकी कंपनी भारत को घटकों के लिए सबसे बड़े विदेशी मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) आधार के रूप में देख रही है। भारत के साथ समझौते के तहत अमेरिका कुछ विमानों और विमान के कलपुर्जों पर शुल्क हटाने पर सहमत है। गोयल ने कहा, बोइंग और एयरबस पहले से ही भारत से विमान के कलपुर्जों के बड़े खरीदार हैं, दोनों कंपनियां साझेदारी से उत्साहित है। भारत विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग के लिए प्रमुख बाजार है और देश में इसके 265 से अधिक वाणिज्यिक और सैन्य विमान हैं। कंपनी के पास 325 से अधिक आपूर्तिकर्ता हैं और देश से इसकी वार्षिक खरीद 1.25 अरब डॉलर की है। इस राशि में कलपुर्जे और सेवाएं शामिल हैं। इसी तरह, एयरबस का लक्ष्य भी 2030 तक भारत से घटकों और सेवाओं की अपनी खरीद को बढ़ाकर दो अरब डॉलर करना है। वर्तमान में यह लगभग 1.4 अरब डॉलर है।

### भारत-अमेरिका का समझौता अवसर पैदा करेगा: बोइंग

विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने कहा कि भारत-अमेरिका समझौता कई अवसर पैदा करेगा। कंपनी ने हमेशा एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए जीरो-फॉर-जीरो शुल्क दृष्टिकोण की वकालत की है। बोइंग इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि यह समझौता कई गुना अवसर खोलता है। यह सौदा उस सिद्धांत को विस्तार देने को गति प्रदान करता है, जिससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी और दोनों देशों के लिए लाभ की स्थिति पैदा होगी। बोइंग ने एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए शून्य टैरिफ का समर्थन किया है क्योंकि यात्रा, कनेक्टिविटी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ता है।

### संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों पर अमेरिका को रियायत नहीं

भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया गया है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा पर सहमत होने की घोषणा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर कहा कि यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को संरक्षित किया गया है। इन वस्तुओं का संबंध भारत के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने से इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।



उन्होंने कहा कि सभी व्यापार वार्ताओं में किसानों के हित सर्वोपरि हैं और मोदी सरकार किसानों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एफटीए में भी कृषि और डेयरी उत्पादों पर आयात शुल्क रियायत नहीं

गोयल ने कहा कि रूपरेखा के माध्यम से भारतीय वस्तुओं के लिए तरजीही पहुंच सुनिश्चित करते हुए, अनाज, फल, सब्जी, मसाले, तिलहन, डेयरी, मुर्गी पालन और मांस सहित कई अन्य संवेदनशील कृषि क्षेत्र को लेकर कोई रियायत नहीं दी गई है। भारत ने अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों पर किसी तरह की आयात शुल्क रियायत नहीं दी है। हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। ऐसे व्यापार समझौतों के तहत, कुछ क्षेत्रों में आयात शुल्क को समझौता लागू होने के दिन ही समाप्त कर दिया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में इसे धीरे-धीरे कम किया जाता है। कुछ क्षेत्रों में शुल्क घटाया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कोटा आधारित रियायतें प्रदान की जाती हैं। भारत ने हमेशा से ही डेयरी, चावल, गेहूं, मांस, पॉल्ट्री, अनाज, आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य पदार्थ, सोयामील और मक्का जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को अपने व्यापार समझौतों के दायरे से बाहर रखा है। कृषि और पशुपालन जैसी संबद्ध गतिविधियां भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, जहां कृषि अत्यधिक मशीनीकृत और कॉरपोरेट क्षेत्र के रूप में है, भारत में यह एक बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स, आईपी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : वैष्णव

**बेंगलुरु, एजेंसी**



- अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और आईसीटी वस्तुओं के व्यापार की बाधाओं को दूर करने का आह्वान

अमेरिका और भारत के बीच शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स और बौद्धिक संपदा (आईपी) से संबंधित मामलों पर अमेरिका के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया गया है। इसमें विशेष रूप से अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी बाधाओं का उल्लेख है।

बयान के प्रभाव और इसके अपेक्षित असर पर वैष्णव ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इस पर विवरण साझा करने वाला नोडल निकाय है, लेकिन जहां तक इलेक्ट्रॉनिक्स का सवाल है, भारत चर्चा में गहराई से शामिल है। मंत्री ने कहा कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स और आईपी के मोर्चे पर जुड़े हुए हैं। हम सह-विकास और सह-निर्माण में विश्वास करते हैं। हम आईपी का सम्मान करने में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि नए उत्पादों, नए विचारों और नई प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत के पास पूरी दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है और यह यात्रा बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही है। समझौते के लागू होने के छह महीने के भीतर इस बात पर सकारात्मक परिणाम के लिए काम किया जाएगा कि क्या अमेरिकी मानकों या अंतर्राष्ट्रीय मानकों (परीक्षण आवश्यकताओं सहित) को भारतीय बाजार में अमेरिकी निर्यात के उद्देश्यों के लिए स्वीकार किया जा सकता है। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और डेटा सेंटर में उपयोग होने वाली वस्तुओं सहित प्रौद्योगिकी उत्पादों के व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे।

## बिजनेस ब्रीफ

### आरसीपीएल ने जीजीजी में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया स्थित गुडनेस ग्रुप ग्लोबल (जीजीजी) में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की। इस सौदे में बेटर-फॉर-यू पेय व्यवसाय शामिल है, जिसके जरिये आरसीपीएल को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में प्रवेश करने और विदेशी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत, आरसीपीएल भारत सहित नए बाजारों में गुडनेस ग्रुप के प्रमुख स्वास्थ्यवर्धक पेय ब्रांड जैसे नेक्सबा और पेस को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कंपनी ने इस अधिग्रहण की राशि और हिस्सेदारी के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है। यह स्वास्थ्य आधारित पेय पोर्टफोलियो विकसित करने के आरसीपीएल के प्रयासों को और मजबूत करती है।

### एसबीआई का लाभ रिकॉर्ड 21,028 करोड़

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए, जिसके अनुसार बैंक का एकल लाभ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर 21,028 करोड़ रहा। शेयर बाजार के मुताबिक एकीकृत आधार पर सार्वजनिक बैंक का लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़ा है। एकल ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रहा। ऋण में 15.14 प्रतिशत की वृद्धि से इसे समर्थन मिला, हालांकि घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.03 प्रतिशत घटकर 3.12 प्रतिशत रह गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की गैर-ब्याज आय 15.65 प्रतिशत बढ़कर 8,404 करोड़ रुपये रही।

### फिक्स्ड नेटवर्क को नोकिया का केंद्र शुरू

**चेन्नई।** नोकिया ने तमिलनाडु में फिक्स्ड नेटवर्क के लिए दुनिया का अपना सबसे बड़ा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र खोला है, जो दूरसंचार क्षेत्र में राज्य के नेतृत्व को और मजबूत करता है। राज्य के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि फिनलैंड की दिग्गज दूरसंचार कंपनी का यह विस्तार अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अमेरिका यात्रा के दौरान तमिलनाडु सरकार के साथ हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का परिणाम है। राजा ने पोस्ट कर बताया कि फिक्स्ड नेटवर्क के लिए नोकिया के दुनिया के सबसे बड़े आरएंडडी केंद्र का स्वागत करें।



# भारत-अमेरिका समझौते पर भाजपा-कांग्रेस में ठनी

## देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है कांग्रेस : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के लिए काफी लाभकारी होगा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह हमेशा देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस के बयान के बाद आई है।



- जयराम रमेश की टिप्पणी पर किया पलटवार

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने जयराम रमेश की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर समझौता करने वाले के रूप में उभरते देखकर कांग्रेस असहज है। भंडारी ने एक्स पर सवाल किया कि कांग्रेस भारत के लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और अर्थव्यवस्था के विकास का हमेशा विरोध क्यों करती है? कांग्रेस यह पचा नहीं पा रही है कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने यूरोपीय संघ और अब अमेरिका के साथ बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे हमारे किसानों, निर्यातकों और एमएसएमई के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक अवसर पैदा हुआ है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह समझौता देश की महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तैयार की है। ये कदम भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा को मजबूत करते हैं, मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हैं और वस्त्र एवं चमड़ा से लेकर रसायन, मशीनरी और हस्तशिल्प उत्पादों तक के क्षेत्रों के लिए अवसरों का विस्तार करते हैं। भारत के संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों को दी सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वैश्विक व्यापार के बावजूद किसानों के हितों और ग्रामीण आजीविका की रक्षा हो।

## समझौता दबाव में, मोदी ने कर दिया समर्पण : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार दावा किया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं हुआ, बल्कि अमेरिका का लाभ हुआ है क्योंकि यह समझौता दबाव में किया गया और प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पण कर दिया।



- कांग्रेस का दावा- व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नमस्ते ट्रंप, हाउडी मोदी पर भारी पड़ गया है। नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत एवं अमेरिका के रिश्तों से जुड़े दो बड़े राजनीतिक-कूटनीतिक कार्यक्रम थे, जिनका आयोजन क्रमशः अहमदाबाद और ह्यूस्टन में हुआ था। रमेश ने कहा कि अभी तक इस समझौते के विवरण घोषित नहीं किए गए हैं, उनके बारे में शायद आने वाले कुछ महीनों में बताया जाए। लेकिन जो संयुक्त बयान जारी हुआ है, उससे कुछ बातें बिल्कुल साफ़ हैं। पहली, हम अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म करेंगे या कम करेंगे। यह साफ़ तौर पर अमेरिकी किसानों के लिए फ़ायदे की बात है, भारतीय किसानों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि दूसरी बात, जो बिल्कुल स्पष्ट है, वह यह है कि हम रूसी तेल का आयात बंद करने जा रहे हैं और अलग से अमेरिकी सरकार ने यह भी ऐलान कर दिया है कि अगर हम रूस से सीधे या परोक्ष रूप से तेल आयात करते हैं, तब भी हम पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा। रमेश ने एक्स पर व्हाइट हाउस के एक बयान का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए पोस्ट किया, अमेरिका अब इस पर नजर रखेगा कि भारत रूस से तेल आयात कर रहा है या नहीं।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के समक्ष समर्पण कर दिया है। भारत अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं।

## संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता : भागवत

**मुंबई, एजेंसी**



- आरएसएस प्रमुख बोले- संघ का उद्देश्य सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के खिलाफ नहीं है और ना ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है। भागवत ने जनसभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उभरी विभिन्न विचारधाराओं का उल्लेख किया, जिनका प्रतिनिधित्व राजा राम मोहन रॉय, स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती सहित सुधारकों और नेताओं ने किया।

उन्होंने कहा कि हालांकि यह देखा जा रहा है कि समाज को दिशा देने और अनुकूल वातावरण बनाने का काम नहीं हो रहा है। भागवत ने कहा कि आरएसएस का मुख्य उद्देश्य देश में जारी सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना है। संघ कोई अर्धसैनिक बल नहीं है, भले ही वह नियमित पथ संचलन करता है और उसके स्वयंसेवक लाठी चलाते हैं, लेकिन इसे एक अखाड़े के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। आरएसएस राजनीति में भी शामिल नहीं है, हालांकि संघ से जुड़े कुछ लोग राजनीतिक जीवन में सक्रिय हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 1925 में आरएसएस की स्थापना से पहले के देश की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एक सुरक्षा वाल्व के रूप में स्थापित किया, लेकिन भारतीयों ने इसे स्वतंत्रता संग्राम का शक्तिशाली साधन बना दिया। भागवत ने आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का उल्लेख करते हुए उनके बचपन की कठिन परिस्थितियों का वर्णन किया, जिसमें 13 वर्ष की उम्र में प्लेग से माता-पिता का निधन और उसके बाद हुई आर्थिक कठिनाइयां शामिल थीं। भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें उनके स्कूल के दिनों में वंदे मातरम् आंदोलन भी शामिल था। भागवत ने कहा कि जब उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, तो नागपुर के कुछ लोगों ने उन्हें मेडिकल की पढ़ाई के लिए कोलकाता भेजने हेतु धन जुटाया, जहां वह क्रांतिकारी समूहों के सम्पर्क में आये।

भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने कोकेन नाम के कोडनेम से काम किया, जो कोकेनचंद्र नामक व्यक्ति से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि एक बार पुलिस की टीम, जो कोकेनचंद्र को गिरफ्तार करने आई थी, गलतफहमी में हेडगेवार को ही हिरासत में ले गई और यह घटना रास बिहारी बोस की किताब में दर्ज है।

## केंद्र विकसित-समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : शाह

**जम्मू, एजेंसी**

- जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने की दी सलाह
- केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, और केंद्र शासित प्रदेश में जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। लोक भवन में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एक विकसित और समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के दृष्टिकोण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

अधिकारियों ने बताया कि दो घंटे की बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल दुल्लू और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात शामिल थे। गृह मंत्री ने कहा कि विकास को गति देने के लिए केंद्र के निरंतर और समर्पित प्रयासों से, जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं ने अभूतपूर्व प्रगति की है। जम्मू-कश्मीर को अपनी जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता विकसित करने की जरूरत है। शाह बृहस्पतिवार देर रात जम्मू पहुंचे और शुक्रवार को उन्होंने कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुरनाम एवं बोबियान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की अग्रिम चौकियों का दौरा किया। कठुआ से लौटने पर शाह ने सुरक्षा समीक्षा बैठक की, जिसमें अन्य लोगों के अलावा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी थे और बैठक का उद्देश्य जम्मू कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना था। परियोजनाओं पर बैठक के दौरान, शाह ने सड़क बुनियादी ढांचे, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4जी और ऑप्टिकल-फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों की व्यापक समीक्षा की।

## बाइक सवार की मौत के मामले में उप-ठेकेदार गिरफ्तार

- डीजेबी के खोदे गड्ढे में गिरकर गई युवक की जान, दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत के मामले में एक उप-ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि उप-ठेकेदार राजेश प्रजापति को दुर्घटना की सूचना कई घंटे पहले दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की।

जांच के अनुसार, उसी दरमियानी रात को इलाके से गुजर रहे परिवार ने देखा कि कमल (25) संभवतः गड्ढे में गिरा है। उन्होंने घटनास्थल पर तैनात सुरक्षा गार्ड और पास के तंबू में रहने वाले व्यक्ति को सूचना दी। प्रजापति द्वारा नियुक्त सुरक्षा गार्ड ने उसी रात कनिष्ठ कर्मचारी को सूचित किया कि एक व्यक्ति गड्ढे में गिरा है। कनिष्ठ कर्मचारी ने प्रजापति को मौके पर बुलाया। प्रजापति ने गड्ढे में बाइक और व्यक्ति को देखा, लेकिन उसने किसी को सूचित नहीं किया और घर चला गया। कैलाशपुरी निवासी और निजी बैंक के कर्मचारी कमल ध्यानी जब घर लौट रहे थे तभी वह सीवर पाइपलाइन परियोजना के लिए खोदे गए 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गए और मौत हो गई।

## संसद को मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है सरकार : रीजीजू

**पटना, एजेंसी**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सरकार डरने वाली नहीं है, लेकिन वह टकराव और हंगामे की राजनीति भी नहीं चाहती। सरकार संसद को शांतिपूर्ण और मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है। रीजीजू ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में यह टिप्पणी की।

लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बोलने देने से जुड़े सवाल पर रीजीजू ने कहा कि सरकार चाहती तो मार्शलों के जरिये सदन से सदस्यों को बाहर कराकर प्रस्ताव पारित करवा सकती थी, लेकिन वह सभी का सम्मान करती है। हम टकराव नहीं, बल्कि संवाद और मर्यादा के साथ संसद की कार्यवाही चलाना चाहते हैं।



केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में कांग्रेस के 40-50 सांसद पहुंचे थे और वहां अनर्गल बातें कही थीं। रीजीजू ने बताया कि वह स्वयं वहां मौजूद थे, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई, क्योंकि सरकार शांति की पक्षधर है। कांग्रेस सांसदों की टिप्पणियों के बाद लोस अध्यक्ष ने एहतियाती कदम उठाया और प्रधानमंत्री से लोस की बजाय रास में बोलने का अनुरोध किया गया।

### बहस लोकतंत्र का हिस्सा, मर्यादा बनी रहनी चाहिए : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि बहस और चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन सदन की मर्यादा हर हाल में बनाए रखी जानी चाहिए। बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस पर विधानमंडल के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में बिरला ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। विधानसभा और संसद के सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का विशेषाधिकार है। उन्हें अपने विचार साझा करने चाहिए, लेकिन ऐसा करते समय गरिमा बनाए रखनी होगी।

## कर्नल सोफिया पर टिप्पणियों के लिए मंत्री शाह ने फिर मांगी माफी

**इंदौर।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के विवाद से घिरे मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री विजय शाह ने शनिवार को एक बार फिर माफी मांगी और कहा कि विवादास्पद बयान के पीछे उनका मकसद किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग के अपमान का कतई नहीं था।

शाह ने कहा कि मैंने कई बार कहा है और आज फिर दोहरा रहा हूं कि मेरे बयान के पीछे ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि इससे किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग का अपमान हो। निस्संदेह मेरे शब्द मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। ये शब्द देशभक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे।

# रूस से तेल की खरीद पर भारत अपने पहले के रुख पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

- देशवासियों की ऊर्जा जरूरतें पूरी करना सरकार की प्राथमिकता

अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

भारत का यह बयान अमेरिका द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में उस पर लगाये गये 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क को हटाने के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है, सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### तेल क्रय बंद करने का अमेरिकी दावा

उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद से अमेरिका कहता रहा है कि भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क शनिवार को हटा लिया। ट्रंप ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि भारत ने रूसी संघ से तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## मौत के मुहाने पर बैठे हैं नागरिक

दिल्ली और उससे सटे हाई-टेक शहर नोएडा में पिछले कुछ दिनों में हुई दो घटनाओं ने विकास की चमक के पीछे छिपे मौत के अंधेरे को उजागर कर दिया है। नोएडा में एक होनहार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जलभराव वाले गड्ढे में डूबने से मौत हो गई, तो वहीं दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदे गए एक खुले गड्ढे ने बाइक सवार बैंक कर्मचारी की जान ले ली। जनकपुरी की घटना में ठेकेदार की ओर से सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। ये मौतें महज दुर्घटना नहीं हैं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं। जब कोई हादसा होता है, तो विभाग एक-दूसरे पर दोषारोपण शुरू कर देते हैं, लेकिन कोई यह नहीं बताता कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं किया गया और हर तरफ खुले खूनी गड्ढों में नागरिक कब तक गिरते रहेंगे।

## हर तरफ खूनी गड्ढे



### खुदाई और सुरक्षा के नियम

- निर्धारित मानक : सरकारी विभागों (जैसे जीजेबी, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई) के लिए खुदाई के दौरान सुरक्षा के कड़े नियम भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) द्वारा निर्धारित किए गए हैं।
- कठोर बैरिकेडिंग : नियम के अनुसार, 1.5 मीटर से गहरे गड्ढे के चारों ओर लोहे की चादर या कंक्रीट के अवरोधक होने चाहिए। साधारण प्लास्टिक टेप या रस्सी पर्याप्त नहीं है।
- साइनबोर्ड और रिफ्लेक्टर : कार्यस्थल से कम से कम 50 से 100 मीटर पहले 'काम चल रहा है' के बड़े बोर्ड होने चाहिए। रात के समय रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप और ब्लिंकर लाइट्स अनिवार्य हैं।
- सेफ्टी गार्ड की तैनाती : भीड़भाड़ वाले इलाकों में खुदाई स्थल पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात होना चाहिए जो यातायात को निर्देशित कर सके।

### सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के निर्देश

- सुप्रीम कोर्ट का रुख : उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने स्पष्ट किया है कि सड़कों को गड्ढा मुक्त रखना और सुरक्षा सुनिश्चित करना अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के तहत मौलिक अधिकार है। हाल ही में न्यायालय ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे सड़क सुरक्षा ऑडिट के लिए जवाबदेह तंत्र बनाएं।
- एनजीटी के निर्देश : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रदूषक भुगतान सिद्धांत को विस्तारित करते हुए लापरवाही किए जाने पर भुगतान लागू किया है। यदि गड्ढे से पर्यावरण या जनहानि होती है, तो संबंधित विभाग पर करोड़ों का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### लापरवाही पर क्या है कानून

- बीएनएस धारा 106 (पुराना आईपीसी 304ए) : लापरवाही के कारण मृत्यु। इसमें 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।
- बीएनएस धारा 198/199 : लोक सेवक द्वारा कानून की अवज्ञा करना।
- मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 (धारा 198ए) : यदि सड़क के दोषपूर्ण डिजाइन या रखरखाव के कारण दुर्घटना होती है, तो संबंधित प्राधिकरण/ठेकेदार पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### यहां करें शिकायत

- संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराएं। बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के लिए कहें। स्पष्ट करें कि दुर्घटना का मुख्य कारण सड़क का गड्ढा या संबंधित विभाग की लापरवाही थी। मृतक के परिवार वाले मुआवजे के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूसी गतिविधियों पर पोलैंड के विमान अलर्ट

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की लंबी दूरी की हवाई गतिविधि का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है। कहा गया है कि जमीनी हवाई रक्षा इकाइयों और रडार टोही प्रणालियों को अलर्ट पर रखा गया था।

### अय्यावास्का पेय के नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला अय्यावास्का पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी रिट्रीट बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में अय्यावास्का पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेज़न बेसिन में मिलने वाली औषधियों का विशेष काढ़ा है।

### सूडान में ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत

**काहिरा।** मध्य सूडान में शनिवार को एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह द्वारा विस्थापित परिवारों को ले जा रहे एक वाहन पर ड्रोन से किए गए हमले में आठ बच्चों सहित 24 लोगों की मौत हो गई। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने बताया कि रैपिड सपोर्ट फोर्सेज द्वारा किया गया यह हमला उत्तरी कोरदोफान प्रांत के राहाद शहर के पास हुआ। वाहन में विस्थापित लोग सवार थे, जो डुबेइकर क्षेत्र में जारी लड़ाई के दौरान भागकर आए थे। मृतकों में दो नवजात शिशु भी शामिल हैं। कई अन्य घायलों को राहाद में इलाज के लिए ले जाया गया।

### अमेरिका में हथियार ट्रांसफर की नई नीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू किया जाए।

# भारत विकास का भरोसेमंद साझेदार

## मलेशिया में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-हाल के ट्रेड डील्स में दिखा यह भाव

- भारतीय समुदाय के स्नेह के लिए प्रधानमंत्री ने जताया आभार

कुआलालंपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है और यह बात ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हाल में हुए व्यापार समझौतों में परिलक्षित होती है। मोदी ने यहां भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय प्रवासी भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं।

विभिन्न देशों के साथ भारत द्वारा किए गए व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हुए हैं और विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है।

मोदी ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं, इसका कारण हमारी भाषाओं और मलय भाषा में बड़ी संख्या में मौजूद समान शब्द ही होंगे। उन्होंने कहा, कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासियों के स्नेह के लिए मैं आभारी हूं। हमारा प्रवासी समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता आ रहा है। मोदी ने कहा कि उन्हें मलेशिया में आकर बहुत खुशी हो रही है, जो 2026 में उनकी पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और मैं उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले से ही दोस्त हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मलेशिया में रहने वाले तमिल प्रवासी विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल, तमिल प्रवासी यहां कई सदियों से रह रहे हैं। इस इतिहास से प्रेरित होकर, हमने मलय विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना की है। अब हम साझा विरासत को मजबूत करने को तिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करेंगे।



प्रवासी भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में एक ही कार से पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम।

### भारतीय नृत्य की प्रस्तुति देकर बनाया रिकॉर्ड

मोदी और अनवर इब्राहिम का कार्यक्रम में जबरदस्त स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इन नर्तकों ने भरतनाट्यम, कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, लावणी और ओडिसी समेत भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। मोदी और इब्राहिम एक ही कार में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मोदी भारत माता की जय और मोदी, मोदी के नारों के बीच मंच पर पहुंचे। यह घोषणा की गई कि भारतीय नृत्य प्रदर्शन में सबसे अधिक कलाकारों के भाग लेने के लिए इस नृत्य प्रदर्शन ने मलेशियाई रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इब्राहिम ने कहा, भारत से एक अच्छे मित्र के मलेशिया में हमारे साथ शामिल होने से मैं उत्साहित हूं। उन्होंने दोनों देशों के बीच प्राचीन संबंधों को याद किया। इब्राहिम ने कहा कि भारत, मलेशिया के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है।

### पीएम मोदी का किया गया भव्य स्वागत

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। मलेशिया के मानव संसाधन मंत्री रामानन रामकृष्णन और उप विदेश मंत्री लुकानिस्मान बिन अवांग सौनी ने इब्राहिम के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने पारंपरिक संगीत और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं। मोदी ने एक्स पर कहा, हवाई अड्डे पर मेरे मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम द्वारा किए गए हार्दिक स्वागत से मैं बहुत अभिभूत हूं। मुझे हमारी वार्ता का इंतजार है और भारत और मलेशिया के बीच दोस्ती के बंधन को और मजबूत करने की उम्मीद है। मोदी रविवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

# ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है।

इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये सभी कारक अमेरिकी सुरक्षा, उनके सहयोगियों और अमेरिकी हितों के लिए खतरा हैं। बयान में आरोप लगाते हुए कहा गया, ईरान पूरे मध्य पूर्व में प्रॉक्सी समूहों और मिलिशिया को समर्थन प्रदान करता है। इनमें वे संगठन भी शामिल हैं जो अमेरिकी सेना, क्षेत्रीय भागीदारों एवं सहयोगियों को सक्रिय रूप से निशाना बनाने में संलिप्त हैं। यह भी कहा कि ईरानी शासन द्वारा संसाधनों का कुप्रबंधन स्पष्ट है। वह अपने बुनियादी ढांचे और नागरिकों की भलाई के बजाय परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को प्राथमिकता देता है।

### ट्रंप ने ईरान से बातचीत को अच्छा बताया



मस्कट। ईरान और अमेरिका ने शुक्रवार को ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता की। यह बातचीत तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा के तरीके को लेकर फिर शुरुआती बिंदु पर लौटती दिखी लेकिन पहली बार अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने शीर्ष सैन्य कमांडर को भी इसमें शामिल किया। ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता के दौरान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख नौसेना एडमिरल ब्रैड कूपर की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और अन्य युद्धपोत अब ईरान के तट के पास अरब सागर में तैनात हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान पर बहुत अच्छी बातचीत हुई है और अगले सप्ताह फिर वार्ता होगी। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परमाणु समझौता नहीं हुआ तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे। ट्रंप ने शुक्रवार देर रात एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसा लगता है कि ईरान यह समझौता करना चाहता है जैसा कि होना चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि ईरान पहले की वार्ताओं से ज्यादा करने को तैयार लग रहा है, हालांकि उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया।

## निजी उपग्रह ने अंतरिक्ष से ली आईएसएस की तस्वीर

- सूर्य के प्रकाश में फोटो ले हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धि

**चेन्नई।** भारत में निर्मित निजी उपग्रह एएफआर ने कक्षा में रहते हुए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की तस्वीर खींचकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अज़िस्ता स्पेस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि करीब 80 किलोग्राम वजनी एएफआर उपग्रह को वर्ष 2023 में प्रक्षेपित किया गया था। इसने लगभग 250 से 300 किलोमीटर की दूरी से सूर्य के प्रकाश में आईएसएस की तस्वीरें लीं। उपग्रह के सेंसर को अत्यंत सटीकता के साथ आईएसएस को ट्रैक करने के लिए निर्देशित किया गया था, जिससे पांच अलग-अलग फ्रेम में उसकी तस्वीरें कैद की गईं। यह प्रयास दो स्वतंत्र चरणों में किया गया और दोनों में 100 प्रतिशत सफलता मिली। इस प्रक्रिया से प्राप्त तस्वीरों में लगभग 2.2 मीटर सैंपलिंग रेजोल्यूशन हासिल हुआ, जिससे ट्रैकिंग एल्गोरिदम और इमेजिंग सटीकता का सफल सत्यापन हुआ। एएफआर ऐसा कारनामा करने वाला भारत में निर्मित और संचालित एकमात्र उपग्रह है। एएफआर पहले से ही इमेजरी और रिमोट सेंसिंग के जरिए कई ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है।

## मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक सुनियोजित समुद्री-हवाई समन्वित अभियान के जरिए अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दो दिनी इस अभियान से संघर्षरत क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले भारी मात्रा में तेल और तेल-आधारित कार्गो के अवैध कारोबार में शामिल एक जटिल नेटवर्क ध्वस्त हुआ है। गुरुवार को मुंबई से लगभग 100 समुद्री मील पश्चिम में तटरक्षक बल के जहाजों ने तीन संदिग्ध जहाजों को रोका। टीमों ने जहाजों की तलाशी, बरामद इलेक्ट्रॉनिक डेटा की पुष्टि, दस्तावेजों का सत्यापन और चालक दल से पूछताछ के द्वारा पूरी जानकारी जुटाने और आपराधिक कार्यप्रणाली की पुष्टि कर पाई।

## सूरजकुंड मेले में झूला टूटा इंस्पेक्टर की मौत, 11 घायल

- मेले में ड्यूटी पर तैनात थे मथुरा के रहने वाले पुलिस निरीक्षक

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में शनिवार को बिजली से चलने वाला एक बड़ा झूला टूट कर गिरने से ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस निरीक्षक की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। वहीं, इस घटना से लगभग एक घंटे पहले मेला स्थल पर एक अन्य घटना में एक दरवाजा गिरने से बच्चे समेत दो लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, शाम करीब छह बजे करीब 19 लोग झूले पर सवार थे, तभी झूला एक तरफ झुक कर जमीन पर गिर गया। सूचना मिलते ही जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा और पर्यटन विभाग के प्रबंध निदेशक पार्थ गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचे। उपायुक्त सिन्हा ने बताया कि घायलों के इलाज के लिए तुरंत व्यवस्था की गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मृत अधिकारी की पहचान पलवल पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद के रूप में की गई है, जो मेला ड्यूटी पर थे और पुलिस लाइन, पलवल में तैनात थे। प्रसाद मूल रूप से मथुरा के रहने वाले थे और मार्च में सेवानिवृत्त होने वाले थे। पुलिस ने बताया कि झूला बहुत तेज गति से ऊपर-नीचे हो रहा था, तभी अचानक उसका एक सिरा टूट गया।

## यूक्रेन-रूस समझौते को जून तक दी समय सीमा

- अमेरिका ने युद्ध की समाप्ति के लिए बनाया दबाव

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंचने के वास्ते जून की समय सीमा दी है। जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि यदि जून की समयसीमा पूरी नहीं होती है, तो ट्रंप प्रशासन संभवतः दोनों पक्षों पर इसे पूरा करने के लिए दबाव बनाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध समाप्त करने का प्रस्ताव दे रहा है और संभवतः इसी कार्यक्रम के अनुसार सभी पक्षों पर दबाव डालेगा। जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप कहते हैं कि वे जून तक सबकुछ ककरना चाहते हैं। वे युद्ध समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। वे सभी घटनाओं का एक स्पष्ट विवरण चाहते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका ने अगले सप्ताह त्रिपक्षीय वार्ता का अगला दौर पहली बार अपने देश में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है, जो संभवतः मियामी में होगा। उन्होंने कहा कि हमने अपनी भागीदारी की पुष्टि की। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने अमेरिका को 12 हजार अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक प्रस्ताव पेश किया है, जिसे उन्होंने रूसी दूत किरिल दिमित्रीव के नाम पर दिमित्रीव पैकेज नाम दिया है।

## भारतीय छात्र ने लंदन में शुरू की थॉमस टूर सेवा

**लंदन।** लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) से हाल ही में मैक्रो-इकोनॉमिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले केरल के एक छात्र ने रोजी-रोटी कमाने और ब्रिटेन में नौकरी की तलाश में जुटे स्नातकों का मनोबल बढ़ाने के लिए थॉमस टूर्स नाम की अनूठी टूर गाइड सेवा शुरू की है। तिरुवल्ला के मल्लापल्ली गांव के जेम थॉमस मैथ्यू (23) ने अपने दादा के नाम पर थॉमस टूर सेवा शुरू की है, जो उन्हीं की तरह नौकरी की तलाश में जुटे युवाओं को अंशकालिक आधार पर रोजगार हासिल करने का मौका देती है। थॉमस टूर के तहत जेम ने ऐसे यात्रा पैकेज तैयार किए हैं, जो आगंतुकों को कम खर्च में लंदन के विभिन्न स्थलों का दौरा करने का अवसर प्रदान करेंगे।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 9 फरवरी 05 .01 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 9 फरवरी 05 .02 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** आज आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। आपके सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा।

**वृष** आज आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। एक साथ अनेक काम संभालने पड़ेंगे। विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** आज अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। मित्रों को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ठ और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण काम न छोड़ें।

**कर्क** आज अपशब्दों का बिल्कुल प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको काफी परेशान कर सकते हैं।

**सिंह** आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**कन्या** आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निभा सकते हैं। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** आज पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम सिद्ध होगा।

**वृश्चिक** आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है।

**धनु** आज आर्थिक मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके खर्चों में कमी आएगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। विवादित मामलों में विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**मकर** आज रुचिपूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**कुंभ** आज बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ाएं। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**मीन** आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |



"चैंपियंस! इस युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व है। कोच और सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी। इस पल का आनंद लें! जब आपके पास एक सूर्यवंशी हो, तो एक टाइमलेस ब्लॉकबस्टर की उम्मीद होती है! शाबाश, वैभव!

–सचिन तेंदुलकर

# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 8 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| अफगानिस्तान–इंग्लैंड | सुबह 11 बजे |
| इंग्लैंड–नेपाल | दोपहर 3 बजे |
| श्रीलंका–आयरलैंड | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट



अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और आईसीसी के चेयरमैन जयशाह। एजेंसी

## अमेरिकी राजदूत रहे स्टेडियम में मौजूद

**मुंबई।** भारत के अमेरिका के राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर शनिवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में भारत और अमेरिका के बीच टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान मौजूद रहे। गोर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अध्यक्ष जय शाह के साथ मुकाबले से पहले आयोजित शानदार उद्घाटन समारोह और आतिशबाजी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर भारत के पूर्व कप्तान और इस टी20 विश्व कप के इस सत्र के ब्रांड दूत रोहित शर्मा भी मौजूद थे। गोर ने इससे पहले 'एक्स' पर लिखा टी20 विश्व कप मैच के लिए मुंबई पहुंचा हूं। अमेरिका की टीम के लिए बड़ा दिन। अमेरिका की टीम को शुभकामनाएं।

## अधिक टीमों का खेलना अच्छा है : राशिद

**चेन्नई।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टी20 विश्व कप के मौजूदा चरण से 20 टीम के विस्तार का स्वागत करते हुए शनिवार को कहा कि इससे और अधिक देशों के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। आईसीसी टी20 विश्व कप का 2026 चरण टीम की संख्या के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर राशिद ने कहा विश्व कप में ज्यादा टीम का होना हमेशा अच्छा है। इससे कई देश इसमें शामिल होगें और आपको बहुत नयी प्रतिभाएं देखने को मिलेंगी। अलग–अलग टीमें आती हैं। मुझे लगता है कि इसी तरह विश्व कप और बड़ा बनता जाता है।

## इलावेनिल को एयर राइफल में स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन ने दबाव में शानदार संयम दिखाते हुए जापान की मिसाकी नोबाटा की कड़ी चुनौती को पछाड़कर शनिवार को यहां एशियन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में मेघना सज्जनर ने कांस्य पदक हासिल किया। इलावेनिल, आर्या बोर्से और मेघना सज्जनर की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर कर्णी सिंह परिसर में भारत की महिला राइफल निशानेबाजों के लिए दिन को यादगार बना दिया।

# भारत का टी-20 विश्व कप में विजयी आगाज, अमेरिका को 29 रनों से धोया

### कप्तान सूर्यकुमार यादव ने खेली शानदार पारी, मोहम्मद सिराज ने चटकाए तीन विकेट

**मुंबई, एजेंसी**

कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 84) की अर्धशतकीय पारी के बाद मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और अक्षर पेटल के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को टी-20 विश्वकप 2026 के तीसरे मुकाबले में अमेरिका को 29 रनों से हराया।

162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 13 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। ऐंड्रियस गौस (छह) को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। इसके बाद अगले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने कप्तान मोनांक पटेल (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। चौथे ओवर में सिराज ने साई तेजा एम (दो) का शिकार कर लिया। इसके बाद मिलिंद कुमार और संजय कृष्णमूर्ति की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। 12वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने मिलिंद कुमार को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मिलिंद कुमार ने 34 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 34 रन बनाये। 16वें ओवर में अक्षर पटेल ने संजय कृष्णमूर्ति का शिकार किया। संजय कृष्णमूर्ति ने 31 गेंदों में एक चौका और दो छक्के उड़ाते हुए 37 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की अगली ही गेंद पर अक्षर ने हरमित सिंह (शून्य) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। 18वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने मोहम्मद मोहसिन (आठ) को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। मैच की आखिरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने शुभम रांजने (37) को आउट किया। अमेरिका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी और मुकाबला 29 रनों से हार गई। भारत के लिए मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

इससे पहले आज यहां अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अभिषेक शर्मा (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद तिलक वर्मा और इशान किशन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 37 रनों की साझेदारी हुई। छठें ओवर में शैडली वान शाल्कविक ने तीन विकेट झटक कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। इशान किशन (20), तिलक वर्मा (25) और शिवम दुबे (शून्य), हार्दिक पंड्या (पांच) रन पर आउट हुई। 77 रन पर छह विकेट गंवाने पर संकट में फंसी भारतीय टीम को अक्षर पटेल ने सूर्यकुमार यादव के साथ संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 41 रन जोड़े। 17वें ओवर में हरमित सिंह ने अक्षर पटेल (14) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अर्शदीप सिंह (चार) और वरूण चक्रवर्ती (शून्य) पर आउट हुये, हालांकि इस दौरान सूर्यकुमार यादव एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 161 रन का स्कोर बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 84रनों की पारी खेली। अमेरिका के लिए शैडली वान शाल्कविक ने चार विकेट लिये। हरमित सिंह को दो विकेट मिले।

### भारत

**161/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ईशान किशन का मिलिंद बो वान | 20 |
| अभिषेक का कृष्णमूर्ति बो अली | 00 |
| तिलक वर्मा का पटेल बो वान | 25 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 84 |
| शिवम दुबे का नेत्रवलकर बो वान | 00 |
| रिंकू सिंह का मिलिंद बो मोहसिन | 06 |
| हार्दिक का साईतेजा बो हरमीत | 05 |
| अक्षर का मोहसिन बो हरमीत | 14 |
| अर्शदीप सिह का मिलिंद बो वान | 04 |
| वरुण चक्रवर्ती रन आउट | 00 |

गेंदबाजी : सौरभ नेत्रवलकर 4-0-65-0, अली खान 2-0-13-1, शैडली वान शाल्कविक 4-0-25-4, मोहम्मद मोहसिन 4-0-16-1, शुभम रंजने 2-0-16-0, हरमीत सिंह 4-0-26-2

# युवा ब्रिगेड के हर सदस्य ने बखूबी निभाई अपनी भूमिका

**मुंबई, एजेंसी**

### अंडर 19 विश्व कप

- सूर्यवंशी की आक्रामकता, म्हात्रे की दृढ़ता और जॉर्ज के हौसले से टीम ने रचा इतिहास

क्रिकेट के दीवाने देश के नूरे नजर बने वैभव सूर्यवंशी ने अपना सर्वश्रेष्ठ फाइनल के लिये बचा रखा था जबकि कप्तान आयुष म्हात्रे जरूरत के समय संकटमोचक साबित हुए और उनकी युवा ब्रिगेड के हर सदस्य ने अपनी भूमिका बखूबी निभाते हुए इंग्लैंड को सौ रन से हराकर भारत को छठी बार अंडर 19 विश्व कप दिलाया।

आईपीएल में अपनी प्रतिभा की बानगी पहले ही दे चुके चौदह वर्ष के सूर्यवंशी में भारत के महान खिलाड़ियों की लीग में शामिल होने का माद्दा है। मुंबई के एक और बल्लेबाज ने दृढता और आत्मविश्वास की नई कहानी लिखी और वह है कप्तान म्हात्रे जिन्होंने खराब फॉर्म को अलविदा कहकर नॉकआउट में अहम भूमिका निभाई।

वैभव सूर्यवंशी : फाइनल में 80 गेंद में 15 चौकों और 15 छक्कों के साथ 175 रन बनाने वाले सूर्यवंशी की सफलता ने भारतीय क्रिकेट के बेहतरीन ढांचे का भी परिचय दिया है जो युवा प्रतिभाओं को तलाशता और तराशता है। पिछले साल आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बिहार के समस्तीपुर के इस 14 वर्षीय युवक का नाम आज फिर पूरे भारत की जबां पर है।

आयुष म्हात्रे : सेमीफाइनल से पहले छह मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक लगा सके मुंबई के इस खिलाड़ी की आलोचना होने लगी थी। पाकिस्तान के खिलाफ खाता नहीं खोल सके लेकिन 21 रन देकर तीन विकेट लिये और भारत की जीत के सूत्रधार बने।।



वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

### बीसीसीआई ने दिए 7.5 करोड़ रुपये

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की।

आरोन जॉर्ज : हैदराबाद के लिए खेलने वाले केरल के आरोन जॉर्ज को उनकी प्रवाहमय पारियों के लिए जाना जाता है। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 115 रन बनाए।

# शेफर्ड की हैट्रिक से वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को परास्त किया

**कोलकाता, एजेंसी**

शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकीय पारी और रोमारियो शेफर्ड की हैट्रिक सहित पांच विकेट से वेस्टइंडीज ने शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने हेटमायर के 36 गेंद में 64 रन की आक्रामक पारी के दम पर पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 147 रन पर आउट कर दिया।

शेफर्ड ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 20 रन देकर इस प्रारूप में पहली बार पांच विकेट झटके। उन्होंने इस दौरान पांच गेंद के अंदर चार विकेट लिये जिसमें मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन के विकेटों के साथ हैट्रिक पूरी की। यह शेफर्ड की चार महीने में दूसरी टी20 अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी। बांग्लादेश के हटने के बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में भाग लेने की जानकारी केवल दो सप्ताह पहले मिली थी। उसकी गेंदबाजी अनुशासित दिखी लेकिन लक्ष्य का पीछा करते समय उनकी तैयारी की कमी साफ नजर आयी।



पांच विकेट का जश्न मनाते वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड (बीच में)। एजेंसी

वेस्टइंडीज ने इसके साथ ही 2022-23 में इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता किया। टीम को कुछ दिनों पहले नेपाल से भी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में टी20 में यह वेस्टइंडीज की एसोसिएट देश पर पहली जीत है। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंग्टन ने 24 गेंदों में 42 रन की तेज पारी खेली, जबकि टॉम ब्रूस ने 28 गेंदों में 35 रन बनाए। इन दोनों की चौथे विकेट के लिए 47 गेंद में 78 रन की साझेदारी टूटने के बाद लगातार विकेट गिरने के कारण टीम काफी पीछे रह गयी।

जेसन होल्डर बेरिंगटन को धीमी गेंद पर आउट कर 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले वेस्टइंडीज के पहले गेंदबाज बने। हेटमायर ने भी शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए कवर पर जॉर्ज मन्सी एक हाथ से कैच लपका।

## आईसीसी ने पाकिस्तानी बोर्ड से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने से इनकार को सही ठहराने के लिए 'फोर्स मेज्योर (अप्रत्याशित या नियंत्रण से बाहर की स्थिति)' प्रावधान कैसे लागू किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस मामले में सरकार पर जिम्मेदारी डालते हुए खुद को स्थिति से अलग करने की कोशिश की थी।

पीसीबी ने हालांकि आईसीसी से बातचीत शुरू कर दी है जिससे अब उम्मीद की एक किरण नजर आ रही है। आईसीसी के एक निदेशक ने उम्मीद जताई कि 15 फरवरी को होने वाला यह महत्वपूर्ण मुकाबला होगा। उन्होंने कहा बातचीत शुरू हो गई है। आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है जब टीम सरकार के निर्देशों के तहत पूरे टूर्नामेंट में बाकी मैच खेलने को तैयार है, तो सिर्फ एक मुकाबले से हटने का फैसला कैसे जायज ठहराया जा सकता है। पीसीबी ने कुछ दिन पहले आईसीसी को 'फोर्स मेज्योर' प्रावधान लागू करने की मांग की थी।

# अशरफ की पारी से पाकिस्तान ने नीदरलैंड्स को तीन विकेट से हराया

**कोलंबो, एजेंसी**

- 148 रनों के लक्ष्य को अंतिम ओवर में हासिल किया

निचले क्रम के बल्लेबाज फहीम अशरफ के 11 गेंद में 29 रन की मदद से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के पहले मैच में शनिवार को नीदरलैंड को तीन विकेट से हराया। जीत के लिए 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान का स्कोर दस ओवर के बाद दो विकेट पर 90 रन था लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। एक समय 16.1 ओवर में सात विकेट पर स्कोर 114 रन था और उसे जीत के लिये 34 रन की जरूरत थी। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान को 29 रन चाहिए थे। अशरफ ने लोगान वान बीक की गेंद पर तीन छक्के और एक चौका लगाया और आखिरी ओवर में चौका जड़कर मैच तीन गेंद बाकी रहते पाकिस्तान के नाम किया।

इससे पहले ओडाउड ने अशरफ का कैच 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर छोड़ा था जब वह सात रन पर थे। नीदरलैंड को इस कैच के छूटने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। टी20 विश्व कप से पहले मैदान के बाहर की सुर्खियों ने पाकिस्तान की तैयारी को प्रभावित किया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। पाकिस्तान के लिये साहिबजादा फरहान ने 31 गेंद में सर्वाधिक 47 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 13 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। बाबर आजम 18 गेंद में 15 रन ही बना सके। पॉल वान मीकेरेन ने 12वें ओवर में फरहान और उस्मान खान (0) को आउट किया और 13वें ओवर में बाबर भी चले गए। पाकिस्तान का स्कोर इस समय पांच विकेट पर 100 रन था। आखिरी पांच ओवर में पाकिस्तान को 37 रन चाहिये थे लेकिन अनुभवी काइल क्लेन ने 16वें ओवर में मोहम्मद नवाज (छह) को पवेलियन भेजा। आखिरी चार ओवर में पाकिस्तान को 34 रन की जरूरत थी जब शादाब खान भी अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद अशरफ ने टीम को संकट से निकाला। इससे पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई नीदरलैंड टीम ने छठे ओवर में 14 रन निकालकर पावरप्ले के छह ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बना लिये थे लेकिन आखिर में पूरी टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर आउट हो गई।



शॉट लगाते फहीम अशरफ। एजेंसी

# न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ करना होगा बेहतर प्रदर्शन

**चेन्नई, एजेंसी**

उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे सीरीज में 4.1 से हराया।

टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी न्यूजीलैंड को बहुत खली है। ऐसे में कोई कोताही महंगी पड़ सकती है क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। लॉकी फर्ग्युसन ने भारत के खिलाफ एक ही मैच खेला लेकिन उनकी गेंदों में अतिरिक्त रफ्तार और विविधता देखी गई। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ अहम भूमिका निभानी होगी जबकि मिचेल सेंटनेर और लेग स्पिनर ईश सोढी उनका साथ देंगे।



### इंग्लैंड का सामना नेपाल से

**मुंबई।** दो बार की चैम्पियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। टी20 प्रारूप में दमदार टीमों में से एक इंग्लैंड की कमान ब्रूक के हाथ में है लेकिन एशेज दौरे से पहले रात को नाइटक्लब में एक बाउंसर से हुई उनकी झड़प को लेकर लगातार वह सुर्खियों में रहे हैं। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में उनसे उस घटना से जुड़ा सवाल पूछा गया और हरफनमौला विल जैक्स को भी उन सवालों का जवाब देना पड़ा। जैक्स ने कहा मैं उस समय न्यूजीलैंड में नहीं था तो मुझे जानकारी नहीं है।

## खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रीलंका का सामना आयरलैंड से

**कोलंबो।** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। श्रीलंका की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रही है।

इंग्लैंड के खिलाफ दबाव के हालात में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों नहीं चल सके। बारह साल पहले टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा और कागजों पर उसकी टीम मजबूत भी दिख रही है। श्रीलंका को पेचीदा ग्रुप मिला है जिसमें आस्ट्रेलिया भी है।

### डेविस कप क्वालीफायर

### नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबला 1-1 से बराबर रहा

# दक्षिणेश्वर के प्रदर्शन से भारत ने की वापसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत की डेविस कप टीम में अहम खिलाड़ी के रूप में तेजी से उभर रहे दक्षिणेश्वर सुरेश ने शनिवार को यहां क्वालीफायर राउंड एक के मुकाबले में नीदरलैंड के शीर्ष खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग को शिकस्त दी। सुमित नागल की दिन के पहले एकल मुकाबले में हार के बाद दक्षिणेश्वर की 6-4, 7-5 से मिली जीत से भारत शुरुआती दिन मुकाबला 1-1 से बराबर करने में सफल रहा।

विश्व रैंकिंग में 465वें स्थान पर काबिज दक्षिणेश्वर ने विश्व नंबर 88 डी जोंग के खिलाफ जोरदार जीत हासिल डेविस कन में भरोसेमंद खिलाड़ी के तौर पर अपनी साख मजबूत की। उन्होंने पिछले साल स्विट्जरलैंड्स के खिलाफ उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भी जीत दर्ज की थी।





दक्षिणेश्वर सुरेश और सुमित नागल। एजेंसी

नागल के दो घंटे 28 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में गाए डे ओडेन से 0-6, 6-4, 3-6 से हारने के बाद भारत 0-1 से पिछड़ गया था।

भारत को टूर्नामेंट में बनाए रखने का दबाव दक्षिणेश्वर पर था, और उन्होंने डी जोंग के खिलाफ संयमित प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में जोरदार सर्विस की, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने देर से मिले मौके का फायदा उठाते हुए बढ़त बना ली। दक्षिणेश्वर ने दूसरे सेट में भी ऐसा ही संयम दिखाया, शुरुआत में ही एक ब्रेक प्वाइंट बचाया और निर्णायक क्षण में डी जोंग की लड़खड़ाती सर्विस का फायदा उठाकर सेट अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच बहुत कम अंतर था, दोनों खिलाड़ियों ने जोरदार सर्विस की और लंबी रैलियों से परहेज किया।

### नागल ने छूटे मौकों पर अफसोस जताया

**बेंगलुरु।** सुमित नागल ने स्वीकार किया कि निर्णायक सेट में कुछ महत्वपूर्ण गेम गंवाना उनके लिए महंगा साबित हुआ जिससे वह डेविस कप क्वालीफायर के पहले दौर के एकल मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ हार गए। नागल ने हालांकि कहा कि यह हार उनके लिए एक सीखने का अनुभव था क्योंकि वह चोट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। गाए डे ओडेन के खिलाफ पहला सेट 0-6 से हराने के बाद नागल ने दूसरे सेट में वापसी की लेकिन तीसरे सेट में अहम मौकों को भुनाने में नाकाम रहे। उन्होंने कहा मैं तीसरे सेट से थोड़ा निराश हूं, खासकर 1-0 और फिर 4-3 के आसपास के गेम से। मुझे लगता है कि वही दो गेम मैच का फैसला कर गए।